3 | राजधानी
केजरीवाल ने ईडी हिरासत से दिया निर्देश

6 | अभिमत
तीसरे विश्व युद्ध की आशंका

11 | विदेश
गाजा में युद्ध विराम के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव

12 | स्पोर्ट्स
चेन्नई सुपर किंग्स की दूसरी की जीत

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 139
नई दिल्ली, बुधवार, 27 मार्च, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



प्रत्येक महिला सम्मान की हकदार है

राष्ट्रीय-10

# आंदोलनों से फूला मध्य दिल्ली का दम

**संजय राय।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन निदेशालय** द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ मंगलवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए हैं। आप कार्यकर्ताओं ने पार्टी प्रमुख केजरीवाल को ईडी की हिरासत से रिहा करने की मांग करते हुए पटेल चौक से लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री निवास की ओर कूच करने की कोशिश की तो उन्हें हिरासत में ले लिया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने पीएम आवास के निकट लोक कल्याण मेट्रो स्टेशन से प्रवेश और निकास बंद दिया। वहीं भाजपा ने सीएम केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली गेट से मार्च करते हुए दिल्ली सचिवालय की ओर बढ़े तो पुलिस ने आईटीओं के पास पानी की तेज बौछारें फेंककर उन्हें खदेड़ दिया। कुछ प्रदर्शनकारी आगे बढ़ने की कोशिश किए तो उन्हें हिरासत में ले लिया गया। दोनों पार्टियों के विरोध-प्रदर्शन के चलते पुलिस ने प्रधानमंत्री आवास के आसपास के इलाके समेत राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में पुलिस ने अपने कर्मियों के साथ-साथ अर्धसैनिक बलों को भी तैनात कर दिया। इस दौरान मध्य और नई दिल्ली इलाकों में कुछ देर के लिए यातायात जाम हो गया। ( शेष पेज 9 )

## आप ने केजरीवाल की रिहाई मांग की, भाजपा बोली दें इस्तीफा



पटेल चौक मेट्रो स्टेशन के पास आप कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेती पुलिस



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के त्यागपत्र की मांग को लेकर प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता

## अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका ने की टिप्पणी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जर्मनी के** बाद, संयुक्त राज्य अमेरिका सरकार ने मंगलवार को कहा कि वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर करीब से नजर रख रहे हैं और निष्पक्ष, पारदर्शी और त्वरित कानूनी प्रक्रिया का समर्थन करते हैं। समाचार एजेंसियों ने अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता के हवाले से कहा, हम मुख्यमंत्री केजरीवाल के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और समय पर कानूनी प्रक्रिया को प्रोत्साहित करते हैं। इससे पहले जर्मनी की सरकार ने भी केजरीवाल की गिरफ्तारी मामले में टिप्?पणी की थी जिसका भारत ने करारा जवाब दिया था। भारत ने जर्मनी के दूतावास के उप प्रमुख को तलब करके उन्हें जमकर सुनाया था।




इस पूरे मामले को लेकर देशभर में राजनीति गरम है और अमेरिका की टिप्?पणी पर विवाद बढ़ सकता है। इससे पहले सीएए को लेकर भी अमेरिका ने भारत को ज्ञान दिया था और कहा था कि इस मामले में उसकी करीबी नजर है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अमेरिका ने हाल के दिनों में ऐसे कई बयान दिए हैं जो भारत को ( शेष पेज 9 )

## के. कविता को 9 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली की एक** अदालत के आदेश के बाद भारत राष्ट्र समिति की नेता के. कविता को तिहाड़ जेल ले जाया गया। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय की उस याचिका पर उन्हें नौ अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया था जिसमें संघीय जांच एजेंसी ने कहा था कि यदि अति प्रभावशाली कविता को रिहा किया गया तो उनके द्वारा गवाहों को प्रभावित करने के अलावा सबूतों से छेड़छाड़ किए जाने की आशंका है। जांच एजेंसी ने कविता को 15 मार्च को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था। वह 10 दिन तक ईडी की हिरासत में रहीं। एक अधिकारी ने कहा, कविता को शाम को जेल के वाहन में बिठाकर राउज एवेन्यू अदालत से तिहाड़ जेल ले जाया गया। चिकित्सकीय जांच के बाद उन्हें जेल नंबर छह में रखा गया है। अदालत के आदेश के अनुसार, उन्हें घर का बना खाना, गद्दा, चप्पल, कपड़े, बेडशीट, कंबल, किताबें, कलम, कागज, पहनने के आभूषण और दवाएं रखने की अनुमति है। कविता ने अदालत से घर का बना खाना खाने का अनुरोध किया था क्योंकि वह कुछ बीमारियों से पीड़ित हैं। अदालत ने उनके अनुरोध को मंजूर कर लिया।



## पंजाब में अकेले मैदान में उतरेगी भाजपा

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**भाजपा ने** मंगलवार को घोषणा की कि वह पंजाब में अकेले दम में लोकसभा चुनाव में लड़ेगी। इससे पहले भाजपा और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के साथ कई दौर की वार्ता के बाद सकारात्मक संकेत नहीं मिलने के बाद यह फैसला सामने आया है। भाजपा के अकेले चुनाव लड़ने के फैसले के साथ, सीमावर्ती राज्य में आम चुनाव में चतुष्कोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। ओडिशा में नवीन पटनायक के नेतृत्व वाले बीजद और भाजपा के बीच कई दौर की वार्ता के बावजूद गठबंधन नहीं होने पर दोनों दलों ने ओडिशा में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा करने के बाद पंजाब नवीनतम राज्य है। ज्ञात रहे कि बीजद ने पिछले महीने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की राज्यसभा उम्मीदवारी का समर्थन किया था। शिअद और बीजेछी दोनों ही बीजेपी के स्वाभाविक सहयोगी थे, जब तक कि शिअद ने विवादास्पद कृषि कानूनों के बाद एनडीए से नाता नहीं तोड़ लिया, जो कि अब निरस्त हो गया है।

शिअद का नवीनतम निर्णय स्वर्गीय प्रकाश सिंह बादल की 1996 से 2020 तक भाजपा को 'बिना शर्त समर्थन' की 24 साल की नीति से एक बड़ा बदलाव है। दोनों दलों ने 1996 में गठबंधन बनाया था और एक साथ चुनाव लड़ रहे थे। 2019 में, उन्होंने पंजाब में दो-दो लोकसभा सीटें जीतीं। 1998 के बाद यह पहला लोकसभा चुनाव होगा जिसमें भाजपा और अकाली दल अकेले चुनाव लड़ेंगे। पहले विधानसभा चुनाव में वे अलग-अलग लड़े, ( शेष पेज 9 )

पायनियर लोक सभा 2024 रिपोर्ट

## जेपी नड्डा की पत्नी की चोरी हुई कार का पता लगाने की कोशिश तेज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से जुड़ी फॉर्च्युनर 19 मार्च को दक्षिण पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके से चोरी हो गई। यह घटना उस समय हुई जब गाड़ी को सर्विसिंग के लिए ले जाया गया था। पुलिस ने चोरी गई गाड़ी का पता लगाने के लिए अभियान तेज कर दिया है। जिस फॉर्च्युनर की बात हो रही है वह नड्डा की पत्नी मल्लिका नड्डा की थी। रिपोर्ट के मुताबिक, फॉर्च्युनर को उसके ड्राइवर जोगिंदर सर्विसिंग के बाद गोविनपुरी लाया था। घटना दोपहर 3 से 4 बजे के बीच की है जब ड्राइवर जोगिंदर अपने घर पर रुका था। अधिकारियों के मुताबिक, घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज बरामद हुई है, जिसमें पता चला है कि चोरी की गई कार गुरुग्राम की ओर जा रही थी। हालांकि अभी तक उसका पता नहीं चल सका है. चोरी हुई गाड़ी पर हिमाचल प्रदेश का रजिस्ट्रेशन नंबर एच पी-03-डी-0021 था। ड्राइवर जोगिंदर की शिकायत के आधार पर घटना की एफआईआर दर्ज की गई। सात सीटों वाली टोयोटा फॉर्च्युनर लोकप्रिय स्पोर्ट यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) है। अनुमान के मुताबिक इस शानदार मॉडल की कीमत 33 लाख से 51 लाख रुपये के बीच है।



चोरी हुई कार मल्लिका नड्डा की है, जो 2001 में भारतीय ट्रस्ट अधिनियम 1882 के तहत पंजीकृत एक राष्ट्रीय खेल महासंघ 'स्पेशल ओलंपिक भारत' की प्रमुख हैं। यह युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त, संगठन खेलों के बौद्धिक विकलांगता वाले व्यक्ति के विकास के लिए काम करता है। इससे पहले हाई प्रोफाइल व्यक्तियों और नेताओं से जुड़े मामलों को दिल्ली पुलिस ने तेजी से सुलझाया है। ( शेष पेज 9 )

## खूबसूरत बाघों की असमय मौत जारी

- इस साल कुल बाघों की मौत की संख्या बढ़कर 39 हो गई है

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**मध्य प्रदेश के** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाल ही में दो बाघ शावकों के शव मिलने और उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी वन प्रभाग में एक बाघिन का शव मिलने के साथ ही इस साल कुल बाघों की मौत की संख्या बढ़कर 39 हो गई है, जबकि साल का तीसरा महीना अभी जारी है। हर दूसरे दिन लगभग एक बाघ की मौत का कारण इन राजसी जानवरों के समक्ष बहुमुखी खतरों को रेखांकित करता है। इन बाघों के बीच विशेष रूप से क्षेत्रीय लड़ाई को देखते हुए, इनमें से अधिकांश यानी 22 बाघ अभयारण्यों के भीतर हुईं, जबकि 17 गैर-संरक्षित क्षेत्रों से रिपोर्ट की गईं।

मध्य प्रदेश के उप-विभागीय वन अधिकारी फतेह सिंह निनामा ने कहा कि शावकों के शव, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा और खितोली रेंज के भीतर अलग-अलग स्थानों पर पाए गए, दोनों की उम्र एक वर्ष से कम है। उन्होंने कहा कि जहां एक शावक की मौत क्षेत्रीय लड़ाई के कारण हुई, वहीं एक अन्य युवा बाघ की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है, जिसका शव बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के खितौली रेंज में गढ़पुरी गांव के पास पाया गया था, इस वर्ष आज तक बाघिनों ने अपने पांच शावकों को खो चुकी हैं। राज्य में कान्हा



टाइगर रिजर्व में तीन बाघों की मौत दर्ज की गई है। कुल मिलाकर, शीर्ष बाघ राज्य यानी मध्य प्रदेश ने 26 मार्च, 2024 तक अब तक 12 बड़ी शाही बिल्लियों को खो दिया है। उत्तर प्रदेश के दक्षिण खीरी वन प्रभाग में एक अलग घटना में, एक बाघिन मृत मिली।


दक्षिण खीरी वन प्रभाग के प्रभागीय अधिकारी संजय बिस्वाल ने बताया कि बाघिन सोमवार को मृत पाई गई, उसके सभी महत्वपूर्ण अंग सुरक्षित थे, जिससे शिकारियों की कोई संलिप्तता नहीं है। आंकड़ों से पता चलता है कि शाही शिकारी न केवल गैर-संरक्षित क्षेत्रों में बल्कि रिजर्व के अंदर भी असुरक्षित हैं, यह देखते हुए कि बाघ रिजर्व के बाहर कई मौतें हुई हैं। मध्य प्रदेश में सबसे अधिक 12 बाघों की मौत हुई, इसके बाद महाराष्ट्र में सात मौतें हुईं, जबकि कर्नाटक में पांच बाघों की मौत हुई। पिछले साल, एनटीसीए के आंकड़ों के अनुसार कुल 181 राजसी बिल्लियों की मौत हो गई थी, जबकि गैर-लाभकारी संस्था, वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन सोसाइटी ऑफ इंडिया (डब्ल्यूपीएसआई) द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, भारत ने 1 जनवरी से 25 दिसंबर, 2023 तक रिकॉर्ड 204 बाघ खो दिया है।

## भाजपा की लिस्ट में वरुण गांधी का नाम न होने से अटकलें तेज

**विश्वजीत बनर्जी।** लखनऊ

**भाजपा ने** रविवार को उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी कर दी है। इस सूची में सबसे चौंकाने वाला निर्णय फायर ब्रांड नेता वरुण गांधी का पीलीभीत सीट से टिकट कटना था। उनका टिकट कटने से अटकलों को हवा दे दी है। खासकर पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र में। यह सांसद और पार्टी नेतृत्व के बीच खराब रिश्ते का संकेत देता है। चर्चा है कि वरुण लंबे समय से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को लेकर मुखर रहे हैं। वरुण गांधी की मुखर आलोचना ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में असहज पैदा कर दी है, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें चुनावी मैदान से बाहर कर दिया गया है।

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के इस फैसले के बाद नई चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। वरुण गांधी किसी ओर पार्टी में जाएंगे। अब कयास लगाए जा रहे हैं वरुण साइकिल की सवारी करेंगे या फिर एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में ताल ठोंकेंगे। गांदी के इस कदम से उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत का परचम फराने की भाजपा की आकांक्षाओं को बाधित कर सकता है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी उन्हें सबसे पुरानी पार्टी में शामिल होने का निमंत्रण दिया। चौधरी ने वरुण को दबंग नेता बताया और कहा कि वह एक साफ छवि वाले



बुद्धिमान व्यक्ति हैं। वह एक दबंग नेता और ज्यादा पढ़े-लिखे इंसान है। उनकी साफ-सुथरी छवि है। वरुण गांधी का गांधी परिवार से रिश्ता है। यही कारण है कि भाजपा ने उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए टिकट देने से इनकार कर दिया। चौधरी ने कहा कि उन्हें लगता है कि वरुण को कांग्रेस में शामिल होंगे तो बहुत खुशी होगी।

वरुण और कांग्रेस नेता राहुल गांधी चचेरे भाई हैं। पीलीभीत से दो बार लोकसभा सांसद रहे वरुण अक्सर केंद्र और उत्तर प्रदेश में अपनी पार्टी की सरकारों के बारे में तिखी आलोचना करते रहे हैं। हालांकि, भाजपा ने उनकी मां मेनका गांधी को सुल्तानपुर से दोबारा उम्मीदवार बनाया है। उत्तर प्रदेश में 2024 के लोकसभा चुनाव में पीलीभीत संसदीय क्षेत्र से पार्टी ने जितिन प्रसाद के नाम पर मुहर लगा दी। इसके साथ ही जिले में चुनावी हलचल तेज हो गई है। अपनी स्पष्ट राय के लिए चर्चा में रहने वाले गांधी मोदी सरकार की कृषि नीतियों, सेवानिवृत्ति योजनाओं और रोजगार कार्यक्रमों सहित कई प्रमुख योजनाओं के धुर विरोधी रहे हैं। उनका असहमतिपूर्ण रुख विपक्षी दलों के साथ प्रतिध्वनित हुआ है, जिससे विवादास्पद मुद्दों पर चर्चा बढ़ रही है और राजनीतिक चर्चा में जोश आ गया है।

एसपी द्वारा गांधी को एक सीट की पेशकश ने सामने आ रही कहानी में एक दिलचस्प आयाम जोड़ दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और राष्ट्रीय महासचिव राम गोपाल यादव सहित पार्टी नेताओं ने संकेत दिया है कि यदि भाजपा उन्हें टिकट देने में विफल रहती है तो उन्हें सपा में शामिल किया जा सकता है। हालाँकि, भाजपा के साथ उनके लंबे समय से जुड़ाव और वैचारिक तालमेल को देखते हुए, इस प्रस्ताव पर गांधी की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आने से अनिश्चितता बनी हुई है।

अखिलेश यादव की एक टिप्पणी, जो गांधी के लिए सपा की खुले दरवाजे की नीति का संकेत देती है, राजनीतिक निष्ठाओं के पुनर्गठन की संभावना को रेखांकित करती है। इस बीच, भगवत सरन गंगवार को पीलीभीत के लिए सपा के आधिकारिक उम्मीदवार के रूप में घोषित किया गया है, हालांकि उन्होंने गांधी के मैदान में ( शेष पेज 9 )

## बीजिंग को पीछे छोड़कर अपनी मुंबई बनी अरबपतियों का गढ़

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**वैश्विक अमीरों** की सूची 2024 के अनुसार, भारत के वित्तीय केंद्र मुंबई ने पहली बार बीजिंग को पीछे छोड़ते हुए 'एशिया के अरबपतियों की सूची' में लंबी छलांग भरी है। सूची के अनुसार, मुंबई में अब 92 अरबपति हैं, जो बीजिंग की 91 की गिनती को पीछे छोड़ दिया है। मुंबई ने अरबपतियों के क्लब में 26 नए धनकुबेर जोड़े, जबकि बीजिंग ने 18 गंवाए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अरबपतियों की राजधानी है, इस साल इसमें 26 अरबपति शामिल हुए और यह दुनिया में तीसरे और एशिया की अरबपतियों की राजधानी में पहुंच गई। नई दिल्ली पहली बार शीर्ष 10 में शामिल हुई। नई वैश्विक सूची के अनुसार, भारत 271 अरबपतियों के साथ दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में तीसरे स्थान पर है, जिसमें कहा गया है कि मुंबई एशिया की अरबपति राजधानी के रूप में उभरा है, रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी इस सूची में प्रमुख स्थान पर हैं।

हुरुन की सूची के अनुसार, विश्व स्तर पर, मुंबई अब अरबपतियों के मामले में न्यूयॉर्क के बाद तीसरे स्थान पर है, जिसकी संख्या 119 और लंदन की 97 है। रिपोर्ट में जिन उद्योगों को भारत की वृद्धि के लिए जिम्मेदार ठहराया गया



उनमें फार्मास्यूटिकल्स (39) और ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट्स (27) शामिल हैं। सूची के अनुसार, आज की तारीख में दुनिया में 3,279 अरबपति हैं, जिनमें से 167 पिछले वर्ष में शामिल हुए थे। संयुक्त राज्य अमेरिका ने 109 अरबपति जोड़े और कुल 800 अरबपतियों के साथ अपनी बढ़त बरकरार रखी, जबकि चीन ने 155 अरबपतियों की गिरावट के बावजूद 814 अरबपतियों के साथ दुनिया के नेता के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा।

इस बीच, भारत ने अपनी अरबपतियों की आबादी में उल्लेखनीय वृद्धि देखी, 271 अरबपतियों के साथ विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर, 84 व्यक्तियों की वृद्धि हुई, जो संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद दूसरी सबसे बड़ी वृद्धि है। 2024 हुरुन ग्लोबल अमीरों की सूची, भारत के भविष्य के आर्थिक दिग्गज के रूप में उभरने को रेखांकित करती है, जो दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए तैयार है। संयुक्त राज्य अमेरिका को छोड़कर अन्य सभी को पीछे छोड़ते हुए, भारत में अरबपतियों की अभूतपूर्व वृद्धि ने मुंबई को बीजिंग से आगे कर दिया है और इसे एशिया के अरबपतियों के केंद्र के रूप में ताज पहनाया है। फिर भी, जैसा कि हम इलेक्ट्रिक वाहनों, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और एआई में क्रांति के कगार पर खड़े हैं, भारत का स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र अभी अपनी क्षमता का खुलासा करना शुरू कर रहा है। हुरुन इंडिया के संस्थापक और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद ने कहा, अगले दशक में एक स्पष्ट संदेश है भारतीय कथा को नजरअंदाज करना जोखिम भरा हो सकता है कोई भी दूरदर्शी बर्दाश्त नहीं कर सकता। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन के लिए यह साल ख़राब साल रहा, एचके 20 फीसदी नीचे, शेनझेन 19 फीसदी नीचे और शंघाई 7 फीसदी नीचे रहा। अरबपतियों की अधिकतम संख्या वाले अन्य देश यूके, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, रूस, इटली, फ्रांस और ब्राज़ील हैं।

# केजरीवाल ने ईडी हिरासत से दिया निर्देश मोहल्ला क्लीनिक में न हो दवाओं की कमी

● स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, बुधवार को विधानसभा सत्र बुलाया


सौरभ भारद्वाज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी के मोहल्ला क्लीनिक और अस्पतालों में दवाओं और जांच की सुविधा की कमी को दूर करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत से निर्देश जारी किए हैं। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। यह ईडी की हिरासत से केजरीवाल द्वारा जारी किया गया दूसरा निर्देश है।

बाद में दिन में भारद्वाज ने कहा कि बुधवार को दिल्ली विधानसभा का सत्र आहूत किया गया है। भारद्वाज ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, कल दिल्ली विधानसभा का सत्र है। मुख्य सचिव को आदेश दिया है कि अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिक में मुफ्त दवाइयों और मुफ्त जांच की स्थिति बताएं और यदि कोई कमी हो तो उसको ठीक करने का पूरी योजना लेकर आएं ताकि मैं विधानसभा को सूचित कर सकूं।

मुख्यमंत्री के आदेश का विवरण साझा करते हुए भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली में स्वास्थ्य सेवा हमेशा केजरीवाल की प्राथमिकता रही है।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल का मानना है कि भले ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन दिल्ली के लोगों को सरकारी अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिक में मुफ्त जांच और दवाएं लेने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। भारद्वाज ने कहा, भले ही वह हिरासत में हैं, लेकिन उन्हें दिल्ली के लोगों के स्वास्थ्य की चिंता है। उन्हें जानकारी मिली है कि कई मोहल्ला क्लीनिक और अस्पतालों में दवाएं और मुफ्त जांच परीक्षण उपलब्ध नहीं हैं। मुख्यमंत्री को यह जानकर दुख हुआ है। भारद्वाज ने कहा, उन्होंने मुद्दों के समाधान के लिए मुझे निर्देश जारी किया है।

स्वास्थ्य विभाग मुद्दों के समाधान के लिए तुरंत कार्वाई करेगा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को इसकी चिंता है कि किसी गरीब मरीज को इसकी वजह से परेशानी न हो। उन्होंने कहा, दिल्ली में, लाखों लोग पूरी तरह से सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवाओं पर निर्भर हैं क्योंकि वे उन्हें खरीद नहीं सकते। कुछ लोगों को जीवन भर दवाओं की आवश्यकता होती है जैसे कि मधुमेह और रक्तचाप से पीड़ित लोगों को। कुछ किडनी रोगी हैं जिन्हें डायलिसिस की आवश्यकता होती है।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली का स्वास्थ्य मंत्री होने के नाते मैं और मेरे विभाग की पूरी टीम मुस्तैदी के साथ इन व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के काम में लग गए हैं और जल्द ही जहां कहीं भी यदि कोई कमी आई है, तो उसको दुरुस्त कर लिया जाएगा ।

उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी की ओर से दिल्ली की जनता को आश्वस्त कर देना चाहता हूं, कि दिल्ली की जनता को स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर किसी भी प्रकार की किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

पिछले सप्ताह आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने दिल्ली के कुछ हिस्सों में पानी और सीवर के मुद्दों के समाधान के लिए जल मंत्री आतिशी को निर्देश दिए थे।

केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति मामले में 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में हैं। सूत्रों ने बताया था कि संघीय एजेंसी यह पता लगाने के लिए जांच करेगी कि क्या गिरफ्तार केजरीवाल के ये निर्देश धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत के उस आदेश के अनुरूप है जो ईडी और केजरीवाल को उनकी हिरासत अवधि के दौरान जारी किया गया। आम आदमी पार्टी के विधायकों, पार्षदों और पदाधिकारियों की बैठक में रविवार को यह फैसला लिया गया कि केजरीवाल जेल से ही सरकार चलाते रहेंगे।

## सीएम के अपने मंत्रियों को दिए सभी निर्देश अवैध हैं : भाजपा


प्रवीण शंकर कपूर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं अधिवक्ता अभय वर्मा और मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा शासन के मुद्दों पर दिल्ली के मंत्रियों को आदेश देने पर दिल्ली सरकार के मंत्रियों को दिल्ली की जनता को गुमराह करना बंद करना चाहिए। बीजेपी नेताओं ने कहा है कि सीएम केजरीवाल कोर्ट द्वारा जांच एजेंसी को दी गई हिरासत में हैं इसलिए कानूनी तौर पर वह संबंधित कोर्ट की अनुमति के बिना नोट या पत्र नहीं लिख सकते हैं। सीएम के पास सरकारी खजाने के खर्च पर वकीलों की एक फौज है और वह उन वकीलों से मंत्रियों को लिखे अपने तथाकथित नोट्स और पत्रों की संवैधानिक वैधता पर स्पष्टीकरण मांग सकते हैं, जो हमारी जानकारी के अनुसार कानून के तहत सभी अवैध हैं। दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख ने कहा है कि मंत्री सौरभ भारद्वाज का यह बयान कि मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में पैथोलॉजिकल परीक्षण सुविधाओं और दवाओं की अनुपलब्धता पर चिंता व्यक्त की है, स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में दिल्ली सरकार की लंबी विफलता की स्व-स्वीकारोक्ति है। आखिरकार ब्रेकडाउन सिर्फ तीन दिनों में नहीं हुआ है, सीएम केजरीवाल द्वारा उल्लेखित सेवा अनुपलब्धता की जानकारी उन्हे काफी लंबे समय से रही होगी, जो स्वास्थ्य सेवाओं की विफलता की ओर इशारा कर रही है।


सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ पटेल चौक मेट्रो स्टेशन के बाहर प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा कर्मी यात्रियों से पूछताछ करते हुए। फोटो: रंजन डिमरी

# महारैली में 'इंडिया' गठबंधन के प्रमुख नेता होंगे शामिल

● गोपाल राय ने कहा, युवाओं, आरडब्ल्यूए, एनजीओ, सामाजिक संगठनों को दिया जा रहा निमंत्रण




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

'आप' के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने मंगलवार को बताया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के समर्थन और लोकतंत्र को बचाने के लिए 31 मार्च को रामलीला मैदान में होने वाली इंडिया गठबंधन की महारैली ऐतिहासिक होगी। इसके लिए तैयारियां तेज कर दी है।

गोपाल राय ने एक प्रेसवार्ता में बताया, दिल्ली छात्र-युवा, आरडब्ल्यूए, एनजीओ, सामाजिक संगठनों को रैली में पहुंचने के लिए निमंत्रण दिया जा रहा है। 27 मार्च को दिल्ली के सभी पोलिंग स्टेशनों पर पदाधिकारी व पार्षद जनता के साथ बैठक करेंगे। इसके अलावा 28 मार्च से 2600 टीमें घर-घर जाकर लोगों को रामलीला मैदान में आने के लिए निमंत्रण देंगी। वहीं, मंत्रियों और विधायकों को ऑब्जर्वर बनाया गया है, जो विधानसभाओं में जाकर महारैली की तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

उन्होंने कहा कि आज अगर तानाशाह सरकार चुने हुए मुख्यमंत्री को उठा सकती है तो कल किसी भी आवाज उठाने वाले को उठा सकती हैं। गोपाल राय ने कहा केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ यह लड़ाई रूकने वाली नहीं है। 31 मार्च को लोकतंत्र को बचाने के लिए रामलीला मैदान में होने वाली महारैली में दिल्ली और देश की जनता तानाशाह सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेगी।

### रैली मील का पत्थर साबित होगी: लवली



*नई दिल्ली।* *दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि देश में संविधान की रक्षा के लिए आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर 31 मार्च को रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली ऐतिहासिक और मील का पत्थर साबित होगी। रैली की तैयारियों के संबध में अरविन्दर सिंह लवली की अध्यक्षता में जिला अध्यक्ष, जिला आर्ब्जवर और ब्लाक अध्यक्ष की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में हुई।*

## शास्त्री पार्क में युवक की गोली मारकर हत्या

● पूर्व पत्नी के प्रेमी ने दिया वारदात को अंजाम



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

शास्त्री पार्क इलाके में एक विवाद के चलते युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि चांदनी चौक में कपड़े की एक दुकान पर काम करने वाले मुस्तकीम को तीन गोली मार दी गई।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी यासीन (24) ने कम से कम तीन गोलियां चलाईं। पुलिस ने बताया कि सोमवार की रात मुस्तकीम और उसका दोस्त सोहेल इशरत नामक महिला के घर गए, जो सोहेल पूर्व पत्नी है और एक बार में काम करती है। वहां उनकी मुलाकात यासीन से हुई, जिससे इशरत शादी करना चाहती थी। इशरत के घर पर मुस्तकीम और सोहेल का यासीन से विवाद हो गया। उन्होंने बताया कि बहस के दौरान यासीन ने मुस्तकीम को गोली मार दी।

जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि मंगलवार रात एक बजकर एक मिनट पर ई-11, ए/37, बुलंद मस्जिद, शास्त्री पार्क के बाहर युवक को गोली मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। युवक के सीने में गोली लगी थी। जिसको तुरंत नजदीक के जगप्रवेश अस्पताल में शिफ्ट किया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को जीटीबी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। डीसीपी ने कहा कि यासीन फरार है और उसे गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, सोहेल और इशरत का पिछले साल नवंबर में तलाक हो गया था।

सोहेल ने पुलिस को बताया मुस्तकीम परिवार के साथ शास्त्री पार्क इलाके में ही रहता था। चार साल पहले उसने इशरत नामक युवती से शादी की थी। उनके डेढ साल की बेटी भी है। पिछले साल नवंबर महीने में पारिवारिक वजह से तलाक हो गया था। इशरत कौशांबी गाजियाबाद के एक बार में बारगर्ल के रूप में नौकरी करती है। जब उसको पता चला था कि वह यासीन नामक लड़की से शादी करना चाहती थी तो बीती रात मुस्तकीन के साथ उससे मिलने गया था। यासीन को उसके मिलना पसंद नहीं आया था। दोनों में हाथापाई हुई और यासीन ने मुस्तकीन पर तीन राउंड गोली चला दी।

# योजनाएं बंद होने की अफवाहों पर ध्यान न दें : सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● योजना विभाग ने जारी बयान में लोगों से दुष्प्रचार से बचने को कहा



दिल्ली सरकार ने मंगलवार को नागरिकों से अपील की कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से उत्पन्न स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे उपद्रवी तत्वों के दुष्प्रचार से बचें।

योजना विभाग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि दिल्ली में निहित स्वार्थ वाले कुख्यात तत्वों द्वारा अटकलें और अफवाहें फैलाई जा रही हैं कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी और कल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी जाएंगी। इसमें कहा गया, आपराधिक जांच की प्रक्रिया में कानून अपना काम करेगा, वहीं यह स्पष्ट किया जाता है कि योजनाएं और शासन कभी व्यक्ति केंद्रित नहीं होते और पहले की तरह सामान्य तरीके से जारी रहेंगे। आम आदमी पार्टी के सूत्रों ने कहा कि केजरीवाल के निर्देश के बाद बयान जारी किया गया। इसमें कहा गया है कि दिल्ली सरकार द्वारा वर्तमान में दी जाने वाली सभी सार्वजनिक सेवाएं, समाज कल्याण योजनाएं और सब्सिडी निर्बाध रूप से जारी रहेंगी। बयान में लोगों से इस संबंध में किसी भी भय फैलाने वाली और दुर्भावनापूर्ण गलत सूचना से गुमराह नहीं होने के लिए कहा गया है। उसने कहा, दिल्ली के सभी नागरिकों से अपील है कि वे किसी भी अफवाह फैलाने वाले से दूर रहें, जो 21 मार्च, 2024 को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी/रिमांड से उत्पन्न स्थिति का गलत सूचना फैलाकर फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

प्रवर्तन निदेशालय ने अब रद्द की जा चुकी दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन से संबंधित मामले में 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। बयान में योजना सचिव निहारिका राय ने कहा, इस तरह की अफवाहें आम जनता में भय का माहौल बनाती हैं। इसमें कहा गया, स्वीकार्य सब्सिडी, पेंशन, कल्याणकारी लाभ आदि के वितरण में किसी भी प्रकार का व्यवधान नहीं होगा।

## केजरीवाल का महिमा मंडन बंद करें आप मंत्री: बिधूड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का महिमा मंडन करना बंद करे। दिल्ली की जनता पहले से ही पानी, सीवर, प्रदूषण और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से घिरी हुई है क्योंकि आप नेताओं को जनता की नहीं सिर्फ अपनी राजनीति की चिंता है। केजरीवाल को तुरंत अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। बिधूड़ी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता बारी-बारी से यह ड्रामा कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री केजरीवाल के जेल जाने के बाद समस्याएं गंभीर हो रही हैं और वह जेल में रहते हुए निर्देश जारी कर रहे हैं। पहले मंत्री आतिशी ने केजरीवान का महिमा मंडन करते हुए ओर घडियाली आंसू बहाते हुए कहा था कि दिल्ली में पानी और सीवर की समस्या गंभीर है और केजरीवाल को इसकी चिंता है। अब सौरभ भारद्वाज ने स्वीकार कर लिया है कि दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिकों में दवाइयां नहीं मिल रहीं और मुफ्त टेस्ट नहीं हो रहे।

## कैंसर मुक्त भारत अभियान के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कैंसर मुक्त भारत अभियान के अभूतपूर्व पहल के तहत कैंसर रोगियों के लिए एक निःशुल्क सेकेंड ओपिनियन हेल्पलाइन नंबर 9355520202 लॉन्च किया है, जहां मरीजों को देश के जाने माने कैंसर विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क सहायता व मार्गदर्शन प्रदान करेगी।

यह हेल्पलाइन सोमवार से शनिवार तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चालू रहेगी। कैंसर रोगी इस नंबर पर कॉल करके ऑन्कोलॉजिस्ट (कैंसर विशेषज्ञ) से बिना किसी शुल्क के सीधे बात कर सकते हैं और कैंसर के इलाज के बारे में चर्चा करने के लिए वीडियो कॉल भी कर सकते हैं।

कैंसर मुक्त भारत का नेतृत्व कर रहे डॉ. आशीष गुप्ता जो 'न्यूयॉर्क ऑन्कोलॉजिस्ट' के नाम से लोकप्रिय हैं, ने कहा कि कैंसर पर जीत हासिल करने के लिए यह सबसे अच्छा कदम होना चाहिए। कैंसर के इलाज के लिए, लागत अधिक हो सकती है और अस्पताल से अस्पताल में भिन्न हो सकती है, इसलिए लागत पर दूसरी राय लेने का एक और महत्वपूर्ण कारण है।

## संक्षिप्त समाचार


भाजपा के संकल्प पत्र के लिए सुझाव मांगी बांसुरी स्वराज।

### बांसुरी ने भाजपा के संकल्प पत्र के लिए मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा द्वारा लोकसभा चुनाव हेतू जनता से सुझाव एकत्रित करने के लिए सुझाव वैन एवं सुझाव पेटिकाएं रोज़ाना दिल्ली के सातों संसदीय क्षेत्रों में चलाई जा रही हैं और आर.डब्लू.ए. एवं व्यपारिक संगठनों के सहयोग से सुझाव लिए जा रहे हैं। बुधवार को दिल्ली भाजपा की चुनाव घोषणापत्र कमेटी की बैठक प्रदेश कार्यालय में घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष जगदीश मुखी की अध्यक्षता में होगी जिसमें प्रदेश एवं जिला घोषणापत्र समितियों के प्रतिनिधि सम्मलित होंगे। नई दिल्लह संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने सरोजिनी नगर मार्किट की एसोसिएशनों के पदाधिकारियों, दुकानदारों एवं खरीदारी कर रहे ग्राहकों से भाजपा के संकल्प पत्र के लिए सुझाव मांगे। बांसुरी स्वराज ने कहा है कि भाजपा अपना हर लक्ष्य जनता की आपेक्षाओं को समझ कर तय करती है और इसीलिए हम अपना संकल्प पत्र को भी जन आपेक्षाओं पर आधारित कर बना कर घोषित करेंगे।

### एसयूवी में लगी आग, कोई घायल नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आजादपुर मंडी इलाके में मंगलवार को फ्लाईओवर पर एक एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) में आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। डीएफएस के अधिकारी ने बताया, हमें कार में आग लगने की सूचना मिली थी। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग के एक वाहन को भेजा गया। आग बुझाने में 20 मिनट का समय लगा।

### ट्रांस रोजगार मेला 227 उम्मीदवारों ने लिया भाग



**नई दिल्ली।** राजधानी में ट्रांस रोजगार मेला 2024 के दूसरे संस्करण में ट्रांसजेंडर समुदाय के 227 से अधिक उम्मीदवारों ने भाग लिया। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डिफेंस, ट्वीट फाउंडेशन और इनहार्मनी के संयोजन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अंकित श्रीवास्तव, अवर सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, डॉ. आर. गिरिराज, उप निदेशक (टी एंड बी) राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान और आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान, वेबसाइट और ट्रांस हेल्थ सेंटर का अनावरण किया गया। ट्वीट फाउंडेशन की सह-सीईओ माया अवस्थी ने मेले के परिवर्तनकारी प्रभाव की जानकारी दी।

# बटर चिकन का अविष्कार किसने किया, दो रेस्त्रा पहुंचे कोर्ट

● रेस्तरां श्रृंखला दरियागंज ने मोती महल मालिकों की टिप्पणी पर जताई आपत्ति






**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

रेस्तरां श्रृंखला दरियागंज ने बटर चिकन की उत्पत्ति को लेकर मोती महल के मालिकों द्वारा एक साक्षात्कार के दौरान की गई कथित अपमानजनक टिप्पणियों के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया है।

मोती महल के मालिक ने यह दावा करते हुए मुकदमा दायर किया था कि उनके पूर्ववर्ती स्वर्गीय कुंदन लाल गुजराल ने बटर चिकन और दाल मखनी का आविष्कार किया था, जबकि दरियागंज दो व्यंजनों की उत्पत्ति पर लोगों को गुमराह कर रहा है। उन्होंने तर्क दिया कि प्रश्न एक संपादकीय परिप्रेक्ष्य में थे और उन्हें इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने मोती महल के मालिकों को निर्देश दिया कि वह एक हलफनामा दाखिल करें जिसमें प्रकाशित लेखों में कथित बयान से खुद को अलग करने के उनके प्रयास की पुष्टि की गई हो।

दरियागंज ने अदालत में दाखिल अपनी अर्जी में लेख में अपमानजनक बयानों के बारे में चिंता जताई जो पहले वॉल स्ट्रीट जर्नल में प्रकाशित हुआ और फिर अन्य वेबसाइटों द्वारा प्रसारित और पुनः मुद्रित किया गया। दरियागंज ने तर्क दिया है कि लेख में प्रकाशित टिप्पणी उसकी रेस्तरां श्रृंखला की प्रतिष्ठा पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। अर्जी में आरोप लगाया गया है कि बयानों ने न केवल उनके व्यवसाय को अपमानित किया, बल्कि मुकदमे पर निष्पक्ष निर्णय को भी पूर्वाग्रहित किया, और इसलिए उन्हें वापस लेने और हटाने के लिए दूसरे पक्ष द्वारा तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। मोती महल के मालिकों ने उनके हवाले से की गई टिप्पणियों से खुद को अलग करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि लेख में व्यक्त किए गए भाव उनके प्रत्यक्ष संवाद या इरादों को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं। न्यायमूर्ति नरूला ने हालिया आदेश में कहा, वादी (मोती महल मालिकों) को एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया जाता है, जिसमें दावे के बारे में विस्तार से बताया गया हो और प्रकाशित लेखों में विवादित बयान से खुद को दूर करने के अपने प्रयास की पुष्टि की गई हो। इसे आज से दो सप्ताह के भीतर दाखिल किया जाए।

कई वर्षों से दोनों रेस्तरां श्रृंखलाएं दावा करती रही हैं कि उन्होंने बटर चिकन और दाल मखनी का इजाद किया है। इस साल की शुरुआत में, मोती महल ने दोनों व्यंजनों का श्रेय लेने और उनसे संबंधित होने का दावा करने के लिए दरियागंज पर मुकदमा दायर किया था। मोती महल के मालिकों ने दरियागंज रेस्तरां के मालिकों को यह दावा करने से रोकने की मांग की कि उनके पूर्ववर्ती स्वर्गीय कुंदन लाल जग्गी इन दो व्यंजनों का इजाद किया था।

## शराब पीकर गाड़ी चलाने पर काटे 800 चालान

**नई दिल्ली।** यातायात पुलिस ने सोमवार को होली के दिन शराब पीकर गाड़ी चलाने की घटनाओं के सिलसिले में 800 से अधिक चालान काटे। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, इस बार काटे गए चालान की संख्या पिछले साल से 47.4 प्रतिशत अधिक है।

आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में इस बार होली के दिन 11 दुर्घटनाएं हुईं जबकि 2023 में यह संख्या 24 थी। पुलिस ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात नियमों के उल्लंघनों, विशेष रूप से नशे में और हेलमेट के बिना गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सक्रिय रूप से कदम उठाए गए हैं। यातायात पुलिस ने प्रमुख जंक्शन और मुख्य मार्गों पर कड़ी जांच के लिए ब्रेथ एनालाइजर से लैस अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया था।

# पुलिस की सक्रियता से होली शांतिपूर्ण संपन्न

●शहर से लेकर गांव तक रंगो में हुआ सराबोर

संवाददाता। संतकबीरनगर



चैत्र रामनवमी के प्रथम दिन होली का पर्व पूरे जनपद में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। हर चौराहो पर पुलिस फोर्स मुस्तैद रही। होलिका दहन रविवार की देर रात शहर के प्रमुख चौराहो पर पूजन अर्चन के साथ सम्पन्न हुआ। इसी क्रम में पुलिस लाईन में पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना कर होलिका-दहन किया गया तथा पुलिस परिवार को होली की शुभकामनाएं दी गयीं।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण व उनके परिजन उपस्थित रहे। रंगो का त्यौहार सब एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले लगाकर बधाई दिये। खलीलाबाद शहर में जगह-जगह सभ्रान्त नागरिकों ने लोगो को बधाई दिया। जिला अस्पताल के इमरजेन्सी कक्ष में डाक्टर की टीम स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मुस्तैद रही। अधिकारियों ने शांतिपूर्ण ढंग से होली पर्व को सम्पन्न कराया। नगर पालिका अध्यक्ष जगत जायसवाल ने नगरवासियों को होली की बधाई देते हुए कहा कि कबीर की धरती पर सौहार्द है और आगे भी कायम रहेगा। नगर पालिका प्रशासन नगरवासियों के सेवा में तत्पर है।

इसी क्रम में नगर पंचायत मगहर अध्यक्षा अनवरी बेगम एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष/प्रतिनिधि नूरूज्जमा अंसारी ने नगर पंचायत के सभी नगरवासियों को होली पर्व पर बधाई देते हुए कहा कि मगहर शांति एवं सौहार्द की धरती है। सभी के सहयोग से कबीर की धरती पर सौहार्द कायम है और आगे भी भाईचारा कायम रहेगा। ई0ओ0 नगर पंचायत मगहर वैभव सिंह ने त्योहार को देखते हुए कस्बा में साफ-सफाई एवं पानी की व्यवस्था में कोई कमी नही रखा। देर शाम समय माता मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। महामूर्ख सम्मेलन का आयोजन समय माता मंदिर पर आयोजित हुआ। जिसके आयोजक शिवकुमार गुप्ता एवं उनकी पत्नी श्रीमती हरजीत कौर उपस्थित रहीं।

फाग गीत के साथ यह कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसमें शहर के सभ्रान्त नागरिक शामिल होकर महामूर्ख सम्मेलन की शोभा को बढ़ाया। खलीलाबाद क्षेत्र के मगहर, बघौली, बड़गो, चुरेब, बखिरा, मैन्सिर, विश्वनाथपुर, नाथनगर, धनघटा, महुली सहित जनपद के तीनों तहसीलों में होली का त्यौहार सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी आवास पर एडीएम जय प्रकाश, सीडीओ संत कुमार, तीनो तहसीलो के उपजिलाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक सहित राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

## सांसद प्रत्याशी खर्च कर सकेंगे 95 लाख रुपये :जिलाधिकारी

गोंडा। निर्धारित धनराशि से अधिक पैसे खर्च कर चुनाव जीतने वाले की अब कुर्सी जा सकती है। वहां दोबारा चुनाव हो सकता है। खर्चों को लेकर आयोग गंभीर है। निगरानी टीमें सक्रिय हो गई हैं। लोकसभा चुनाव में एक उम्मीदवार 95 लाख रुपये तक खर्च कर सकता है। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव में 70 लाख रुपये तक का खर्च निर्धारित था।

इस बार चुनाव आयोग ने इसमे 25 लाख रुपये बढ़ाते हुए 95 लाख रुपये कर दिए हैं। इसके ऊपर खर्च करने वालों पर आयोग की नजर रहेगी। यदि कोई प्रत्याशी निर्धारित धनराशि के ऊपर खर्च कर चुनाव जीतता है तो आयोग चुनाव को निरस्त कर सकता है। अतिरिक्त खर्च साबित होने के बाद वहां दोबारा चुनाव कराने के निर्देश हैं।

# सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले पुलिस कर्मी के घर को चोरों ने बनाया निशाना

संवाददाता। ऊंचाहार, रायबरेली

दूसरों की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले पुलिसकर्मियों के परिवार भी सुरक्षित नहीं रहे। लुटेरे एक के बाद एक पुलिसकर्मियों के घर को निशाना बना रहे हैं। लुटेरों ने पिछले एक साल में जगतपुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में पुलिस कर्मियों के घरों को निशाना बनाते हुए लूट की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी है। घटनाओं का राजफाश न होने से दहशतजदा ग्रामीणों ने होली के पर्व का बहिष्कार कर दिया। समूचे गांव में सन्नाटा पसरा रहा।

ब्लॉक मुख्यालय, प्राथमिक विद्यालय, कंपोजिट विद्यालय, जैसे सरकारी भवनों से हुई चोरियों के अलावा क्षेत्र में अनेक घटनाएं प्रकाश में आईं। इसके बावजूद प्रभावी कार्यवाही न होने से लुटेरों ने पुलिस कर्मियों के घरों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। पिछले साल 16 जून को सुल्तानपुर गांव निवासी पुलिसकर्मी राजन पांडेय के घर से नगदी समेत 67 लाख रुपए की लूट की घटना को अंजाम दिया। कुछ दिनों तक पुलिस ने जांच के नाम पर खाना पूर्ति कर फाइल बंद कर दी। दूसरी घटना रामगढ़ टिकरिया गांव निवासी उपनिरीक्षक केदारनाथ सिंह के घर को निशाना बनाया। यहां से भी अज्ञात लुटेरों ने नगदी समेत 15 लाख कीमत के जेवरात चोरी कर ले गए। घटना के दिन दरोगा उन्नाव जनपद में अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। इस घटना में भी पुलिस कुछ दिनों तक हाथ पर हाथ धरे रही, इसके बाद फाइल को बंद कर दिया।

तीसरी घटना 14 मार्च की रात रोझइया भीखम शाह गांव निवासी शिव अधार त्रिवेदी के घर की है। इनका बेटा अतुल त्रिवेदी भी प्रयागराज में आरक्षी के पद पर तैनात है। चोरों ने इनके परिवार को बंधक बनाते हुए करीब तीन लाख नगदी समेत व 30 लाख कीमत के सोने चांदी के आभूषण लेकर रफूचक्कर हो गए। घटना की रात ही क्षेत्राधिकारी से लेकर अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को 48 घंटे में घंटे में मामले के राजफाश का भरोसा दिलाया था। लेकिन घटना को दस दिन बीत जाने के बावजूद भी अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं। घटना के बाद से ही पीड़ित परिवार समेत गांव में दहशत का माहौल है। गांव निवासी संतोष मिश्र, नीरज त्रिवेदी, पंकज त्रिवेदी, शशांक त्रिवेदी, भोला त्रिवेदी, बसंत लाल बाजपेई आदि ने पुलिस की लचर व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्षेत्र में हो रही लगातार चोरियों के राजफाश के बजाय पुलिस स्थानीय पुलिस फाइलों को बंद करने में अधिक विश्वास रखती है।

# अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई, युवक की हुई मौत

बछरावां, रायबरेली। ओवर ब्रिज के ऊपर बाइक अनियंत्रित होने से युवक डिवाइडर से टकराया गिरने से हुई मौत, इतना की सीसीटीवी फुटेज सामने जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की कस्बे में स्थित लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग पर ओवरब्रिज के ऊपर बाइक सवार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया जिससे घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। मृतक युवक संतोष पुत्र हरीभजन उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी खजूरों थाना क्षेत्र शिवगढ़ लखनऊ प्रयागराज मार्ग होते हुए अपने गांव की तरफ जा रहे थे। तभी अचानक ओवर ब्रिज के ऊपर पहुंचते ही उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिसमे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी राहगीरों के द्वारा एंबुलेंस को दी गई, सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से घायल को बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां तैनात डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने जांच पड़ताल के दौरान युवक को मृत पाया।

पुलिस के द्वारा युवक के घर वालों को दी गई है? पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम प्रक्रिया के लिए भेज दिया है?

## ननिहाल गई युवती ने लगाया दुष्कर्म आरोप

नसीराबाद, रायबरेली। डीह थाना क्षेत्र की एक 17 वर्षीय युवती नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने ननिहाल होली मनाने आई थी। रंग खेलने के बाद युवती शाम को करीब आठ बजे गांव के बाहर खेत में शौच के लिए गई थी। जहाँ पहले से घात लगाए बैठा गांव का एक युवक युवती का पीछे से मुंह दबा लिया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। युवक ने पीड़िता को धमकी दी कि किसी से बताओगी तो जान से मार दूंगा। पीडिता किसी तरह आरोपी के चंगुल से छूट कर घर पहुंची और परिजनों को आप बीती बताई। मंगलवार को युवती परिजनों के साथ थाने पहुंची और तहरीर दी। थाना प्रभारी राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि दुष्कर्म का प्रयास किया है पुलिस जांच कर रही है।

# सी-विजिल एप से करें आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतें: डीएम

●मीडियाकर्मी भी डाक मतपत्र से कर सकेंगे मतदान

●अनिवार्य सेवाओं में लगे व्यक्तियों को मिलेगी डाक मतपत्र की सुविधा

●एन्ड्रायड या आईफोन मोबाइल के प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड करना होगा

संवाददाता। गोंडा



जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि सी-विजिल एप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकता है। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि इसके लिए अपने एन्ड्रायड या आईफोन मोबाइल के प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत, लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है।

डीएम ने बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन होने पर सी-विजिल एप में अपने मोबाइल नम्बर से लॉगिन करके नागरिक अपने शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकता है। उन्होंने बताया कि सी-विजिल एप पर शिकायत करने हेतु नाम व मोबाइल नम्बर की कोई बाध्यता नहीं है, परन्तु अगर शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम व मोबाइल नम्बर दिया जाता है तो शिकायतकर्ता एप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी कर सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में शिकायत निस्तारण की नियत समयावधि 100 मिनट है।

शिकायत दर्ज होने पर सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर द्वारा अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफएसटी) को शिकायत स्थल पर भेजा जाता है। शिकायत स्थल पर पहुँच कर शिकायत को निर्धारित करके सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर के पोर्टल पर अग्रसारित किया जाता है तथा सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर द्वारा शिकायत के निस्तारण के क्रम में निर्णय लिया जाता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि देश में सफलतापूर्वक लोकसभा चुनाव कराने को लेकर चुनाव आयोग पूरी तैयारियों से लगा हुआ है। इस बीच, पोस्टल वोटिंग को लेकर चुनाव आयोग ने नई अधिसूचना जारी की है। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि आयोग की अधिसूचना के अनुसार अब भारत निर्वाचन आयोग से अधिकृत मीडियाकर्मी भी चुनाव में डाक मतपत्र के माध्यम से अपना प्रतिभाग कर सकेंगे। आयोग ने उन्हें पोस्टल बैलेट की सुविधा देने का निर्णय लिया है।

इसके मुताबिक, वोटिंग ड्यूटी में लगे सभी मीडियाकर्मी अपनी तैनाती स्थल से ही पोस्टल बैलेट के जरिए वोट डाल सकेंगे। पत्रकारों के साथ ही आवश्यक सेवाओं में लगे लोगों को भी यह सुविधा मिलेगी। इसके लिए उन्हें अपने संसदीय क्षेत्र के संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय से फॉर्म 12-डी लेना होगा।

बता दें कि आवश्यक सेवाओं में पुलिस, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, डाक विभाग, ट्रैफिक विभाग, रेलवे, विद्युत विभाग, नागरिक उड्डयन विभाग, मेट्रो रेल, दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो, बीएसएनएल को भी शामिल किया गया है।

## क्विक न्यूज

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

ऊंचाहार, रायबरेली। होली पर्व पर रिश्तेदारी जा रहे बाइक सवार युवक ट्रक की चपेट में आकर घायल हो गए। राहगीरों द्वारा घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने देखते हुए उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेजा है। गदागंज थाना अंतर्गत बैरिहार मजरे अंबारा मथई गांव निवासी धीरज रविवार को अपने पड़ोसी पूरे भूखन तिवारी का पुरवा गांव निवासी राजकुमार के साथ बाइक से क्षेत्र के किसी गांव में रिश्तेदारी जा रहा था। तभी लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय मार्ग पर सवैया तिराहा के पास तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर दोनों बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल। जिन्हें राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी सांसें थम चुकी थीं। जहां डॉक्टरों ने देखते ही दोनों घायलों को मृत घोषित कर दिया। वहीं ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से भागने में कामयाब रहा। सीएचसी के वरिष्ठ चिकित्सक डा महमूद अख्तर ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही दोनों घायलों की मौत हो चुकी थी। प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। कोतवाली के माध्यम से परिजनों को सूचना देने का प्रयास किया जा रहा है। प्रार्थना पत्र मिलने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### प्रेमिका से उसके घर मिलने गये युवक की पिटाई

ऊंचाहार। होली के दिन अपनी नाबालिग प्रेमिका से उसके घर मिलने गये युवक की किशोरी ने परिजनों ने उसकी पिटाई कर दी, घायल युवक को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया।हालांकि बाद में सम्भ्रांत लोगों की मौजूदगी में दोनों पक्षों ने सुलह कर ली। मामला कोतवाली क्षेत्र के नाथीपुर गाँव का है, जहां गांव का ही एक युवक सोमवार को होली मिलने की चाहत में नाबालिग प्रेमिका के घर पहुंच गया, जिसके बाद किशोरी के परिजन आ गए और आरोप है कि युवक की जमकर पिटाई कर दी।घटना में युवक घायल हो गया, जिसे परिजनों की मदद से इलाज के लिए जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया।जिसके बाद मामला कोतवाली पहुंचा लेकिन दोनों पक्षों ने आखिर में सुलह कर ली। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों ने बिना कोई कार्यवाई चाहे आपस में सुलह कर ली है।

# विवाहिता की मौत, ससुराल वालों पर लगाया गया उत्पीड़न का आरोप

पुलिस अधीक्षक से की मामले की शिकायत

मायके में हुई विवाहिता की मौत, काफी दिनों से थी बीमार

संवाददाता। बछरावां, रायबरेली

क्षेत्र के ब्राह्मण खेड़ा में एक विवाहिता की अपने मायके में मौत हो गई। मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की जांच की जा रही है ।

क्षेत्र के ब्राह्मण खेड़ा गांव में विवाहिता की मौत के मामले में सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मायके पक्ष का आरोप है उन्होंने वर्ष 2022 में पुत्री सोनिया का विवाह गुरबक्श गंज थाने के नए पुरवा गांव के रहने वाले राहुल के साथ बड़े ही धूमधाम से किया था। तकरीबन 4 माह के बाद ससुराल वालों ने घरेलू हिंसा के चलते मारपीट तथा अन्य प्रताड़ना देना शुरू कर दिया। सदमे में आकर उनकी पुत्री बीमार हो गई और मायके वालों से बात भी करवाना बंद कर दिया।

किसी तरह मौका पाकर बेटी ने ने सारी आप बीती अपनी मां को बताई। बेटी की तकलीफ सुनकर मायके पक्ष के लोग उसके ससुराल पहुंचे और नाराजगी व्यक्त की और वहां से बेटी को मायके लाकर एक निजी अस्पताल में इलाज करवाया। परंतु लगातार इलाज करने के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ। लगातार इलाज के बावजूद हालत बिगड़ती गई और रविवार को उसकी की मौत हो गई।

मौत की सूचना जब ससुराल वालों को में दी गई तब भी वह लोग मौके पर नहीं पहुंचे। मायके पक्ष के लोगों का कहना है कि उन्होंने इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है तथा प्रताड़ना का एक मामला मामला न्यायालय में विचाराधीन भी है। मायके पक्ष के द्वारा सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इस बारे में थानाध्यक्ष वृजेंद्र शर्मा ने बताया कि मायके पक्ष के लोगों की शिकायत पर पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतका काफी दिनों से बीमार थी। जांच की जा रही है।

## कबीर की धरती पर सौहार्द की मिसाल हैं जनपदवासी



संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने होली पर्व पर जनपदवासियों को बधाई देते हुए कहा कि कबीर की धरती पर सौहार्द की मिसाल है जनपदवासी। जहॉ मुस्लिम धर्म का रमजान चल रहा है और चैत्र माह के प्रथम दिन होली का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से जनपदवासियों ने मनाया। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि यह परम्परा आगे भी कायम रहे हर स्तर पर प्रशासनिक सहयोग जनता के लिए उपलब्ध है। अधिकारियों ने कहा कि अराजक तत्वों के लिए प्रशासन कड़ी कार्यवाही करने से पीछे नही हटती भय का माहौल पैदा करने वाले की सूचना पुलिस को दी। जिससे उन पर कार्यवाही की जा सके।

# चुनाव के दृष्टिगत पुलिस और एसएसबी ने किया फ्लैग मार्च

नसीराबाद, रायबरेली। लोकसभा 2024 को सकुशल शांतिपूर्ण और भय मुक्त करने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। और सभी कील कांटे दुरुस्त किये जा रहे हैं। सशस्त्र बलों को बाजारों, कस्बों, चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों सहित घनी आबादियों में जाकर गश्त करने हेतु आदेशित किया गया है, जिससे जनता में कानून और सुरक्षा के प्रति विश्वास को मजबूत किया जा सके। असामाजिक तत्वों द्वारा आम आदमी को मतदान करने में किसी तरह के डर, धमकी या लालच से न तो प्रभावित किया जा सके और न मतदान करने से रोका जा सके।

इसके लिए प्रशासन कटिबद्ध है। 26 मार्च मंगलवार को नसीराबाद थाना क्षेत्र की बाजार परैया नमकसार, बाजार बभन पुर, ब्लॉक मुख्यालय छतोह, बाजार मेंहदी गंज, धरई चौराहा, कस्बा नसीराबाद ,बिरनांवा आदि प्रमुख स्थानों पर एसएसबी के कंपनी कमांडेंट गिरजानंद, नायब सूबेदार सुरजीत सिंह, पुलिस उप निरीक्षक मान सिंह यादव, उप निरीक्षक त्रियुगी नारायण तिवारी, उपनिरीक्षक आशीष मलिक, उप निरीक्षक राम सुयश वर्मा, उप निरीक्षक दयाशंकर आदि ने एसएसबी और नागरिक पुलिस के सशस्त्र जवानों सहित पैदल मार्च किया और लोगों के मन में सुरक्षा की भावना मजबूत की।

जहां सशस्त्र बलों के पैदल मार्च से आम जनता को निर्भीक हद तक निर्भयता का एहसास होता है। वहीं आपराधिक और असामाजिक तत्वों के मन में प्रशासन के प्रति दहशत पैदा होती है और अप्रिय घटनाओं में कमी आती है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए ऐसे प्रशासनिक कदम उठाने आवश्यक होते हैं।

# अखिलेश ने सोनम वांगचुक के अनशन को लेकर भाजपा पर निशाना साधा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने लद्दाख को राज्य दर्जा देने की मांग को लेकर लेह में आमरण अनशन कर रहे जलवायु के क्षेत्र में काम करने वाले कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को समर्थन देने की घोषणा की। यादव ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर वांगचुक का समर्थन करते हुए पोस्ट कर कहा, पानी और नमक के सहारे अनशन करने वालों का महत्व वो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) क्या समझेगी, जिसकी आंख का पानी मर गया है और जो नमक का कर्ज तक चुकाना नहीं जानते। उन्होंने कहा, देश की जनता सोनम वांगचुक जी द्वारा लद्दाख और देश की सीमाओं की रक्षा के लिए किए जा रहे संघर्ष में हर तरह से उनके साथ है। यादव ने कहा, भाजपा के अहंकार ने उसकी देखने, सुनने और समझने की शक्ति छीन ली है। ए भाजपा का पतनकाल है। सोनम वांगचुक लद्दाख को पूर्णकालिक राज्य बनाने और उसकी पारिस्थितिकी को खनन गतिविधियों से बचाने की मांग को लेकर पिछले 20 दिन से आमरण अनशन कर रहे हैं।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत ,घर में मचा कोहराम

बछरावां, रायबरेली। सोमवार की सुबह लगभग साढ़े नौ बजे के करीब रेलवे ट्रैक पर युवक का कटा हुआ शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। खैरहनी गांव का रहने वाला विवेक सिंह 21 पुत्र करुणा सिंह सोमवार की सुबह अपने खेतों की तरफ गया था। बताते हैं कि वापस आते समय वह देहरादून-वाराणसी एक्सप्रेस की चपेट में आ जाने से उसकी काटकर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गय । सैकड़ो ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस एवं रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस बारे में थानाध्यक्ष वृजेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# नागपुर की प्रभारी निदेशक नियुक्त की गईं वायरोलॉजी की वैज्ञानिक डॉ प्रज्ञा डी यादव

संवाददाता। संतकबीरनगर



इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. प्रज्ञा डी यादव को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वन हेल्थ, नागपुर की प्रभारी निदेशक नियुक्त किया गया है। यह आदेश आईसीएमआर द्वारा जारी किया गया है। संचारी रोगों और क्रीमियन कांगो रक्तस्रावी बुखार, निपाह, इबोला जैसे अत्यधिक रोगजनक वायरल संक्रमणों के क्षेत्र में अपने शोध योगदान के लिए प्रख्यात डॉ. प्रज्ञा डी यादव, आईसीएमआर-एनआईवी पुणे में उनके वर्तमान कार्यभार के अतिरिक्त एनआईओएच, नागपुर के प्रभारी निदेशक के रूप में सभी प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियों का प्रयोग करेंगी।

गत 22 मार्च को आईसीएमआर द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, डॉ. यादव पीएम-आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के तहत नए बीएसएल-4 (जैव सुरक्षा स्तर) और बीएसएल-3 बुनियादी सुविधाओं की निगरानी भी करेंगी। वहीं उनका परिवार एवं जनपदवासी गौरवान्वित है। डॉ0 यादव मूलत: जनपद संतकबीरनगर के कुड़कोल की निवासिनी है। उन्होंने 1984 से 1989 तक अम्बेडकरनगर जनपद में शिक्षा-दिक्षा ग्रहण की। 1989 से 1995 तक विद्युत परिषद इंटरमीडिएट कालेज, टांडा से पढ़ाई की। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से उन्होंने बी.एस.सी. और एम.एस.सी. की डिग्री हासिल की। उन्होंने 2004 में पुणे विश्वविद्यालय से संबद्धता में आईसीएमआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की।

## समाजसेवी ने होली का जश्न मनाकर वितरित किये उपहार



संतकबीरनगर। भिटहॉ स्थित पैतृक आवास पर जिले समाजसेवी डा0 उदय प्रताप चतुर्वेदी एवं पूर्व प्रमुख राकेश चतुर्वेदी के साथ अपनो के बीच होली का जश्न मनाते हुए उन्हें उपहार दिया। साथ ही जरूरतमंदों में मिष्ठान और धन का वितरण कर उनके साथ होली की खुशियॉ साझा की। पर्व-त्यौहार हो या अपनो के खुशी का लमहॉ, जरूरतमंदों के मदद की बात हो या धार्मिक अनुष्ठान, हर जगह समाजसेवी डा0 उदय प्रताप चतुर्वेदी की मौजूदगी उनके दरियादिली का एहसास कराती है। ऐसे ही होली पर्व में भी सूर्या इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाओं सहित अन्य शुभचिंतकों के साथ होली की खुशियॉ साझा करने के साथ ही सोमवार को भिटहॉ स्थित आवास पर शुभचिंतकों के बीच होली का जश्न मनाया। सूर्या संस्थान के चेयरमैन डा0 उदय प्रताप चतुर्वेदी, अनुज पूर्व प्रमुख राकेश चतुर्वेदी के साथ अपनो के बीच होली के रंग में रंगे नजर आए। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और शुभचिंतकों को उपहार भेंटकर उनका स्नेह प्राप्त किया। इस मौके पर भाजपा नेता रत्नेश मिश्र, अभयनंद सिंह सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में हुई युवक की मौत

बछरावां, रायबरेली। बछरावां - शिवगढ़ मार्ग पर कस्बे से कुछ ही दूरी पर शारदा नहर के पास बाइक सवार अशरफ 25 पुत्र इसरार एवं मुनीर 60 पुत्र साबित अली निवासी ग्राम सलेथू थाना महाराजगंज तथा दूसरी बाइक में रामराज यादव पुत्र शिवराम यादव निवासी अहीर गांव सुबेहा जनपद बाराबंकी सवार थे। इनमें रामराज हैदरगढ़ की तरफ जा रहा था। यह सभी जैसे ही शारदा नहर के पास पहुंचे दोनों मोटरसाइकिल स्वरों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में रामराज की मौके पर ही दुर्घटना में मौत हो गई। जबकि अन्य लोग घायल हो गए।

घायलों को बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। नाजुक हालत होने के कारण सभी को जिला अस्पताल रेफर किया गया। इस बारे में इंस्पेक्टर विजेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले के अभी तहरीर नहीं मिली है । तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी। घटना की जांच की जा रही है।

# पूर्व विधायक के घर हुआ होली मिलन समारोह का आयोजन



संवाददाता। लालगंज, रायबरेली

सरेनी विधानसभा क्षेत्र के निवर्तमान विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा अपने आवास सरेनी में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सभी क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्रवासी शामिल हुए। समारोह में धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने सभी लोगों को अमीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। उपस्थित क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि अयोध्या में भव्य राममंदिर निर्माण के बाद की यह पहली होली है। जिसमें पूरा हिंदू समाज प्रफुल्लित, उत्साहित है।

श्री सिंह ने कहा कि होली का पर्व सामाजिक एकता, भाईचारे एवं सौहार्द का प्रतीक है। हम सभी सभी प्रकार के गले शिकवे भुलाकर बंधुत्व की भावना के साथ होली में एक दूसरे से मिलते हैं। श्री सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों से आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को जिताने के लिए कमर कसने की अपील की। श्री सिंह ने कहा कि इस बार रायबरेली लोकसभा सीट से कमल खिलेगा और भाजपा विजयी होगी।

इस आयोजन के अवसर पर भाजपा नेता शिवप्रकाश पाण्डेय, धर्मेंद्र सिंह, रामू सिंह, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष लालगंज मनोज अवस्थी, डलमऊ महेंद्र पटेल, सरेनी दिवाकर मिश्र, रामसुमेर लोधी, कैलाश बाजपेई, विमल तिवारी, लक्ष्मी शरण पाण्डेय, भाजयुमो अध्यक्ष शिवम् मिश्रा, अनुरुद्ध त्रिपाठी, बी के सिंह, नागेन्द्र सिंह, विनोद सिंह, नीरज पांडे, संतोष पाण्डेय, राघवेन्द्र सिंह, अमरदीप, देवेन्द्र सिंह, संजय बाजपेई समेत भारी संख्या में लोग शामिल होकर समारोह की शोभा बढ़ाई

# सड़क दुर्घटनाओं में हुई दो युवकों की मौत, पांच घायल

संवाददाता। सोनभद्र

**जनपद** के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो व्यक्तियों की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। शाहगंज थाना क्षेत्र के भुड़कुड़ा गांव निवासी अरूण पांडेय सोमवार को होली खेलने के बाद दोपहर बाद करीब ढाई बजे बाइक से आसपास के लोगों से मिलने के लिए अपनी बाइक से निकला था। उसने हेमलेट भी लगा रखा था। ड्रेटर माइनर के पास सामने से आ रही बाइक से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। दुर्घटना में अरूण की मौके पर ही मौत हो गई।

जिला अस्पताल ले जाने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी बाइक पर सवार तीन लोग भी घायल हो गए। अन्य दुर्घटनाओं में बिल्ली ओबरा निवासी विकाश कुमार बभनी के दरनखाड़ का पन्नालाल करमा के बागपोखर का दिनेश कुमार व जुगैल का सुनील घायल हो गया। इन सभी का उपचार जिला अस्पताल में कराया गया। पिपरी थाना क्षेत्र के मुर्धवा मोड़ के समीप रविवार को तड़के सड़क हादसे के शिकार हुए रामनगर निवासी आकाश उर्फ गोलू पांडेय की मौत हो गई। गाजीपुर जनपद के मूल निवासी दिनानाथ पांडेय श्रम विभाग से सेवानिवृत्त होने के बाद रामनगर में एक किराए के मकान में रहते थे।

निजी संस्था में कार्यरत उनका द्वितीय पुत्र आकाश उर्फ गोलू पांडेय अपने किसी सहकर्मी के साथ होली के दिन रेणुकूट जा रहा था। मुर्धवा मोड़ पहुंचने के पूर्व वह सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। घोरावल क्षेत्र के सिरसाई मे सोमवार को बाइक से गिरकर राजू घायल हो गया। उसे एंबुलेंस से सीएचसी भर्ती कराया। अस्पताल में मौजूद घायल के बड़े भाई मंगरू ने बताया कि होली के त्योहार पर सभी लोग त्योहार मना रहें थे। उनका भाई राजू भी त्योहार पर प्रधान के घर की ओर गया था। वापस घर लौट रहा था कि बाइक अनियंत्रित होने से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

## संदिग्ध हालात में मिला युवक का रक्तरंजित शव

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के बसौली गांव में मंगलवार की सुबह नंदलाल ऊर्फ नंदू बैगा का शव उसके ही सरसों के खेत में खून से लतपथ मिला। उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान थें। आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या धारदार हथियार से मारकर की गई है। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि सुबह परिजनों ने सुचना दिया कि घर से कुछ दूर अपने पाही पर सोमवार की रात नंदलाल सोने गया था। मंगलवार की सुबह जब वह नहीं आया तो उसके परिवार वाले उसकी तलाश करने गए। इस पर लोगों ने देखा कि नंदलाल का शव उसके पाही के मकान से कुछ दूर पर फेका गया है। उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। अभी मामले में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पुराना मामला है कि होली से जुड़ा विवाद है। पीड़ित पक्ष की ओर से कोई भी तहरीर नहीं दी गई है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## युवती का शव मिलने से कोहराम, हत्या की आशंका

**सोनभद्र।** जुगैल थाना क्षेत्र के बिजौरा गावं में 25 वर्षीय रीता की गला दबाकर रविवार को हत्या कर दी गई। सोमवार को उसका शव घर से करीब तीन सौ मीटर दूर नाले में मिला। सोमवार दोपहर ग्राम पंचायत अगोरी खास के टोला बिजौरा के नाला में रीता का शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। युवती रविवार को शाम से ही घर से गायब थी। जब सोमवार सुबह तक घर नहीं आई तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दिया। काफी खोजबीन करने के बाद युवती का शव घर से लगभग तीन सौ मीटर दूर एक नाला में उसी के साड़ी के पल्लू से गला कसा हुआ मिला। शोरगुल सुनकर ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए परिजनों ने डायल 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाते ही जुगैल थाना प्रभारी भैया एसपी सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लेकर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। सूचना पाते ही क्षेत्राधिकारी ओबरा चारु द्विवेदी और एडिशनल एसपी कालू सिंह के साथ फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। जहां पड़ताल कर पंचनामा भर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।

# होली पर्व के अवसर पर किया गया काव्य संध्या का आयोजन

● एक चिराग बेहतर है सौ दीये जलाने से: अशोक तिवारी

संवाददाता। सोनभद्र



**शहीद** स्थल प्रवंधन ट्रस्ट करारी के तत्वावधान में सोमवार होली के अवसर पर काव्य संध्या का आयोजन हास्य कवि जयराम सोनी के आवास पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार दिवाकर मेघ संचालन अशोक तिवारी नें किया। मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण दीपदान के पश्चात सुधाकर स्वदेश प्रेम ने वाणी वंदना के साथ ही समसामयिक रचना कान्हा ना मारो पिचकारी सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

ओज व श्रृंगार की कवयित्री कौशल्या चौहान ने तीर हूं तलवार हूं अंगार हूं,कभीं झांसी की रानी तो कभीं वसंत बहार हूं को काफी सराहा गया कवि प्रद्युम्न तिवारी ने समसामयिक रचना रसिया से ओज को जोड़ते हुए वीरों ने होली खूंन से खेली फांसी चढ़े जै हिंद थी बोली जय गान तूं उनका गा रसिया फगुन में सुनाकर वीर रस का जज्बा जगाया। संचालन कर रहे अशोक तिवारी ने एक चिराग बेहतर है सौ दिये जलाने से गंभीर शायरी कर लोगों को सोचने पर विबस किये।

अध्यक्षता कर रहे दिवाकर मेघ ने गोंदी क लइका भूइयां रोवै कुक्कुर खेलइ अंकवारी के माध्यम रेखांकन किया। शायर जुल्फिक्कार हैदर वाराणसी से आये कवि रामनरेश पाल धर्मेश चौहान हास्य व्यंग्य के कवि जयराम सोनी ने काव्यपाठ किया। आभार आयोजक कवि प्रदुम्न त्रिपाठी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर रिषभ शिवमोचन सोनू प्रेमनाथ सोनी गिरिजा यादव ठाकुर कुशवाहा फारुख अली हाशमी त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी आदि रहे।

## वैश्विक पहल के रूप में शुरू हुआ कार्यक्रम

**प्रयागराज।** हर साल सत्ताईस मार्च को मनाया जाने वाला वर्ल्ड थिएटर डे इंटरनेशनल थिएटर इंस्टीट्यूट द्वारा शुरू की एक वैश्विक पहल है। यह दिन दुनिया भर के कलाकारों के लिए गहरा महत्व रखता है। क्योंकि यह उनकी ज़िंदगी और करियर में थिएटर की परिवर्तनकारी शक्ति को दर्शाता है।

कई एक्टर्स के लिए थिएटर से टेलीविजन तक का सफर एक महत्वपूर्ण विकास का गवाह बना है जो लाइव परफॉर्मेंस से लेकर स्क्रीन के जरिए व्यापक दर्शकों तक पहुंचे हैं। इस मौके पर कैसे मुझे तुम मिल गए की हेमांगी कवि प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति की निक्की शर्मा भाग्य लक्ष्मी की ऐश्वर्या खरे और रब से है दुआ की सीरत कपूर जैसे जी टीवी के कलाकारों ने अपने अपने सफर के बारे में बताया जिनकी गहरी जड़ें थिएटर में समाई हैं। जी टीवी के शो कैसे मुझे तुम मिल गए में भवानी का किरदार निभा रहीं हेमांगी कवि ने बताया अपने कॉलेज के दौरान मैंने स्टेज थिएटर को गहराई से समझा और आजमाया। प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति में शक्ति का किरदार निभा रहीं निक्की शर्मा ने कहा एक एक्टर के रूप में वर्ल्ड थिएटर डे मेरे दिल में एक खास जगह रखता है। यह क्राफ्ट कलात्मकता और कहानी कहने के जादू का उत्सव है।

## नकली सामान बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई

**प्रयागराज।** बाजार में नकली सामान बेचने वालों के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। वाराणसी पुलिस ने गोमती जिले के मिर्जामुराद इलाके में रेड डाली और एमएस टीटीके प्रेस्टीज लिमिटेड ब्राण्ड नाम से बिक रही नकली इलेक्ट्रॉनिक आयरन को जब्त किया है। प्रमुख किचन अप्लायंस ब्राण्ड टीटीके प्रेस्टीज लिमिटेड ने प्रेस्टीज के नकली सामानों की बिक्री करने वालों को सबक सिखाया है। टीम ने देखा कि ब्राण्ड के नाम से नकली इलेक्ट्रॉनिक आयरन बेची जा रही हैं। ऐसे में मिर्जामुराद वाराणसी के मेसर्स महादेव इलेक्ट्रॉनिक के आरोपी मालिक शिवम के खिलाफ प्रेस्टीज ने कानूनी कदम उठाया है। इसे लेकर 1957 कॉपीराइट एक्ट की धारा 65 67 के तहत मिर्जामुराद जिला गोमती कमिश्नरेट वाराणसी में एफआईआर नंबर 49 दर्ज की गई है। इसके साथ ही एमएस महादेव इलेक्ट्रॉनिक्स के मालिक शिवम कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।

# एनयूजे प्रयागराज ने किया आजादी के शहीदों को नमन

● शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू व गणेश शंकर विद्यार्थी को भारत रत्न देने की उठाई मांग

● शहीद दिवस पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन



संवाददाता। प्रयागराज

**नेशनल** यूनियन आफ जर्नलिस्ट प्रयागराज की जिला इकाई ने आजादी के महानायक कांतिकारी अमर शहीद भगत सिंह सुखदेव राजगुरू तथा शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी को शहीद दिवस पर नमन किया। इस मौके पर एक विचार गोष्ठी भी आयोजित हुई। यूनियन के पदाधिकारियों ने शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

विचार गोष्ठी की अध्यक्षता यूनियन के जिलाध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव तथा संचालन महामंत्री अमरदीप चौधरी ने किया। इस मौके पर कहा गया कि

भगत सिंह तथा उनके साथियों ने अंग्रेजी सरकार के भारत विरोधी नीतियों का जमकर विरोध किया। उन्होंने अंग्रेजी सरकार से माफी मांगने के बजाए फांसी पर चढ़ना स्वीकार किया। अंग्रेजी सरकार ने भगत सिंह सुखदेव तथा राजगुरू को 23 मार्च 1931 को फाँसी दी। इनके फाँसी के बाद देश भर में मातम सा माहौल हो गया था। भारतवासियों के घरों में चूल्हे तक नही जले थे। वहीं दूसरी ओर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी ने अपनी लेखनी से अंग्रेजी सरकार की नीतियों की जमकर आलोचना की। वह 25 मार्च 1931 को कानपुर दंगे में लोगों को बचाते हुए शहीद हुए थे। जिलाध्यक्ष कुंदन श्रीवास्तव ने कहा कि शहीदों के लिए देश के प्रति त्याग और बलिदान सबसे बड़ा है। यूनियन ने अमर शहीद भगत सिंह सुखदेव राजगुरू तथा शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान से सम्मानित करने की मांग की है।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष दूधनाथ पान्डेय तथा उपाध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव ने कहा कि होली के बाद अमर शहीद भगत सिंह सुखदेव राजगुरू तथा शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान देने का मांग पत्र भारत सरकार तथा राष्ट्रपति को भेजा जाएगा।

विचार गोष्ठी में संगठन के जिलाध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव जिला संरक्षक पवन दिवेदी वरिष्ठ उपाध्यक्ष दूधनाथ पान्डेय उपाध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव सुशील चौधरी आशीष गुप्ता पंकज साहू विमलेश मिश्रा नटवर लाल भारतीय आदि उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### बिना परमिट गिट्टी ले कर भाग रहा ट्रक पकड़ा गया

**सोनभद्र।** पुलिस व खनन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध तरीके से बिना परमिट के गिट्टी लोड़ कर परिवहन करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया साथ ही गिट्टी लदा ट्रक सीज किया गया। 25 मार्च को अवैध खनन परिवहन पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत सोनभद्र पुलिस व खनन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बिना परमिट परिवहन के डोलो स्टोन गिट्टी लोड़ कर परिवहन किये जाने की सूचना पर पुलिस व खनन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान बिना जाँच कराये लोढी खनन बैरियर से भागने वालें वाहन को बिच्छी ब्रेकर के पास से प्रभारी चौकी हिन्दुआरी बृजेश कुमार पाण्डेय व हे0का0 अनीश यादव चौकी नें वाहन का चालक चन्द्रजीत यादव पुत्र समरजीत यादव नि0 कोटवालपुर थाना जलालपुर जनपद जौनपुर उम्र करीब 30 वर्ष को वाहन के साथ पकड लिया वाहन स्वामी सुनील कुमार यादव पुत्र लाल बहादुर यादव नि0 सेमलपुर थाना जमालपुर जनपद जौनपुर एवं पासर रितेश पाण्डेय जो खनन व पुलिस के सामने अपनी स्वीप्ट गाडी से रास्ता अवरुद्ध किये जाने एवं अवैध रूप से वाहन को पास कराये जाने के विरूद्ध थाना रावर्टसगंज सोनभद्र पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त वाहन चालक को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा दिया तथा अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी है।

### कायस्थ सभा ने चित्रगुप्त मंदिर में किया होली द्विज पूजन



**फर्रुखाबाद।** कायस्थ सभा का होली द्विज पूजन चित्रगुप्त मंदिर, पक्कपुल पर सम्पन्न हुआ। पुजारी महावीर प्रसाद ने विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ मुख्य यजमान पूर्व अध्यक्ष श्री संतोष कुमार सक्सेना से पूजन करवाया, सभी ने हवन में आहुतियां दी। उपस्थित सभी सदस्यों ने भगवान चित्रगुप्त को तिलक कर माल्यार्पण किया। हवन के पश्चात भगवान का भोग लगा कर मधुर स्वर में हाथ जोड़कर शैदा जी रचित आरती आरती श्री युत सब गुण आगर, विद्या बारदी बुद्धि उजागर गाई। अंत में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया और एक दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामनाएं प्रेषित की। पूजन में कायस्थ सभा के अध्यक्ष आलोक रायजादा, महामंत्री विनोद सक्सेना, कुलदीप सक्सेना, घनश्याम सक्सेना, रीतू सक्सेना, राम सक्सेना, घनश्याम सक्सेना, रघुनाथ बिहारी, अनिल सक्सेना, प्रताप भानु सक्सेना, डॉक्टर पी एन सक्सेना, भा ज पा के नगर मंत्री प्रदीप सक्सेना आदि की उपस्थिति रही।

### गैरेज का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के सरांय खालिस गांव के समीप असोथर थरियांव रोड किनारे राहुल कुमार का निजी मकान है। उसी में रहते हैं और बेसमेंट में मोटरसाइकिल का गैरेज चलते हैं। राहुल होली पर्व मनाने के लिए परिवार सहित कामापुर हथगाम अपने पैतृक गांव गए थे। घर में ताला बंद था। मौका पाकर चोरों ने सोमवार की रात ताला तोड़कर नकदी सहित सोने चांदी के जेवर पार कर दिए। वाई-फाई कैमरा तोड दिया। सुबह पड़ोसियों ने देखा कि गैरेज का ताला टूटा है तो राहुल और उसके पिता गुलाब मौर्य को सूचना दी। भुक्तभोगी मौके पर पहुंचे और नुकसान का आंकलन किया। असोथर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। हल्का प्रभारी ने बताया कि घटना की छानबीन जारी है।

### तीन मजदूरों की मौत पर ग्रामीणों ने काटा हंगामा

**फतेहपुर।** होलिका दहन की रात तीन मजदूरों की मौत के सनसनीखेज मामले में मंगलवार को मृतकों के परिवार के साथ सड़क पर ग्रामीणों के हंगामा करने के बाद पुलिस ने पीड़ितों से तहरीर लेकर तीन लोगों पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक चांदपुर थाना क्षेत्र के रूरा मजरे मकरंदपुर गांव निवासिनी सुनीता पत्नी कल्लू ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि थाना क्षेत्र के चतनपुर गांव के रहने वाले दनकू व सौरभ लकड़ी के ठेकेदार हैं। करीब तीन महीने से दपसौरा के जंगल में ठेकेदार लकड़ी कटाई का काम करवा रहें हैं। उसने बताया कि विगत 24 मार्च को होलिका दहन की रात उपरोक्त ठेकेदार कल्लू, मनोज और मइयादीन निवासी रूरा को दपसौरा लकड़ी काटने के लिए बुलाकर ले गए थे। आरोप है कि मजदूरों के वहां पहुंचने के बाद पहले से मौजूद चुन्नू परिहार, राम बहादुर सिंह व धीरज सिंह निवासीगण दपसौरा के साथ कुछ अज्ञात लोगों ने मनोज, कल्लू और मइयादीन की हत्या कर दी। घटना को लेकर मृतकों के परिजनों के साथ ग्रामीणों के सड़क जाम कर मांगों को लेकर हंगामा करने की सूचना मिली तो उप जिलाधिकारी बिंदकी राजस्व टीम के साथ तथा क्षेत्राधिकारी जाफरगंज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को समझा-बुझा कर सड़क जाम खुलवाया।

# वासलीगंज में होली के अवसर पर किया काव्य गोष्ठी का आयोजन

संवाददाता। मीरज़ापुर



**होली** पर्व पर लक्ष्मण प्रसाद की गली वासलीगंज स्थित केदारनाथ सविता के आवास पर कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका संचालन डॉ सुधा सिंह ने किया।जाने-माने गजलकार गणेश गंभीर ने सुनाया - राह उसूलों की पथरीली होती है, चलना है तो ताकत भी जिस्मानी रख। नई कविता के सशक्त हस्ताक्षर भोलानाथ कुशवाहा ने पढ़ा - मैं तारीफ करना चाहता हूँ तुम्हारी, जरूरी नहीं कि तुम्हारे रूप-सौंदर्य, यौवन की ही करूं।

डॉ भुवनेश्वर द्विवेदी ने सुनाया - मैंने न सीखा जग का तराना, चाहा हमेशा ही मुस्कुराना। शुभम श्रीवास्तव ओम ने सुनाया - चलते हैं अभी बाद में आयेंगे कभी और, मोहलत तुम्हारे वास्ते माँगेंगे कभी और। केदार नाथ सविता ने सुनाया - किसी के लिए राजनीति खेल है, खेल-खेल में दंगा करा देना, दंगे में अपना घर भर लेना भी खेल है। डॉ सुधा सिंह ने सुनाया - हे जग वालों सुनो जरा मैं तुझे सुनाने आई हूं, आदि शक्ति है हर नारी मैं तुझे बताने आई हूँ। आनंद अमित ने सुनाया - बदला- बदला सा लगता है हाकिम का बरताव, कुछ ही दिन में आने वाला, होगा आम चुनाव.. जोगीरा स र र। नंदिनी वर्मा ने सुनाया - श्याम बिना आई जो अबकी, होली मोहे रास न आई। हूक उठी मन में विरहा की, कूके जब कोयल हरजाई।

श्याम अचल ने सुनाया - टकराने और गिर जाने से डरता हूँ, मैं मिट्टी का वर्तन लेकर घूम रहा हूँ। पूजा यादव ने सुनाया - उनकी बातों में आना नहीं है,दिल हमें अब लगाना नहीं है। सारिका चौरसिया ने सुनाया - रंग गुलाब का है लाल, गुलाब गालों पर खिल रहा है। रंग अंगारों का दहकता लाल, राख कोयले की कर रहा है। रंजना सिंह ने सुनाया -मेरा यह आग्रह सभी से कि अपना मतदान करें, और योग्य जन प्रतिनिधि चुने। अंत मैं आनंद अमित ने आभार व्यक्त किया।

## अधिकारियों के घर जाते ही जंगलों की कटाई शुरू



**मड़िहान।** मिर्जापुर क्षेत्र के अन्तर्गत मड़िहान वन क्षेत्र के जंगलों में कटिंग लगातार हो रही है । विगत दो दिनों से तो जंगलों की कटिंग लोगों के द्वारा झूंड बनाकर किया जा रहा है। त्वहारों के चलते लोगों द्वारा जंगलों की कटिंग आम बात हो गई है। जानकारी अनुसार इस समय मड़िहान वन कार्यालय पर कर्मचारीयों व अधिकारीयों का अकाल पड़ा हुआ है। वन क्षेत्र में न कोई दौड़ा करने जा रहा न कार्यालय पर कोई है। इसलिए मनमानी ढंग से वन की कटिंग करके लोग वन को उजाड़ रहे हैं। न कोई बोलने वाला है न टोकने वाला। यहां तक कि वन के विशालकाय पेड़ों को काटकर लोग आरा मशीन पर व्यापार के लिए सेल कर रहे। वन अधिकारी व कर्मचारी छुट्टी मना रहे हैं।

# रेलवे के केंद्रीय चिकित्सालय में होली मिलन समारोह आयोजित



**प्रयागराज।** रेलवे के केंद्रीय चिकित्सालय में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें चिकित्सालय के सभी कर्मचारी एवं अधिकारियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया। साथ ही गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष चिकित्सा निदेशक डॉ एस के हांडू महामंत्री अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक डॉ कल्पना मिश्रा तथा कोषाध्यक्ष अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक डॉ एस एस नायक को चुना गया। इस सभा में डॉ मंजू लता हांडू डॉ कल्पना मिश्रा तथा डॉ अनुराग ने गीत प्रस्तुत किया। डॉ मृत्युंजय कुमार ने सुंदर बांसुरी वादन किया तथा डॉ एस एस नायक और डॉ रोहित कुमार ने चुटकुले सुनाए। इस प्रकार सभा में हास्य विनोद का माहौल बना रहा। सभा का संचालन अखिलेश नारायण मिश्रा पूर्व मुख्य फार्मासिस्ट ने किया तथा प्रबंधन का कार्य राजकुमार अनिल कुमार गुप्ता सत्येंद्र कुमार मौर्य ने किया। अमित मौर्य दिनेश कुमार तिवारी कालीचरण आलोक कुमार नौटियाल एवं संगीता ने श्रम करके इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

# रंगों से सराबोर रही होली, गीतों पर थिरके युवा

संवाददाता। फतेहपुर

**रंग-बिरंगे** होली के हुडदंग में लोग खूब झूमे। कहीं फाग की निकली टोलियां फगुनी गीतों के फव्वारों से सराबोर करती रहीं। वहीं फिल्मी गीतों पर युवा दिल थिरकते रहे। कई स्थानों पर मटकी फोड़ होली में नवयुवकों को प्रोत्साहन राशि देकर उनके हौसले को बढ़ाया गया। महिलाएं भी होली के हुडदंग में सखी-सहेलियों के साथ ठिठोलियां खेलती रहीं। सबको हंसाने वाला और एक गले से दूसरे गले को मिलाने वाला प्रेम का यह होली पर्व अपने आप में ही एक अनोखा त्योहार है। इस त्योहार आने का इंतजार सभी को बेसब्री से रहता है।

पहले दिन होली का हुडदंग धीमा रहा सुबह आठ बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक रंग-बिरंगी होली का आनंद लोग लेते रहे लेकिन होली के अंतिम दिन लोगों ने जमकर होली त्योहार का आनंद लिया। सुबह से लड़के सड़क पर रंग-बिरंगे रंगों के साथ उतर आये फिर क्या? सड़क से गुजरने वाले हर एक रही पर पिचकारियों की बौछारों से सराबोर कर देना वहीं बच्चे एक दूसरे को दौड़ा-दौड़ा कर रंगों का आनन्द लेते रहे। वहीं मेहमानों की खुशामत में लगे लोग अपने आप को गौरवान्वित मानते रहे। होली त्योहार को लेकर मेहमानों के सामने विभिन्न व्यंजन परोसे गए। व्यंजनों में चाइनीज चिप्स से लेकर नमकीन के आइटमों में पूरी तरह से कब्जा रहा।

इस मंहगाई का असर भी होली पर्व पर नजर नहीं आया। गुझिया, रसगुल्ला व बर्फी से भी लोगों ने अपने मेहमानों का स्वागत किया। दूसरी ओर शांतिपूर्वक होली पर्व को सम्पन्न कराने में पुलिस महकमा चुस्ती और फुर्ती के साथ ड्यूटी पर मुस्तैद रहा। पुलिस की टोलियां चप्पे-चप्पे पर घूमती रहीं।

## खेत में किशोरी से जबरन दुष्कर्म का प्रयास, केस दर्ज

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना के गढा क्षेत्र निवासी एक महिला ने सोमवार शाम किशनपुर थाने में शिकायती पत्र देकर जानकारी देते हुए बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री खेत गई थी, जहां गांव के ही धर्मेंद्र निषाद पुत्र खुदली जबरन पड़कर छेड़खानी करने लगा फिर मुंह में कपड़ा ठूंस कर घसीट कर दुष्कर्म करने का प्रयास किया तभी किशोरी की चाची पहुंच गई जिसने शोरगुल किया तो भीड़ इकट्ठा हो गई। आरोपी के पक्ष से घटना के समय बोड्डा तमंचा लेकर जासूसी कर रहा था। फूद्दी लाठी लेकर गाली गलौज कर रहा था।

आरोपियों द्वारा परिजनो के साथ मारपीट कर गाली गलौज की गई। थाने में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। हालांकि मामले में पुलिस ने जांच के बाद आरोपितो के विरुद्ध तत्काल मारपीट गाली गलौज, जान से मारने की धमकी एवं पास्को की धारा में छेड़छाड़ का केस दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## दो अवैध तमंचाधारियों को किया गया गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद।** शहर कोतवाली पुलिस ने दो अवैध तमंचाधारी शातिरों को गिरफ्तार किया।पुलिस सूत्रों ने बताया कि शहर में होलिका दहन के कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए चल रहे पुलिस गश्त के दौरान अलग-अलग स्थान से दो अवैध तमंचा धारियों में एक आदर्श थाना मऊ दरवाजा के अस्तवतराई निवासी वारंटी अभियुक्त अमन बाल्मिक उर्फ राज तथा दूसरा शहर कोतवाली के साहबगंज चौराहा अधइया मोहल्ला छोटी गढी निवासी रोहित दिवाकर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इन दोनों शातिरों के पास से एक एक अवैध 315 बोर तमंचा तथा कुछ कारतूस बरामदकर आज ही जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

# कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई



**अंबेडकर नगर।** होली तथा रमजान त्यौहार के मद्देनजर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिए जिलाधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ, अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी टांडा, क्षेत्राधिकारी टांडा एवं अन्य अधिकारियो द्वारा पुलिस बल के साथ तलवापार, छोटी बाजार, अलीगंज, टांडा चौक, सकरावल तथा अन्य स्थानों तक पैदल मार्च निकाला गया। अफसरों ने पुलिस फोर्स के साथ गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पैदल मार्च के दौरान जिलाधिकारी द्वारा आम जनमानस से सुरक्षा व्यवस्था के बारे में वार्ता किया गया। जिस पर लोगों द्वारा खुशी जाहिर की गई। जिलाधिकारी द्वारा आमजन से अपील किया गया कि त्योहार को आपसी सद्भाव के साथ मनाया जाए। साथ ही साथ यह भी अपील किया गया कि होलिका दहन ट्रांसफार्मर के निकट व विद्युत तारों के नीचे न करें। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई तय की जाएगी। किसी भी प्रकार की समस्या के लिए जिला प्रशासन तथा पुलिस अधिकारी से सहयोग प्राप्त किया जा सकता है।


# नेकियों का महीना है माहे रमज़ानः हाफ़िज़ शकील



**संडीला, हरदोई।** रमज़ान के मौके पर शहर की मस्जिदों में चल रही नमाज़ए तरावीह में कुरआन शरीफ़ मुकम्मल होने पर हाफ़िज़ शकील वारसी ने खिताब करते हुए कहा कि रमज़ान का महीना अल्लाह का बेहतरीन तोहफा है जिसमें अल्लाह अपने बंदों को तमाम तोहफ़ों से नवाज़ता है। मोहल्ला मंगल बाज़ार की मस्जिद बंदगी मियां और मोहल्ला इमाम चौक कल्लू चौधरी में कुरआन शरीफमुकम्मल होने पर खिताब करते हुए हाफ़िज़ कारी शकील वारसी ने कहा कि अल्लाह ने रमज़ान के महीने में तमाम तरह की नीमतें अपने बंदों को अता की हैं। हमें पुरखुलूस और सआदतमंदाना तरीके से अल्लाह के एहकामात पर कारबंद होना चाहिए। उन्होंनें कहा कि इसी मुबारक महीने में कुरआन शरीफ़ नाज़िल हुआ और इस महीने में तरावीह के माध्यम से कुरआन को सुनना बड़ी फ़ज़ीलत है। इसी मौके पर परचमे मोहम्मदी के सदर फ़रीदउद्दीन अहमद, मौ0 रफ़ीक आलम, अनवारुल हक, हाजी मो0 ज़हीर वगैरा मौजूद रहे। इस मौके पर मुल्क में अमनए भाईचारे, आपसी मेलमिलाप के लिए अल्लाह से दुआएं भी मांगी गयीं।

# चुनाव बांड
## विपक्ष की मांग

**चुनाव बांड मुद्दे पर** पारदर्शिता के लिए कांग्रेस समेत विपक्ष ने सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में जांच की मांग की है। अब समाप्त कर दिए गए 'चुनाव बांडों' को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। राजनीतिक फंडिग का डेटा सार्वजनिक होने के एक दिन बाद अनेक एक्टिविस्ट योजना के सभी आयामों की जांच करने के लिए स्वतंत्र विशेष जांच टीम-एसआईटी की मांग कर रहे हैं। इस मुद्दे पर बहस तीखी हो गई है। कांग्रेस पार्टी ने इन विशेष वित्तीय उपकरणों संबंधी कथित कदाचारों को उजागर करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में जांच की मांग की है। उसके द्वारा लगाए 'प्री-पेड, पोस्ट-पेड व पोस्ट-रेड रिश्वतों' के आरोप ने चुनाव फाइनेंसिंग योजना में पारदर्शिता एवं जवाबदेही की आवश्यकता उजागर की है। 2018 में शुरू चुनाव बांडों का उद्देश्य राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता बरतना तथा व्यक्तियों व निगमों द्वारा अपना नाम उजागर किए बिना राजनीतिक पार्टियों की फंडिंग करना था। इसका उद्देश्य चुनावों में काले धन के प्रयोग पर लगाम लगाना था। लेकिन शुरुआत से ही ये बांड आलोचना का शिकार हो गए थे। आरोप है कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के बावजूद वे एक या दूसरी राजनीतिक पार्टी को रिश्वत देने का माध्यम बन गए। कांग्रेस का आरोप है कि ये बांड अवैध लेनदेन का मार्ग बन गए तथा इन्होंने राजनीतिक पार्टियों को बेनामी पैसे का प्रवाह सुनिश्चित किया। उसके अनुसार, इन बांडों का प्रयोग न केवल राजनीतिक अभियानों को चलाने, बल्कि पिछले दरवाजे से नीतिगत निर्णयों को प्रभावित करने के लिए किया गया।




हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में चुनाव बांडों की जांच की मांग सत्तारूढ़ भाजपा को चुनावी रूप से घेरने की चाल भी है क्योंकि चुनाव बांडों से धन प्राप्त करने वाली अन्य राजनीतिक पार्टियों पर कोई सवाल नहीं उठाए जा रहे हैं। मीडिया द्वारा किए खुलासों से स्पष्ट है कि चुनाव बांडों से केन्द्र तथा राज्यों में सत्तारूढ़ लगभग सभी दलों को पैसा मिला है। इसके साथ ही पैसा देने वाले निगमों या संस्थानों का केन्द्र द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं से कोई सीधा संबंध नहीं मिला है। यह भी नहीं कहा जा सकता है कि केन्द्रीय एजेंसियों द्वारा छापे मारने के बाद या उसकी आशंका से किसी निगम या व्यक्ति ने चुनाव बांड खरीदे हों। देश में ढांचागत संरचना निर्माण क्षेत्र में कार्यरत बड़ी कंपनियों द्वारा भी चुनाव बांड खरीदे जाने का खुलासा नहीं हुआ है। हालांकि, राजनीति पर पैसे के प्रभाव को लेकर चिन्ता भारत समेत दुनिया के अनेक लोकतंत्रों में होती रहती है, पर इससे बचने का कोई सुसंगत तरीका अब तक सामने नहीं आया है। उदाहरणार्थ, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र अमेरिका में चुनावी फंडिंग का मामला बहुत जटिल है और यह पता लगाना लगभग असंभव है कि किस निगम या व्यक्ति ने किस उम्मीदवार को चंदा दिया। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों व अर्थशास्त्रियों का कहना है कि चुनाव बांडों को असंवैधानिक घोषित करने के बाद चुनाव फंडिंग पर फिर 'काले धन' का प्रभाव बढ़ सकता है, जबकि चुनाव बांडों से दानदाताओं का पता लगाना तथा 'मनी ट्रेल' तलाशना आसान था। समग्र रूप से देखें तो चुनाव सुधार एक व्यापक प्रक्रिया है जिसमें राजनीतिक पार्टियों को फंडिंग भी शामिल है। लेकिन अनेक मुद्दों की तरह इस मुद्दे का समाधान भी अदालत के माध्यम से नहीं हो सकता है। चुनाव सुधारों तथा राजनीतिक दलों की फंडिंग के लिए राजनीतिक दलों के बीच संवाद, विचार-विमर्श एवं 'सहमति' जरूरी है, लेकिन फिलहाल इसका अभाव दिख रहा है।

# तीसरे विश्व युद्ध की आशंका

**रूस-यूक्रेन युद्ध लगातार जारी रहने और उसके विस्तार लेने की संभावना ने तीसरे विश्व युद्ध की आशंका पैदा कर दी है। हालांकि, अमेरिका व रूस के नेताओं से शांति की दिशा में कदम उठाने व समझदारी की उम्मीद है।**



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



रूस यूक्रेन युद्ध लगातार जारी रहने और उसके विस्तार लेने की संभावना ने तीसरे विश्व युद्ध की आशंका पैदा कर दी है। राजनीतिक विश्लेषक तथा भू-राजनीतिक स्थितियों पर नजर रखने वाले लोग लगातार सवाल पूछ रहे हैं कि क्या यूक्रेन युद्ध तीसरे विश्व युद्ध में बदल सकता है? यदि वर्तमान घटनाक्रम जारी रहे तो ऐसी आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। एक ओर 'नाटो' तथा उसके सहयोगी पश्चिमी देश लगातार यूक्रेन की सहायता कर रहे हैं, वहीं रूस इसे अपनी संप्रभुता और अखंडता पर गंभीर खतरा मानता है। कुछ देशों ने भविष्य में यूक्रेन में नाटो सैन्यबलों की उपस्थिति की संभावना से भी इनकार नहीं किया है। इसे देखते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने 18 मार्च, 2024 को कहा कि रूस और 'नार्थ एटलांटिक ट्रीटी आर्गेनाइजेशन'-नाटो के बीच सीधे टकराव का अर्थ होगा कि यह ग्रह अब तीसरे विश्वयुद्ध से केवल एक कदम दूर रह गया है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि शायद ही कोई ऐसी स्थिति बनने देना चाहता हो। अन्य रूसी नेताओं ने भी ऐसी संभावना को अनदेखा नहीं किया है। रूसी सुरक्षा परिषद के उप-सचिव अलेक्सांद्र वेनडिक्टोव ने 13 अक्टूबर, 2022 को कहा था कि यूक्रेन को नाटो में शामिल करना इस बात की गारंटी होगा कि उस देश में बढ़ता टकराव तीसरे विश्व युद्ध का कारण बन सकता है। पश्चिमी देशों ने भी रूस से युद्ध और व्यापक होने की संभावना पर गंभीर हैं। जर्मन अखबार 'बिल्ड' ने 15 जनवरी, 2024 को खबर दी कि देश की सेना बाल्टिक देशों-लाटविया, लिथुआनिया और इस्टोनिया पर 2025 की गर्मियों में रूसी हमले का मुकाबला करने के लिए तैयार हो रही है। यह इस वर्ष वसंत में यूक्रेन पर ताजा हमलों के साथ हो सकता है। रूस द्वारा तृतीय विश्व युद्ध की बात संभवत: एक रणनीति का हिस्सा भी हो सकती है। रूस इस तरह की बात कर यूक्रेन को संयुक्त राज्य अमेरिका तथा यूरोपीय देशों का समर्थन घटाना चाहता है।

हालांकि, जर्मन अखबार द्वारा सामने आई उपरोक्त प्रतिक्रिया का अर्थ इस बात का संकेत है कि जर्मनी और पश्चिमी देश रूस द्वारा तीसरे विश्व युद्ध की आशंका की बात को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। वास्तव में जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने लिथुआनिया के रक्षा मंत्री आर्वीदास अनासुस्कास के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके अंतर्गत लिथुआनिया में 4,800 जर्मन सैनिकों तथा 200 सिवियिलनों की तैनाती की व्यवस्था की जाएगी। विभिन्न देशों द्वारा किसी संभावित युद्ध के लिए की जा रही तैयारियों को देखते हुए यूक्रेन में जारी युद्ध के विस्तार लेकर तीसरे विश्व युद्ध में बदलने की आशंकाओं को समझा जा सकता है। लेकिन इसके साथ ही यह व्यापक सवाल भी है कि विश्व युद्ध क्या है? विश्व युद्ध को ऐसे बड़े पैमाने के युद्ध के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसमें दोनों और से अनेक देश शामिल हों, इसका विस्तार धरती के बड़े हिस्से तक हो और इससे वे देश भी प्रभावित हों जो इसमें सीधे संलिप्त नहीं हैं।

वर्तमान भू-राजनीतिक स्थितियों को देखते हुए आशंका है कि संभावित तीसरे विश्व युद्ध में एक और संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व में नाटो देश होंगे जो रूस के खिलाफ युद्ध करेंगे। वर्तमान स्थितियों को देखते हुए संभावना है कि बेलारूस, चीन और उत्तर कोरिया भी रूस के पक्ष में नाटो के खिलाफ मैदान में उतर सकते हैं।

यूक्रेन युद्ध के कारण तीसरे विश्व युद्ध की संभावना का खतरा देखते हुए दुनिया के सभी महत्वपूर्ण नेता कह रहे हैं कि वे न तो तीसरा विश्व युद्ध चाहते हैं और न इसकी कोई संभावना है। इन नेताओं में जो बाइडेन व व्लादीमिर पुतिन भी शामिल हैं। लेकिन अतीत की घटनाओं पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि अमेरिका को 7 दिसंबर, 1941 को पर्ल हार्बर पर जापानी हमले की जरा भी आशंका नहीं थी। इस भयानक हमले में अमेरिकन प्रशांत समुद्री नौसैनिक बेड़े को भारी नुकसान पहुंचा था। इसी प्रकार यूरोपीय शक्तियां भी यह उम्मीद नहीं करती थीं कि 1 सितंबर, 1939 को जर्मनी अचानक पोलैंड पर हमला बोल देगा। जर्मनी के इस हमले ने ही द्वितीय विश्व युद्ध को भड़का दिया था। वर्तमान स्थितियों पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि दुनिया के बहुत से लोग द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने के बाद से ही तीसरे विश्व युद्ध की आशंका से ग्रस्त हैं क्योंकि उस समय पूरी दुनिया दो परस्पर विरोधी समूहों में बंट गई थी। उस समय अमेरिका के नेतृत्व में देशों का एक समूह नाटो, सेंट्रल ट्रीटी आर्गेनाइजेशन-सेंटो और साउथ ईस्ट एशिया ट्रीटी आर्गेनाइजेशन-सीटो जैसी संधियों के आधार पर एकजुट हुआ था। नाटो और सेंटो जहां यूनियन आफ सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक्स-यूएसएसआर पर निशाना लगाते थे, वहीं तीसरा समूह सीटो के निशाने पर चीन था। उस समय एक अन्य समूह पूर्वी यूरोपीय देशों का था जो द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने के बाद यूएसएसआर के प्रभाव क्षेत्र में आ गए थे। ये सभी देश 'वारसा संधि' में शामिल थे। चीन को इस संधि में प्रेक्षक का दर्जा मिला था, लेकिन वह 1861 में इससे अलग हो गया था। दुनिया में देशों के दो समूहों के बीच 'शीत युद्ध' निष्क्रिय या तटस्थ संबंधों से परिभाषित होता था।

हालांकि, इन समूहों के बीच कोई प्रत्यक्ष युद्ध जैसी स्थिति नहीं थी। 'शीत युद्ध' को प्रत्यक्ष युद्ध में बचने से रोकने का कारण अमेरिका और यूएसएसआर के पास बड़ी संख्या में नाभिकीय आयुधों की उपस्थिति थी। बात में चीन भी नाभिकीय आयुधों की दौड़ में शामिल हो गया, जबकि ब्रिटेन और फ्रांस के पास भी इनके थोड़े भंडार थे। ऐसे में आशंका थी कि दोनों समूहों के बीच युद्ध में नाभिकीय आयुधों का प्रयोग हो सकता है। संभावित नाभिकीय युद्ध की भयानक विभीषिका को यूएसएसआर के प्रधानमंत्री निकिता खुश्चेव ने इस प्रकार कहा था कि तब 'जीवित लोग मरे लोगों से ईर्ष्या करेंगे।'

लेकिन इसके बावजूद दोनों समूह दो बार युद्ध के बिल्कुल निकट पहुंच गए थे। 1 मई, 1960 को एक सोवियत मिसाइल ने एक यू-2 जासूसी विमान रूसी क्षेत्र में मार गिराया था जो अमेरिका की सेंट्रल इंटेलीजेंस एजेंसी-सीआईए के अंतर्गत कार्यरत था। पैराशूट से सुरक्षित उतरने वाले उसके पायलट फ्रांसिस गैरी पावर्स को बंदी बना लिया गया था। इस घटना ने अमेरिका-यूएसएसआर संबंधों में खटास पैदा की जबकि इसके पहले कैंप डेविड, मैरीलैंड में अमेरिकन राष्ट्रपति ड्वाइट डी. आइजेनहावर तथा प्रधानमंत्री खुश्चेव के बीच सितंबर, 1959 में बैठक हुई थी। इसने मई मध्य में पेरिस में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और यूएसएसआर के बीच बैठक को भी प्रभावित किया जब यू-2 मिशन पर आइजेनहावर के माफी मांगने से इनकार करने पर खुश्चेव ने बैठक का बहिष्कार कर दिया था। दूसरी घटना अक्टूबर, 1962 में क्यूबा मिसाइल संकट के समय सामने आई। उस समय यूएसएसआर ने क्यूबा में एसएस-3 व एसएस-6 मिसाइल लगाने की दिशा में कदम उठाए थे जो अमेरिका को निशाना बना सकती थीं। बाद में राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी के आदेश से अमेरिका ने क्यूबा की नौसैनिक घेरेबंदी कर दी थी और यूएसएसआर ने इसे तोड़ने की घोषणा की थी।

हालांकि, बाद में इस मामले में अमेरिका और यूएसएसआर के बीच समझौता हो गया था। क्रेमलिन ने क्यूबा में प्रस्तावित मिसाइल स्थलों पर निर्माण कार्य रोक दिया था तथा वह ऐसे आक्रामक आयुध भी क्यूबा से हटाने पर सहमत हुआ था जिनको अमेरिका अपने लिए खतरा मानता था। इसके जवाब में अमेरिका ने जूपिटर इंटरमीडियट रेंज बैलेस्टिक मिसाइलें हटाने पर सहमति जताई थी। इन मिसाइलों को यूएसएसआर से सटी तुर्की की सीमा पर तैनात किया गया था। तुर्की नाटो का सदस्य देश था। इस ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को देखते हुए वर्तमान स्थितियों में सवाल उठता है कि क्या अमेरिका और रूस एक बार फिर परस्पर सहमति बनाने पर तैयार हो जाएंगे? क्या यूक्रेन के मामले में भी वे उसी तरह समझदारी से काम करेंगे जैसा उन्होंने पहले दो अवसरों पर कर दिखाया था? इन सवालों के जवाब के लिए प्रतीक्षा करनी होगी। लेकिन एक चीज पूरी तरह स्पष्ट है कि यूक्रेन मुद्दे पर संबंधित पक्षों के बीच जल्द ही वार्ताओं के माध्यम से समाधान के गंभीर प्रयास किए जाने चाहिए।

# कार्यस्थल की महत्वपूर्ण संस्कृति

> "कार्यस्थल संस्कृति में मूल्यों, व्यवहारों तथा संगठनात्मक गतिशीलता का महत्वपूर्ण योगदान शामिल है।"

**साक्षी सेठी**
(लेखिका, शिक्षक हैं)



जनसंख्या का बड़ा हिस्सा अपने जीवन का बड़ा हिस्सा कार्यस्थल पर बिताता है। इससे स्पष्ट होता है कि कार्यस्थल का परिवेश हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है। संस्कृति का अर्थ दूसरों के साथ व्यक्तिगत संवाद है जिसका परिणाम कार्य प्रक्रियाओं के रूप में सामने आता है। लेकिन हम विरले ही संस्कृति को अपने भौतिक परिवेश से आगे जा कर देखते हैं। कार्य संस्कृति की नैतिकता विलंबित संतुष्टि, अत्यधिक-प्रतियोगिता तथा लगातार मशीनों से बेहतर प्रदर्शन करने में निहित है। किसी संगठन की संस्कृति में कर्मचारियों का जीवन अनुभव शामिल है जिस पर संगठन के कार्यकारियों तथा निर्णय प्रक्रिया में शामिल लोगों का प्रभाव पड़ता है। सरल शब्दों में कार्यस्थल संस्कृति या कार्यस्थल परिवेश एक प्रक्रिया है जिसका संबंध लोगों के सीखने के तरीकों से है। कर्मचारियों का व्यवहार अक्सर पुरस्कारों या परिणामों की व्यवस्था से प्रभावित होता है और इसी को कार्य संस्कृति कहते हैं।

सकारात्मक कार्यस्थल परिवेश बनाने के लिए भौतिक, सामाजिक व सांस्कृतिक आयामों पर ध्यान देना जरूरी है जो कर्मचारियों के अनुभव तथा संतोष को प्रभावित करते हैं। कर्मचारियों की बेहतरी तथा सहायक व समावेशी संस्कृति को प्राथमिकता दे कर संगठन एक उपयुक्त कार्यस्थल परिवेश सृजित कर सकते हैं। इससे संगठन ऐसा कार्यस्थल परिवेश विकसित कर सकते हैं जहां कर्मचारी फलते-फूलते हैं तथा बिजनेस की सफलता में अपना योगदान करते हैं। स्वीकार्यता एवं पुरस्कार की व्यवस्थायें कर्मचारियों के आदर्शों व उनकी अभिप्रेरणा को बड़ी सीमा तक प्रभावित करते हैं। कर्मचारियों को उनके योगदान के लिए स्वीकार करना तथा उनको प्रगति एवं



विकास के अवसर देने से सकारात्मक कार्यस्थल परिवेश विकसित होता है और यह प्रबंधकों के लिए मानक तथा बार-बार दुहराये जाने वाला व्यवहार बन जाता है। इसके बाद यह संस्कृति का हिस्सा बन जाता है। आज संगइन कार्य-जीवन संतुलन में सहायता कर कर्मचारियों को वह लचीलापन व संसाधन उपलब्ध कराते हैं जिसने व्यक्तिगत व पेशेवर जीवन का प्रबंधन संभव होता है। इसमें काम के लचीले घंटे, रिमोट कार्य के विकल्प तथा ऐसी नीतियां शामिल हैं जो कर्मचारियों को अपनी आवश्यकतानुसार अवकाश का अवसर देती हैं। इनमें लाइटिंग, तापमान, शोर का स्तर, उपयुक्त फर्नीचर तथा कर्मचारियों को अद्यतन तकनीक उपलब्ध कराना शामिल है। इसमें काम करने के उपयुक्त उपकरण भी शामिल हैं जो न केवल कर्मचारियों को आराम देते हैं, बल्कि उनकी उत्पादकता तथा संगठन में उत्साह बढ़ाते हैं। सकारात्मक कार्य संस्कृति कर्मचारियों का योगदान सुनिश्चित करती है जहां कर्मचारी भावनात्मक रूप से अपने काम से जुड़ रहते हैं। इसमें प्रमुख अधिकारियों व प्रबंधकों का व्यवहार और कार्रवाइयां महत्वपूर्ण हैं जो कार्यस्थल परिवेश को बड़ी सीमा तक प्रभावित करते हैं।

खुलेपन को बढ़ावा देने वाला प्रभावी नेतृत्व फीडबैक को प्रोत्साहित कर कर्मचारियों के विकास में सहायता करता है तथा सकारात्मक व सशक्तीकरण वाला कार्य परिवेश प्रोत्साहित कर सकता है, जबकि इसके उलट नकारात्मक कार्य संस्कृति विभिन्न प्रकार से असंतोष, तनाव तथा कर्मचारियों में उत्पादकता घटाने का काम करता है। जब अधिकारी माइक्रो प्रबंधन में गलत व्यवहार, पक्षपात या पारदर्शिता की कमी पैदा करते हैं तो इससे भय तथा कर्मचारियों के बीच अविश्वास पैदा होता है। संवाद की कमी या पारदर्शिता के साथ सूचनाओं का साझा न करने पर अफवाहें फैलती हैं जिससे विश्वास और कम होता है। इसके कारण कर्मचारी स्वयं को महत्वहीन मानते हैं, उनका समुचित मूल्यांकन नहीं होता है और उनके काम को स्वीकार्यता नहीं मिलती है। आजकल इसके लिए 'क्वाइट क्विटिंग' शब्द का प्रयोग होता है। अध्ययनों से पता चलता है कि संगठन से जुड़ाव अनुभव करने वाले कर्मचारी अक्सर ज्यादा उत्पादक, अभिप्रेरित तथा कंपनी की सफलता में योगदान करने वाले सिद्ध होते हैं। इससे पता चलता है कि कार्यस्थल परिवेश में कार्य के भौतिक, सामाजिक व मनोवैज्ञानिक आयाम शामिल होते हैं। इससे कर्मचारियों के अनुभव तथा बेहतरी प्रभावित होती है। इसमें लेआउट से लेकर आफिस स्पेस की डिजाइन, सहकर्मियों के बीच संबंध तथा संगठनात्मक संस्कृति शामिल हैं। याद रखें के अच्छा वेतन आपको महीने में एक बार प्रेरित करता है, पर अच्छी कार्यसंस्कृति रोज प्रेरणा देती है। संगठनात्मक संस्कृति को परिभाषित करने वाले मानक और व्यवहार कार्यस्थल परिवेश को प्रभावित करते हैं। पारदर्शिता, विश्वास और सम्मान को महत्व देने वाली संस्कृति कर्मचारियों के जुड़ाव व संतोष को प्रोत्साहित करती है।

## आप की बात

### शराब की लत

**शराब** खराब है, फिर भी बहुत से लोग उससे बच नहीं पाते हैं। आम आदमी के साथ आम आदमी पार्टी भी शराब के कारण बरबादी की कगार पर पहुंच गई है। उसके कई नेता, मंत्री और अब मुख्यमंत्री भी इसमें डूब गए। अजीब बात है कि एक ओर सामाजिक संस्थाएं शराब छुड़ाओ अभियान चलाती हैं तो दूसरी ओर सरकारें शराब की नई-नई दुकानें खुलवाने के लिए नए-नए ठेकेदारों को अपने पास बुलाती है। उनको इस बात की जरा भी चिन्ता नहीं है कि आम आदमी भले ही शराब में डूबकर अपनी जिंदगी बरबाद कर ले किन्तु सरकार का खजाना सूखने न पाए। आम जनता अपने आस-पास व आवासीय इलाकों से शराब की दुकानें हटाने की मांग करते हुए अभियान चलाती है, लेकिन सरकारें ज्यादा से ज्यादा दूकानें खुलवाने में लगी रहती हैं। कोई भी राजनीतिक पार्टी इस प्रवृत्ति से मुक्त नहीं है। शराब घोटालों के साथ ही नकली व मिलावटी शराब से हजारों लोगों की जान या आंखें चली जाती हैं। लेकिन इससे बचने के लिए अच्छी और सस्ती शराब हर जगह उपलब्ध कराना कोई विकल्प नहीं है। इसलिए संपूर्ण शराबबंदी और इसकी अत्यधिक उपलब्धता तथा राजस्व के लालच में मदिरापान को प्रोत्साहन की दो अतिवादी स्थितियों से बचने की जरूरत है। शौक व लत में अंतर होना चाहिए।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### केजरीवाल से निराशा

**पूर्व जस्टिस** संतोष हेगड़े ने कहा कि वह आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से पूरी तरह निराश हैं। जिन्हें आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा, इससे स्पष्ट दिखाई देता है कि जब आप सत्ता में होते हैं तो लालच आप पर हावी हो जाता है। मैं पूरी तरह निराश हूं। मैंने सोचा था कि आप प्रशासनिक निष्पक्षता लाएगी जबकि ऐसा नहीं है। संतोष हेगड़े अन्ना हजारे के नेतृत्व में चले इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन में केजरीवाल के साथ शामिल थे। केजरीवाल से लोगों को बहत उम्मीदें थीं, मगर उनकी सरकार सर्वाधिक भ्रष्ट निकली। सरकार के उप-मुख्यमंत्री व अन्य बड़े नेता पहले इसी मामले में बंद हैं। इससे एक बार फिर जाहिर हो गया कि सत्ता के हम्माम में सभी नंगे हैं। अपने बगंले पर भारी धनराशि का खर्च तथा मंत्रियों व विधायकों के वेतन व सुविधाओं में असाधारण वृद्धि वैसे भी किसी जन सेवक के लक्षण नहीं है। मुख्यमंत्री के रूप में गिरफ्तार होने का रिकॉर्ड बनाने के बाद अब वह जेल से सरकार चलाने की बात कर रहे हैं। क्या इसे ठीक कहा जा सकता है? क्या आप में कोई और योग्य नेता नहीं बचे हैं जो मुख्यमंत्री पद का कार्यभार संभाल सकें?

– **सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### एप्पल पर कार्रवाई

**अमेरिकन** न्याय विभाग ने बाजार पूंजीकरण के हिसाब से दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी एप्पल पर मुकदमा दर्ज कराया है। उसने एप्पल पर स्मार्टफोन बाजार पर एकाधिकार करने और प्रतिस्पर्धा को कुचलने का आरोप लगाया है। इसके अनुसार, कंपनी ने आईफोन ऐप स्टोर पर अपने नियंत्रण का दुरुपयोग किया। इसका मतलब ये हुआ कि जो आरोप दुनिया भर की अनेक सरकारें, खासकर स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनियां एप्पल पर लगाया करती थी वो गलत नहीं था। क्योंकि अब अमेरिकी सरकार ने भी माना हे कि स्मार्ट फोन बाजार में नंबर एक बने रहने के लिए एप्पल ने गलत तरीके अपनाये। दुनिया भर में अक्सर अनेक प्रकार की कंपनियों के खिलाफ बाजार पर अनावश्यक रूप से कब्जा करने और कानूनों की धज्जियां उड़ाने के मुक़दमे चलते रहते हैं। कुछ समय पहले एक संगीत स्ट्रीमिंग प्रतियोगिता को लेकर यूरोपीय संघ ने एप्पल पर लगभग 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया गया था। एप्पल पर इन कार्रवाइयों से स्पष्ट है कि दुनिया की बड़ी कंपनियां पूंजीवाद में प्रतियोगिता के कथित आदर्शों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### कार्पोरेट की जिम्मेदारी

**तीन अर्थशास्त्रियों** द्वारा प्रस्तुत एक शोध रिपोर्ट के अनुसार देश की 40 प्रतिशत संपत्ति 1 प्रतिशत अमीरों के पास सिमट कर रह गई है। दूसरी ओर आम जनता महंगाई और आर्थिक तंगी से परेशान है। अंतरराष्ट्रीय तनाव व युद्धों के कारण दुनिया भर में खाद्य, औषधि व अन्य संसाधनों का संकट पैदा हो गया है। भारत में समाजवाद का प्रयोग तो सफल नहीं हो सका मगर कुछ ऐसे कानून कायदे तो बनाए जा सकते हैं कि देश के उपलब्ध संसाधनों का लाभ देश के निचले तबके तक पहुंचे। इसके लिए जरूरी है कि जहां सरकार देश में गरीब से गरीब व्यक्ति को शिक्षा, आवास, चिकित्सा, भोजन, जल, आदि मूलभूत जरूरतें सस्ती कीमतों पर प्रदान करे, वहीं देश के अति धनवान लोग भी अपनी कमाई का कुछ भाग जन-कल्याणकारी कार्यों पर खर्च करें। विकसित देशों में अनेक अमीरों ने दानदाता के रूप में अपनी ख्याति स्थापित की है, पर भारत में ऐसे लोगों की कमी है। कार्पोरेट की सामाजिक जिम्मेदारी को पारदर्शी व न्यायोचित ढंग से जमीन पर उतार कर वे भारत में बढ़ती असमानता घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# शोक-संताप में नहीं, उत्साह, उमंग में विश्वास करता है सनातन धर्म: योगी

● घंटाघर से निकलने वाली भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/गोरखपुर





**गोरक्षपीठाधीश्वर** एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म शोक-संताप में नहीं बल्कि उमंग और उत्साह में विश्वास करता है। होली का पर्व इसी का संदेश देता है। इस पर्व में समरस समाज की स्थापना का भाव निहित है। साथ ही यह संदेश भी कि सनातन धर्म सह अस्तित्व, वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे संतु निरामया में विश्वास करता है।

सीएम योगी मंगलवार को होली के पवित्र पर्व पर घंटाघर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व श्री होलिकोत्सव समिति की ओर से निकलने वाली 'भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा' के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। सभी नागरिकों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का पर्व उत्साह और उमंग का है। उत्साह और उमंग सुरक्षित, सुखी और समृद्ध समाज में होता है। हमारा समाज सुरक्षित और समृद्ध है, इसीलिए हम सभी उत्साह और उमंग से होली की हजारों वर्षों पुरानी परम्परा को मनाने के साथ अपनी इस विरासत के प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म पर जब भी कोई संकट आया, समाज में दुष्प्रवृत्तियां बढ़ीं तो कोई ना कोई ईश्वरीय अवतार भी हुआ है और दुष्प्रवृत्तियों को दूर कर समाज आगे बढ़ता रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का त्यौहार समतामूलक और समरस समाज की स्थापना का भी संदेश है। आपसी वैरभाव को समाप्त कर, सत्य-न्याय के मार्ग पर चलकर ही हम समाज को शक्तिशाली बना सकते हैं। जहां विभाजन होगा वहां समाज शक्तिशाली नहीं हो सकता। सीएम योगी ने कहा कि इस बार की होली पर उत्साह और उमंग एक नई ऊंचाई पर है। अयोध्या में 495 वर्ष बाद रामलला ने भी होली खेली और आशीर्वाद व कृपा लोगों पर बरसाई। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि बीमार व्यक्तियों को और जो मना करे, उसे रंग न लगाएं। उन्होंने 90 वर्ष से अधिक समय से निकलने वाली भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तारीफ की। लोगों को होली की बधाई देने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान नरसिंह की विधि विधान से आरती उतारी। उन्हें नारियल, गुझिया के साथ फूल, रंग, अबीर, गुलाल अर्पित किया। भगवान नरसिंह की पूजा करने के बाद योगी पूरी तरह होलीयाना मूड में आ गए। उन्होंने लोगों के ऊपर जमकर फूल की पंखुड़ियां, अबीर, गुलाल पंखुड़ियां उड़ाईं। देखते ही देखते योगी समेत समूचा जनमानस रंगों में सराबोर हो गया। इस दौरान जय श्रीराम के नारों के बीच उत्सवी उल्लास आसमान पर था। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक डॉ महेंद्र अग्रवाल, प्रांत प्रचारक रमेश जी, सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ओम जालान, सुरजीत, आत्मा जी, श्री होलिकोत्सव समिति के अध्यक्ष मनोज जालान, काशी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास आदि भी मौजूद रहे।

## होलिका भस्म की पूजा कर सीएम योगी ने मनाई होली

● गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री ने लिया फाग का आनंद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

**होली** के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने होलिका भस्म की पूजा कर होली मनाने का शुभारंभ किया। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में फाग गीतों का आनंद लिया और गोवंश को भस्म, गुलाल लगाकर गोसेवा की। मुख्यमंत्री ने भीम सरोवर के पास बतखों को भी दाना खिलाया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के होलिकोत्सव की शुरुआत मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर होलिका भस्म की पूजा से हुई। मंदिर के मेला ग्राउंड में जलाई गई होलिका के पास जाकर योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका भस्म (सम्मत की राख) की पूजा की और आरती उतारी। इस अनुष्ठान के बाद मंदिर के प्रधान पुजारी कमलनाथ समेत अन्य साधु संतों व श्रद्धालुओं ने इसी भस्म से गोरक्षपीठाधीश्वर का तिलक लगाकर आशीर्वाद लिया। गोरक्षपीठाधीश्वर ने भी उन्हें तिलक लगाकर होली की मंगलकामना की। होलिकादहन स्थल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गुरु गोरखनाथ जी के मंदिर पहुंचे और श्रीनाथ जी को होलिका भस्म अर्पित किया। इसके बाद मंदिर के द्वार पर फाग गीतों का आयोजन हुआ। सीएम योगी ने भी कुछ देर वहां रुककर फाग का आनंद उठाया और सबको होली की बधाई व शुभकामनाएं दीं। होली के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर की गोशाला पहुंचे और गोवंश को भस्म व गुलाल लगाकर उनके लिए भी मंगलकामना की।

## भाजपा व एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार आज करेंगे नामांकन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी बुधवार को नामांकन करेंगे। पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद, बिजनौर लोकसभा क्षेत्र से लोकदल के प्रत्याशी चंदन चौहान, नगीना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ओमकुमार, सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल, कैराना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्री प्रदीप चौधरी, रामपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी बुधवार को नामांकन करेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और कैबिनेट मंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के नामांकन के अवसर पर उपस्थित रहकर नामांकन सभा को संबोधित करेंगे। जबकि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी बिजनौर लोकसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय लोकदल के प्रत्याशी चंदन चौहान व नगीना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ओमकुमार के नामांकन पर उपस्थित रहकर सभा को संबोधित करेंगे।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल ,कैराना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के नामांकन के अवसर पर उपस्थित रहकर सभा को संबोधित करेंगे। इसी तरह पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नक़वी और प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर बुधवार को रामपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी के नामांकन के अवसर पर उपस्थित रहकर सभा को संबोधित करेंगे।

## महाकुंभ 2025 को भव्य और दिव्य बनाने में जुटी प्रदेश सरकार

### कुल 384 प्रोजेक्ट्स के लिए 7500 करोड़ रुपए की धनराशि हो चुकी है स्वीकृत

● शुरू हो चुके 250 प्रोजेक्ट्स के लिए 1540 करोड़ रुपए की धनराशि की जा चुकी है जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**2025** में होने जा रहे महाकुंभ को योगी सरकार भव्य और दिव्य बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। इस महाआयोजन के लिए करोड़ों भक्तों के प्रयागराज पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रदेश सरकार ने 2022 में दोबारा सत्ता संभालते ही प्रयागराज में पर्यटन और यात्री सुविधाओं के साथ-साथ इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाओं को पूरी ताकत से आगे बढ़ाया है। इसी क्रम में सरकार महाकुंभ और महाकुंभ से इतर यहां 384 विकास परियोजनाओं पर 7500 करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। इसके तहत सरकार अब तक शुरू हो चुके 250 प्रोजेक्ट्स के लिए 2228 करोड़ रुपए जारी भी कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि महाकुंभ से संबंधित 284 प्रोजेक्ट्स के लिए 4462 रुपए से ज्यादा का फंड स्वीकृत किया गया है, जिसके सापेक्ष शुरू हो चुके 170 प्रोजेक्ट्स के लिए करीब 1540 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं तो वहीं,महाकुंभ से इतर चल रहे 100 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स के लिए योगी सरकार ने 3057 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की थी, जिसमें शुरू हो चुके 80 प्रोजेक्ट्स के लिए 688 करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि जारी हो चुकी है।

कुंभ को लेकर कुल 14 विभागों के प्रोजेक्ट कार्य चल रहे हैं। इसमें पर्यटन विभाग के 5 प्रोजेक्ट भी हैं। इनमें 3 की शुरुआत हो चुकी है, जिसके लिए प्रस्तावित 28 करोड़ के बजट के एवज में 8.64 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। इसी तरह इरीगेशन डिपार्टमेंट के सभी 8 प्रोजेक्ट्स के लिए प्रस्तावित 250 करोड़ में से करीब 90 करोड़ रुपए प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए जा चुके हैं। प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी के अंतर्गत 42 प्रोजेक्ट्स के लिए 175 करोड़ रुपए,यूपी ब्रिज के 4 प्रोजेक्ट्स के लिए 255 करोड़ रुपए, पीडब्ल्यूडी के 41 प्रोजेक्ट के लिए 320 करोड़ रुपए, हेल्थ एंड वेलफेयर डिपार्टमेंट के 17 प्रोजेक्ट्स के लिए 29 करोड़ रुपए, फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के 4 प्रोजेक्ट्स के लिए 13.33 करोड़ रुपए,मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में 11 प्रोजेक्ट्स के लिए 31.20 करोड़ रुपए, यूपीपीसीएल के 22 प्रोजेक्ट्स के लिए 196 करोड़ रुपए, प्रयागराज म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के 29 प्रोजेक्ट्स हेतु 103 करोड़, यूपी जल निगम के 15 प्रोजेक्ट्स के लिए 86 करोड़, यूपीएसआरटीसी के 7 प्रोजेक्ट्स हेतु करीब 8 करोड़ रुपए और प्रयागराज मेला अथॉरिटी के तहत 7 प्रोजेक्ट्स के लिए 223.53 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। वहीं गंगा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से संबंधित 5 प्रोजेक्ट्स के लिए 107 करोड़ से ज्यादा का फंड स्वीकृत है। अभी डीपीआर की प्रक्रिया जारी है, जिसके बाद धनराशि जारी की जाएगी। महाकुंभ के अतिरिक्त भी प्रयागराज को पर्यटन और यात्रियों की सुविधाओं के लिए संवारा जा रहा है। इसके अंतर्गत 7 विभागों के प्रोजेक्ट्स संचालित हैं। इसमें टूरिज्स डिपार्टमेंट के कुल 29 प्रोजेक्ट्स के लिए 70 करोड़ से ज्यादा की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है और 23 करोड़ से ज्यादा की राशि जारी भी की जा चुकी है।

## सपा ने मुरादाबाद में बदला प्रत्याशी रुचिवीरा को बनाया उम्मीदवार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी ने मंगलवार को मुरादाबाद लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी बदल दिया है। सपा हाईकामन ने इस सीट से पूर्व मंत्री आजम खां की करीबी रहीं रुचिवीरा को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। सपा ने इस सीट से पहले मौजूदा सांसद एसटी हसन को प्रत्याशी बनाने का ऐलान किया था लेकिन मंगलवार शाम रुचिवारा का टिकट तय हो गया और उन्हें बुधवार को नामांकन करने को कहा गया है। रुचिवीरा आजम खां की करीबी नेता मानी जाती हैं। असल में मुरादाबाद से सपा की महिला नेता व पूर्व विधायक रुचिवीरा ने अपनी दावेदारी पेश की थी। माना जा रहा है कि आजम खां द्वारा कुछ संकेत मिलने पर ही नेतृत्व ने रुचिवीरा के नाम पर सहमति दे दी। अब उनकी बुधवार को नामांकन करने की तैयारी है। इस घटनाक्रम के चलते मुरादाबाद से लेकर लखनऊ तक कार्यकर्ताओं में ऊहापोह की स्थिति बन गई है। अब एसटी हसन का टिकट कट गया है लेकिन पार्टी ने आधिकारिक रूप से इसका ऐलान नहीं किया है। रुचिवारा का कहना है कि पार्टी के निर्णय को सभी को स्वीकार करना चाहिए।

इसी तरह रामपुर के लेकर असमंजय बना हुआ है। रामपुर से तेज प्रताप यादव को सपा द्वारा प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चा है। तेज प्रताप यादव एक बार मैनपुरी से सांसद रह चुके हैं और मुलायम सिंह यादव के भाई के पौत्र हैं। इस बीच यह भी चर्चा है कि मुरादाबाद के मौजूदा सांसद एसटी हसन को रामपुर से उतारा जा सकता है। असल में जब अखिलेश यादव आजम खां से जेल में मिल कर आएं हैं। तभी से रामपुर व मुरादाबाद सीटों को लेकर स्थिति और ऊहापोह पूर्ण हो गई क्योंकि नए दावेदार भी आ गए।

## प्रथम चरण की 8 लोकसभा सीटों पर अब तक 46 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

● प्रथम चरण के नामांकन का आज अंतिम दिन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण में प्रदेश की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों के नामांकन के लिए 20 मार्च, 2024 को अधिसूचना जारी हुई थी। प्रथम चरण के लिए अब तक विभिन्न राजनैतिक दलों के कुल 46 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया। आज मंगलवार को कुल 42 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसके पहले 22 मार्च को 4 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण में प्रदेश की 8 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए आज मंगलवार को जिन राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें सहारनपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मंगलवार को कुल 4 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें इंडियन नेशनल कांग्रेस से इमरान मसूद, बहुजन समाज पार्टी से माजिद अली, स्वतंत्र प्रत्याशियों में राशिद खान एवं शबनम हैं। इसी प्रकार कैराना लोकसभा सीट में मंगलवार को 7 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें समाजवादी पार्टी से इकरा चौधरी, बहुजन समाज पार्टी से श्रीपाल, समाजवादी पार्टी से वैकल्पिक प्रत्याशी नाहिद हसन, राष्ट्रीय मजदूर एकता पार्टी से प्रीती कश्यप, अखण्ड भारत स्वतंत्र पार्टी से विक्रम सैनी, आजाद अधिकार सेना से ओमवीर तथा स्वतंत्र प्रत्याशी मनोज राना हैं। इसी प्रकार मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट में आज मंगलवार को 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी से संजीव कुमार बालियान, समाजवादी पार्टी से हरेन्द्र सिंह मलिक, बहुजन समाज पार्टी से दारा सिंह प्रजापति, जयसमता पार्टी से नील कुमार, सर्वजन लोक शक्ति पार्टी से ओमपाल सिंह, राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी से कविता, राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी से नन्द किशोर पुण्डीर तथा स्वतंत्र प्रत्याशियों में गौतम आनन्द, प्रदीप कुमार, चरन सिंह, राजकिशोर गर्ग हैं। इसी प्रकार बिजनौर लोकसभा सीट में आज मंगलवार को 4 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें बहुजन समाज पार्टी से विजेन्द्र सिंह, मजदूर किसान यूनियन पार्टी से रामधन सिंह, पीपुल्स पार्टी ऑफ इण्डिया (डेमोक्रटिक) राजपाल, मजलूम समाज पार्टी से फरमान हैं। इसी प्रकार नगीना (अजा) लोकसभा सीट में अब तक कुल 5 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें से मंगलवार को 3 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें बहुजन समाज पार्टी से सुरेन्द्र पाल सिंह, समाजवादी आंदोलन पार्टी से धरमवीर सिंह, पीपुल्स पार्टी ऑफ इण्डिया (डेमोक्रटिक) से रवीन्द्र भारती हैं। इसी प्रकार मुरादाबाद लोकसभा सीट में अब तक कुल 6 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें से 5 प्रत्याशियों ने मंगलवार को नामांकन किया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी से सर्वेश कुमार सिंह, बहुजन समाज पार्टी से मो. इरफान, समाजवादी पार्टी से डॉ. एसटी हसन, भारतीय बहुजन समता पार्टी से ओंकार सिंह तथा स्वतंत्र प्रत्याशी में साधना सिंह हैं। इसी प्रकार रामपुर लोकसभा सीट में मंगलवार को 5 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें परचम पार्टी ऑफ इण्डिया से सैफत अली खान, जनसेवा सहायक पार्टी से जगत सिंह, लेबर पार्टी ऑफ इण्डिया से अब्दुल कादर, स्वतंत्र प्रत्याशियों में अशोक कुमार, शिवप्रसाद हैं। इसी प्रकार पीलीभीत लोकसभा सीट में अब तक कुल 4 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें मंगलवार को 3 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें बहुजन समाज पार्टी से अनीस अहमद खान (फूल बाबू), समाजवादी पार्टी से भगवत सरण गंगवार, स्वतंत्र प्रत्याशी में आदर्श पाण्डेय हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन का समय पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे के मध्य निर्धारित है। नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करायी जा रही है। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 27 मार्च, 2024 (बुधवार) निर्धारित है। 28 मार्च, 2024 (वृहस्पतिवार) को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी। प्रत्याशियों द्वारा 30 मार्च, 2024 (शनिवार) तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। प्रथम चरण में 19 अप्रैल, 2024 (शुक्रवार) को मतदान होगा।

## बसपा ने उत्तराखंड की पांच सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मंगलवार** शाम को पार्टी की तरफ से उत्तराखंड की पांच सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी गयी है। सूची के अनुसार टिहरी गढ़वाल से नीम चन्द्र छुरियाल, पौड़ी गढ़वाल से धीर सिंह विष्ट, अल्मोड़ा (एससी) से नारायण राम, नैनीताल उधमसिंहनगर से अख्तर अली माहीगिर, हरिद्वार से जमील अहमद का नाम शामिल है।

### यूपी में अब तक जारी दो सूची में ज्यादातर मुस्लिम चेहरों पर जताया भरोसा

**लोकसभा** चुनाव 2024 के पहले चरण के चल रहे नामांकन के बीच बहुजन समाज पार्टी ने अब तक प्रत्याशियों की दो सूची जारी कर दी है। पहली सूची में पार्टी की तरफ से कुल 16 नाम शामिल किए गये हैं तो वहीं दूसरी सूची में 9 उम्मीदवारों के नाम शामिल है। उम्मीदवारों की पहली सूची में बसपा ने मुस्लिम बहुल सीटों पर मुस्लिम चेहरों पर भरोसा जताया है। जो चुनाव में सपा और कांग्रेस को अच्छा-खासा नुकसान पहुंचा सकते हैं। लोकसभा चुनाव में कैराना, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बागपत और गौतम बुद्ध नगर में बसपा का उम्मीदवार बीजेपी को भी नुकसान पहुंचा सकता है, जबकि इंडिया गठबंधन को मायावती के उम्मीदवारों का दंश सहारनपुर, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अमरोहा, आंवला और पीलीभीत में झेलना पड़ सकता है। इस चुनाव में भी बसपा अपने परंपरागत वोट बैंक दलित के अलावा मुस्लिम वोटरों पर भरोसा जताया है। कैराना में बीएसपी ने श्रीपाल सिंह राणा जो कि राजपूत ठाकुर बिरादरी से हैं, उन्हें टिकट दिया है। इस इलाके में ठाकुरों की आबादी अच्छी और प्रभावी मानी जाती है। मुजफ्फरनगर में मायावती ने दारा सिंह प्रजापति को टिकट दिया है जो ओबीसी बिरादरी से हैं। मुजफ्फरनगर में प्रजापति समाज के वोट बड़ी तादाद में है। इसी तरह मेरठ से पहली बार कोई त्यागी चुनाव लड़ रहा है। बागपत से बसपा ने बंसल यानी बनिया को चुनाव में उतारा है और यह भी बीजेपी का वोट बैंक है। गौतम बुद्ध नगर यानी नोएडा में बसपा ने ठाकुर यानी राजपूत बिरादरी के राजेंद्र सिंह सोलंकी को टिकट दिया है। नोएडा में राजपूत प्रभावी बिरादरी है और उनके 84 गांव चुनाव के लिहाज से हमेशा से अहम रहे हैं। राजनाथ सिंह भी कभी नोएडा से सांसद हुआ करते थे। मुरादाबाद में बसपा से इरफान सैफी को मैदान में उतार दिया है। कुछ ऐसी ही स्थिति रामपुर की है जहां से जीशान खान को बसपा ने टिकट दिया है। जीशान खान के परिवार के पास जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी है। पीलीभीत के अनीस अहमद उर्फ फूल बाबू भी मुस्लिम बिरादरी से हैं और स्थानीय स्तर पर मजबूत नाम है। यही हाल आंवला के आबिद अली का भी है। आंवला और पीलीभीत में बसपा ने ही मुस्लिम प्रत्याशी दिया है।

## प्रदेश सरकार के कार्यकाल के 7 साल पूरे, सीएम योगी ने जनता का जताया आभार

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने 7 वर्ष का कार्यकाल बीते सोमवार को पूरा कर लिया है। इस अवसर पर सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रदेश की जनता का आभार जताया है। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि उनकी सरकार प्रदेशवासियों के हर सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने लिखा है, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा, सुरक्षा और समृद्धि के संकल्प को आज 7 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इन 7 वर्षों में सबका साथ-सबका विकास के मंत्र के माध्यम से हर व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सफलता प्राप्त हुई है। यह 7 वर्ष 'नए भारत के नए उत्तर प्रदेश' के सृजन को समर्पित रहे हैं। लोक-कल्याण के पथ पर चलते हुए डबल इंजन सरकार प्रदेश वासियों के हर सपने को साकार करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। प्रदेश की जनता-जनार्दन और सभी सहयोगियों का सहयोग-समर्थन के लिए आभार।

## प्रबुद्ध सम्मेलन के जरिए क्लीन स्वीप का संकल्प लेकर मैदान में उतरेंगे सीएम योगी

● आज से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे प्रबुद्ध सम्मेलन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लोकसभा** आम चुनावों की घोषणा के बाद अब बुधवार से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फुल एक्शन में नजर आएंगे। चुनावी रैलियों से पहले सीएम योगी प्रदेश के अंदर प्रबुद्ध सम्मेलनों के जरिए अलग-अलग जनपदों में प्रबुद्ध लोगों से वार्तालाप करेंगे और सरकार द्वारा किए गए कार्यों का पूरा लेखा-जोखा प्रस्तुत करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरुआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश से होने जा रही है, जहां पहले कुछ चरणों में चुनाव भी होने वाला है। 31 मार्च तक प्रस्तावित इन सम्मेलनों के माध्यम से सीएम योगी यहां लोगों के साथ संवाद स्थापित कर वह चुनावों से पूर्व 'फिर एक बार मोदी सरकार' के संकल्प की चुनावी जमीन तैयार करेंगे। भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, सीएम योगी 27 से 31 मार्च तक यानी 5 दिनों में 15 जनपदों को कवर करेंगे। उनके प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरुआत बुद्धवार 27 मार्च को मथुरा, मेरठ और गाजियाबाद से होगी, जहां वह गणमान्य लोगों के साथ ही आम लोगों से भी संवाद स्थापित करेंगे। इसके अगले दिन यानी गुरुवार 28 मार्च को सीएम योगी का बिजनौर, मुरादाबाद और अमरोहा में कार्यक्रम प्रस्तावित है। यहां भी उन्हें प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद में हिस्सा लेना है। 29 मार्च को सीएम शामली, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर में प्रबुद्ध सम्मेलन में हिस्सा लेंगे तो 30 मार्च को बागपत (मोदीनगर), बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर, जबकि 31 मार्च को बरेली, रामपुर और पीलीभीत में वह प्रबुद्ध सम्मेलन करेंगे। इन प्रबुद्ध सम्मेलनों के माध्यम से सीएम योगी प्रदेश सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। साथ ही डबल इंजन की सरकार में आम लोगों तक पहुंच रही योजनाओं के बारे में भी बात करेंगे। सीएम योगी ने 2023 में निकाय चुनावों से पहले भी प्रबुद्ध सम्मेलन किए थे, जिसका भाजपा को भरपूर लाभ मिला था और पार्टी ने सभी नगर निगमों में क्लीन स्वीप किया था। सीएम योगी एक बार फिर प्रबुद्ध सम्मेलन के माध्यम से लोकसभा चुनावों में क्लीन स्वीप का मिशन लेकर मैदान में उतरने वाले हैं।

सीएम योगी के इन प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरुआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हो रही है, जहां शुरुआती चरणों में चुनाव होना है। पहले चरण यानी 19 अप्रैल 2024 को सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में चुनाव होना है तो वहीं दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में चुनाव होना है। इसी तरह तीसरे चरण में संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं और बरेली जैसे जनपदों में चुनाव की घोषणा हुई है। इसी कार्यक्रम को देखते हुए सीएम योगी के प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरुआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों से की जा रही है, ताकि उनके संवाद का ज्यादा से ज्यादा असर आम लोगों तक हो सके।

## रुद्राभिषेक कर योगी ने की चराचर जगत के कल्याण की प्रार्थना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

**रंगोत्सव** के खास और विरासतपूर्ण आयोजनों में शामिल होने के सिलसिले में मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ रविवार से गोरखपुर प्रवास पर हैं। रविवार शाम को वह पांडेयहाता से निकलने वाली होलिका दहन शोभायात्रा में सम्मिलित हुए तो मंगलवार को घंटाघर से निकलने वाली भगवान नृसिंह की रंगभरी शोभायात्रा का शुभारंभ करेंगे। उत्सवी वातावरण के इस बेला में सोमवार सुबह उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कर देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ से लोकमंगल एवं चराचर जगत के कल्याण की प्रार्थना की। गोरखनाथ मंदिर आवास के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में सीएम योगी ने देवाधिदेव महादेव को विल्व पत्र, कमल पुष्प आदि अर्पित करने कर बाद दूध एवं गन्ने के रस से रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व आरती की। विधि विधान से पूर्ण हुए अनुष्ठान के उपरांत उन्होंने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। रुद्राभिषेक अनुष्ठान के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, काशी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, डॉ. अरविंद चतुर्वेदी, अश्वनी त्रिपाठी आदि भी उपस्थित रहे। सोमवार सुबह रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। उन्होंने गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से गुड़ खिलाया। गोशाला का भ्रमण कर सीएम योगी ने श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। सीएम योगी की जानी पहचानी आवाज सुनते ही गोवंश दौड़ते-मचलते उनके पास आ गए। सीएम योगी ने गोवंश के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

# प्रेम और सौहार्द का त्योहार है होली: राकेश सचान

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात



फाग गायन में अव्वल रहे लोगों को सम्मानित करते भानु सिंह

**प्रदेश** सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा होली मिलन समारोह जहां प्रेम का संदेश देता है वहीं सामाजिक एकता को बल मिलता है। मंगलवार को वह भोगनीपुर तहसील के अक्बरपुर गांव में जनकल्याण समिति बरौर द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से जहां निकटता आती है वहीं जो आपस में मन मुटाव दूर होते हैं। होली मिलन समारोह में पूरे जनपद से 20 फाग की टीमें शामिल हुईं। जिसमें गुरूगांव की पुष्पा सचान, खुशी लाल, बहनौती की शशि लता, मुंडेरा के यशवंत सचान नंदपुर की सुनीता सचान, मदनपुर के जनार्दन, पुखरायां के विमल सचान सहित सेल्हूपुर के बरौर समेत 20 फाग की टीमें में शामिल हुईं। फाग प्रतियोगिता में विजयी टीमों को कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने सम्मानित किया। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि कानपुर देहात में खेती के लिये अच्छे अवसर मिल सकते हैं। यदि सरकार सहायता दे तो उत्पादन भी बढ़ जाएगा। डॉ. सोनेलाल सचान, चुनमुन सचान, प्रधान संत शरण सचान, अरुण सचान, इंजीनियर विमल सचान, रेणुका सचान, यशवंत यादव भी मौजूद रहे।

# आम जनता के नवप्रवर्तकों की प्रदर्शनी 30 मार्च को: जिला विज्ञान क्लब

**कानपुर देहात।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, कानपुर देहात के तत्वाधान में 30 मार्च 2024 को असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों हेतु जिला स्तरीय नवप्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन जिलाधिकारी आलोक सिंह, मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी नागप्पन व जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अचल कुमार मिश्र के निर्देशन में पीएमएसबी इंटर कॉलेज भुगनियांपुर (निकट जिला कारागार) में प्रात: 10 बजे से किया जा रहा है। जिला समन्वयक, जिला विज्ञान क्लब कानपुर देहात धर्मेश द्विवेदी ने बताया कि इस नवप्रवर्तन प्रदर्शनी में असंगठित क्षेत्र के किसान, शिल्पकार, कारीगर, मजदूर, मिस्त्री, ऐसे जन सामान्य व्यक्ति जिन्होंने कोई डिग्री प्राप्त न की हो, उन्हें अपने नवप्रवर्तन के क्षेत्र में किए गए कार्य मॉडल को प्रदर्शित करना है। इस नवप्रवर्तन प्रदर्शनी का क्षेत्र जुगाड़ द्वारा तैयार यंत्र, मशीन, परिवहन के साधन, घरेलू उपयोग के समान, जैव विविधता सृजनात्मक उपयोग, पौधों की प्रजातियां, पशुओं एवं मानव के लिए हर्बल औषधि, जड़ी बूटी, ऊर्जा उत्पादन या संरक्षण के लिए उपकरण, गांव तथा शहर में जीवन संघर्ष के दौरान उपजी तरकीबें, ऐसे सृजनात्मक विचार जिनको व्यवहार में लाया जाना संभव हो। आम जनता के असंगठित क्षेत्र के जनमानस से अपील की है कि यदि उन्होंने इन क्षेत्रों में मौलिक आविष्कार अथवा खोज की हो, वे सभी रजिस्ट्रेशन हेतु अपना नाम, पिता व पति का नाम, मोबाइल नंबर एवं पता व्हाट्सएप नंबर 9451716135 पर भेज दें। 30 मार्च 2024 को नवप्रवर्तन प्रदर्शनी में प्रतिभाग करके पुरस्कृत हो सकें। प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले नव प्रवर्तक को प्रथम स्थान हेतु रू 800 द्वितीय स्थान के लिए रू 5000 और तृतीय स्थान के लिए रू 3000 एवं पांचवां एवं सांत्वना पुरस्कार के लिए रू 2000 स्मृति चिन्ह जिला विज्ञान क्लब कानपुर देहात की ओर से प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही साथ सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

# पत्नी को भेजने को लेकर हुये विवाद में पति ने गोली मारकर आत्महत्या की, पुत्र मेडिकल कालेज रिफर



मौके में जांच पड़ताल करते पुलिस कर्मी

**राठ (हमीरपुर)।** राठ कस्बे में मंगलवार को पत्नी को मायके भेजने को लेकर हुये पारिवारिक विवाद में पति ने अवैध तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली, छर्रे लगने से पुत्र बुरी तरह घायल हो गया उसे गंभीर हालत में मेडिकल कालेज उरई रिफर कर दिया गया है। मृतक आर्टीफिशियल ज्वैलरी का व्यापारी था। पुलिस के मुताबिक राठ कस्बे में आज होली पर्व में जनपद जालौन के चुर्खी गांव निवासी सोनू अपनी बहन आशारानी को लिवाने आये थे, तभी सोनू के बहनोई रामहेत (48) ने पत्नी को भेजने से साफ इंकार कर दिया, इसी बात को लेकर रामहेत के बड़े लड़के शिवम व रामहेत में बहस होने लगी।

विवाद इतना बढ़ा कि रामहेत ने भाग कर घर में रखे अवैध तमंचे से अपने कनपटी में गोली मार ली हालाकि बड़े लड़के शिवम ने तमंचे को पकड़कर छीनने का प्रयास किया मगर तब तक रामहेत ने अपने ऊपर गोली चला ली। जिससे मौके पर ही रामहेत सोनी की मृत्यु हो गयी। बीच वचाव करने में शिवम को काफी छर्रे लग गये और वह बुरी तरह जख्मी हो गया। शिवम को सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया जहां पर डाक्टरों ने गंभीर हालत में मेडिकल कालेज उरई रिफर कर दिया है। रामहेत के शव को पुलिस ने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

# होलिका दहन और रंग खेलने मनाई गई होली भाई दूज



पुखरायां में भाई के टीका करती बहनें

**पुखरायां, कानपुर देहात।** भोगनीपुर तहसील क्षेत्र में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हुरियारों ने जमकर रंग, अबीर, गुलाल से होली खेली। मंगलवार तीन बजे के बाद होली दूज भी मनायी गई। बहनों ने भाई को टीका लगाकर उनकी लम्बी आयु की कामना की। भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के शाहजहांपुर, बरौर, मूसानगर, देवराहट, अमरौधा, सरांय समेत सभी गांवों में रविवार को देर रात करीब 11 बजे होलिका दहन किया गया। ढोल, मंजीरा के साथ हुरियारों की टोली फाग गायन करते हुए होली जलाई। सबेरे सोमवार को प्रशासन की अनुमति के अनुसार 11 बजे तक रंग खेला गया। होली में राहगीरों पर रंग नहीं डाला गया। लेकिन बाजार बंद रहे। कहीं भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। पंचांग के अनुसार मंगलवार को करीब 2 बजकर 55 मिनट से होली भाई दूज का पर्व मनाया गया।

# जिलाधिकारी के प्रयास से लंदन बुक ऑफ रिकार्ड्स में जिले का नाम शामिल



**फतेहपुर।** जिलाधिकारी सी. इंदुमती की उत्कृष्ट सोंच, लगन व पराकाष्ठा से जिले का नाम विश्व पटल पर एक नहीं दो बार लंदन बुक ऑफ रिकॉर्ड में अंकित किया गया है। विकसित जनपद में गिना जाए इस हेतु मतदान शत प्रतिशत हो जिसके लिए सभी नागरिकों को जागरूक करने के लिए दिव्यांगजनों के सहयोग से 28 फरवरी को आयोजित कार्यक्रम में एक नहीं दो कार्यों के लिए फतेहपुर का नाम लंदन बुक ऑफ रिकार्ड्स में शामिल किया गया है। जिसमें एक रिकॉर्ड स्वीप के अंतर्गत 80 गुणे 100 मीटर के भारत के नक्शे के चारों ओर मानव श्रृंखला बनाकर मतदान हेतु जागरूक किया गया वहीं दूसरा रिकॉर्ड बना जिसमें 480 मीटर लंबे कपड़े में दिव्यांगजनों द्वारा हस्त प्रिंट देकर पूरे भारत को मतदान हेतु जागरूक कर एक अनूठा प्रयास किया।

जिलाधिकारी ने इन दोनों रिकार्ड्स को दिव्यांगजनों को समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े आयोजन को सफल बनाने में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, प्रभाकर त्रिपाठी सदर उप जिलाधिकारी जिनके नेतृत्व में सभी दिव्यांगजनों के लिए भोजन व्यवस्था, स्वीप आइकॉन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव द्वारा पूरे उत्साह व मनोयोग के साथ सहभागिता एवं जिला विकास अधिकारी,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज्य अधिकारी, परिवहन अधिकारी, दिव्यांग व अल्पसंख्यक अधिकारी, परियोजना निदेशक, खण्ड विकास अधिकारियों व कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। साथ ही जिलाधिकारी ने आने वाली 20 मई को शत प्रतिशत मतदान हेतु सभी सम्मानित नागरिकों से अपील भी किया। इस हेतु लंदन बुक ऑफ रिकार्ड्स द्वारा प्रशस्ति पत्र, मेडल व प्रतीक चिन्ह भेजा गया है। जैसे ही यह बात आमजनमानस को पता चली सभी लोग जिलाधिकारी को सोशल मीडिया व व्यक्तिगत रूप से बधाई व शुभकामनाएं देने पहुंचे।

# विवाहिता की उपचार के दौरान मौत

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**उपचार** के दौरान विवाहिता की मौत हो गयी। स्वजनों ने दहेज न देनें के चलते उसका उपचार ठीक से न करनें का आरोप लगाकर थानें में तहरीर दी। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। पड़ोसी जनपद शाहजहाँपुर के मोहम्मदी खदीरावा निवासी 23 वर्षीय कल्पना पत्नी देवेश कुमार मिश्रा का विवाह विगत वर्ष 2023 को हुआ था। कल्पना थाना कादरी गेट के ग्राम चाँदपुर निवासी शिवशरण की पुत्री है। शिवशरण नें बताया कि बीते 22 मार्च को कल्पना का फोन आया। उसने बताया कि ससुराल वाले उसकी तबियत खराब होनें के बाद भी इलाज नही करा रहे। जिसके बाद स्वजनों नें कल्पना को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान कल्पना की मौत हो गयी। कल्पना के पिता नें दहेज की मांग को लेकर बेटी का इलाज न करानें से उसकी मौत का आरोप लगाया।

## क्विक न्यूज

### होली पर दिखा हर्षोल्लास, एक दूसरे को लगाया अबीर और गुलाल

**संडीला (हरदोई)।** रंगों का त्यौहार होली परंपरागत हर्षोल्लास के साथ नगर में मनाया गया। लोगों ने अबीर और गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। नगर में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर होलिका दहन के कार्यक्रम आयोजित किए गए जहां होलिका जलाने के बाद परंपरागत होलिका गीत गाए गए। सोमवार की सुबह लोगों ने एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। बच्चों में विशेष रूप से अत्यंत हर्षोल्लास देखा गया। एक दूसरे पर पिचकारियों और फौवारों से रंग डाला तथा बुरा न मानो होली है और होली की बधाई कहकर एक दूसरे से गले मिले। छोटा चौराहा पर दही हांडी का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में गोविंदाओं ने हांडी फोड़ने का सफल तथा असफल प्रयास किया। मंगलवार को शीतला मंदिर परिसर में नगर का पारंपरिक पुरुषों का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल, ब्लाक प्रमुख संघ के संरक्षक कुंवर वीरेन्द्र सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष रमन नीतीश जायसवाल समेत भाजपा के तमाम छोटे बड़े नेता शामिल हुए और अबीर और गुलाल लगाकर, गले मिलकर एक दूसरे को होली की बधाई दी।

### घर से भागे नाबालिग बुआ भतीजे पुलिस की हिरासत में

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र के एक गांव से दस दिन पूर्व प्रेम प्रसंग को लेकर घर छोड़कर भागे नाबालिग बुआ भतीजे को कोतवाली पुलिस ने हिरासत में ले मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के एक गांव से एक ही परिवार के नाबालिग बुआ भतीजे की आंखें चार हो जाने पर वह दोनों घर छोड़कर भाग निकले जिस पर बालिका के पिता ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। आरोप है कि एक नाबालिक युवकउसकी पुत्री को बहला फुसला कर भाग ले गया है। जबकि आरोपी युवक के पिता ने भी कोतवाली पुलिस की शरण में पहुंच अपनी व्यथा बताते हुए न्याय की गुहार लगाई थी हालांकि इस घटना के बाद आरोपी युवक के पिता ने अपने परिजनों की मदद से दोनों प्रेमी प्रेमिका को शादी करवाने का झांसा देकर कोतवाली मौदहा ले आए जहां बुआ भतीजे जीवन भर एक दूसरे के साथ मरने जीने के लिए तैयार हैं। हालांकि कोतवाली पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। आरोपी युवक का विवाह 21 अप्रैल को दूसरी जगह होना तय है। यह जानकारी होने पर उसकी होने वाली पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है फिलहाल यह घटना नगर समेत क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### जान से मारने की नियत से लगायी आग, शुरु की जांच

**मौदहा, हमीरपुर।** जमीनी विवाद को लेकर जान से मारने की नीयत से घर में आग लगा दी पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खण्डेह निवासी सुभान अली ने पुलिस को बताया कि बीते रविवार की रात को जब वह अपने घर में सो रहा था तभी गांव के ही दबंग निजाम अली,जाकिर अली,शाकिर अली सहित अन्य लोगों ने उसे जान से मारने की नीयत से घर में आग लगा दी। शोर शराबा सुनकर लोगों के इकट्ठा होने पर आग पर काबू पाया गया जिससे उसकी जान बच पाई। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी रिंकू तिवारी ने बताया कि उसके मकान में आग लगी और उसका नुकसान भी हुआ है, मामले की जांच पड़ताल कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### फायरिंग में युवक की गोली लगने से मौत

**फर्रुखाबाद।** रंजिश के चलते हुई मारपीट और फायरिंग में एक युवक की मौत हो गयी। जबकि मृतक के भाई सहित तीन लोग घायल हो गये। पड़ोसी जनपद एटा के जसरथपुर नगला मुरली निवासी 26 वर्षीय प्रदीप पुत्र औसान का गाँव के ही लोगों से रंजिश चल रही थी । जिसके चलते होली पर आरोपियों नें मारपीट कार फायरिंग कर दी। जिसमे प्रदीप व उसका छोटा भाई 26 वर्षीय विवेक उर्फविजय के साथ ही राजीव पुत्र जगदीश शर्मा, राजेश पुत्र शैतान सिंह घायल हो गये। प्रदीप व उसके भाई विवेक को लोहिया अस्पताल भर्ती किया गया। जहाँ उपचार के दौरान प्रदीप नें दम तोड़ दिया। जबकि विवेक का उपचार चल रहा है।

### गले में डाल दिया सर्प, सर्प ने तीन लोगो को काटा

**फर्रुखाबाद।** गले में कुछ लोगों ने सपेरे का सांप डाल लिया। जिससे सांप ने तीन को काट लिया। उन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करन चंदपुर में होली के दौरान एक सपेरा पिटारी में सांप लेकर घूम रहा था। उसी दौरान उसका सांप 26 वर्षीय पुष्पेन्द्र नें अपने गले में डाल लिया। जिससे सांप ने उसे काट लिया। पुष्पेन्द्र के साथ ही उसके गाँव के 38 वर्षीय नरेंद्र पुत्र भीकम लाल, 55 वर्षीय सुनील पुत्र श्रीराम को भी सांप ने काट लिया। ग्रामीणों ने सांप, सपेरे और घायलों को लोहिया अस्पताल पंहुचाया। लोहिया अस्पताल में सपेरे नें चिकित्सक के सामने सांप को पिटारी से निकाल कर मेज पर रख दिया। जिससे भगदड़ मच गयी। तीनों घायलों का उपचार किया जा रहा है।

# सड़क हादसों में दो की मौत आधा दर्जन जख्मी

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत बीते चौबीस घंटे के अंतराल में हुए सड़क हादसों के दौरान दो लोगों की जहां मौत हो गई वहीं आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। ललौली थाना क्षेत्र के खटौली गांव निवासी राम बहादुर का 20 वर्षीय पुत्र राजन उर्फराम प्रकाश अपने मित्र शिवम पुत्र कल्लू 19 वर्ष निवासी महाखेड़ा के साथ होली के पर्व पर रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही ये लोग गांव से कुछ ही दूर पहुंचे तभी सामने से तेज रफ्तार आ रहे इसी थाने के लदिगवां गांव निवासी राजकुमार का 23 वर्षीय पुत्र नीरज की बाइक से भिड़ंत हो गई। नीरज व राजन उर्फ राम प्रकाश की घटनास्थल पर मौत हो गई। शिवम बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस ने दोनों शवों को विच्छेदन गृह भेज दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के कलक्टरगंज मिशन अस्पताल के समीप बाइकों की भिड़ंत में कृष्ण बिहारी नगर निवासी मुन्नीलाल का 25 वर्षीय पुत्र नरेश व उसके साथी संजय व लवकुश घायल हो गए।

# ट्रैफिक पुलिस ने घायलों को भिजवाया हॉस्पिटल



**लखीमपुर खीरी।** शहर क्षेत्र में ओवर ब्रिज पर दुर्घटना की सूचना पर प्रभारी यातायात जनपद खीरी द्वारा मय यातायात पुलिस दुर्घटनास्थल पर पहुंचकर तत्काल घायलों को उपचार हेतु ट्रामा सेंटर मोतीपुर ओयल खीरी भिजवाया गया। प्रभारी यातायात जनपद खीरी के दुर्घटना स्थल पर समय से पहुंचकर घायलों को अस्पताल भेजकर उनकी जान बचाई जा सकी व जनपद खीरी शहर क्षेत्र में दौराने भ्रमण प्रभारी यातायात द्वारा आम जनमानस से होली का त्यौहार सकुशल मनाते हुए यातायात नियमों का पालन करके दुर्घटना से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। विशेष तौर पर होली के त्योहार पर ष्सुरक्षित यात्रा करें परिवार आपकी प्रतीक्षा कर रहा है, स्लोगन के साथ सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु आवाहन किया गया।

# होली के पर्व पर गरीबों के द्वार पहुंची खाकी

- बच्चे दिखे प्रसन्न बुजुर्गों का खाकी को मिला आशीर्वाद

संवाददाता। फतेहपुर



**होली** के पर्व पर पुलिस का मानवीय चेहरा सामने आया। गंगा व यमुना कटरी से लेकर अन्य गांवों के गरीबों के द्वार पहुंचकर खाकी ने पर्व की खुशियां साझा कीं। मिष्ठान के साथ-साथ गुलाल, पिचकारी जब बच्चों व बड़ों के हाथों में पहुंचाई तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बुजुर्गों ने पुलिस कर्मियों को तिलक लगाकर आशीर्वाद भी दिया। पर्व आपसी भाईचारे एवं सौहार्द का प्रतीक होते हैं। पर्वों को मिल-जुलकर मनाने में जो मजा आता है वह अकेले में नहीं है।

इसी को चरितार्थ करते हुए जिले के पुलिस कर्मियों ने गरीबों के बीच पहुंचने का काम किया। जिले के सभी थाना प्रभारी/थानाध्यक्ष अपने-अपने हमराही सिपाहियों संग गरीबों के घर पहुंचे और उनके बीच मिष्ठान, गुलाल, पिचकारी वितरित कर खुशियां बांटने का काम किया। मायूस बैठे गरीबों को जब यह सामग्री मिली तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सभी ने खाकी के इस कार्य की जमकर प्रशंसा की और उनके माथे पर तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया। खाकी के इस मानवीय कार्य की चारों ओर प्रशंसा हो रही है।

# नशेड़ी की पिटाई से पत्नी की मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम देवमई में सोमवार की शाम 26 वर्षीय युवती को शराबी पति ने नशे में इस कदर पीटा कि उसकी कुछ देर बाद मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया और शव को विच्छेदन हेतु भेज दिया। जानकारी के अनुसार औंग थाना क्षेत्र के दुर्गागंज निवासी सर्वेश पासवान की शादी आठ वर्ष पूर्व देवमई गांव निवासी पिंकी के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही वह अपनी ससुराल में ही रहता था। बताते हैं कि शराब पीने का आदी होने के कारण आए दिन पत्नी से विवाद होता था। सोमवार की शाम वह नशे में धुत होकर घर आया और किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया। उसी समय उसने पत्नी को इस कदर पीट दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर-शराबा सुनकर पत्नी की बहन काजल पहुंची और बीच-बचाव करने लगी लेकिन नशे में पति इस कदर हैवान बन गया कि उसे कुछ न सुझाई दिया और उसने पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है। घटना के बाद से मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया।

## करंट से युवती समेत दो की मौत

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत युवती समेत दो लोगों की घरेलू बिजली की चपेट में आ जाने से घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के दरवेशपुर मजरे मलकिनखेड़ा गांव निवासी शिव सिंह यादव की 23 वर्षीय पत्नी सोनम सोमवार की शाम मोबाइल चार्ज करने के लिए जैसे ही चार्जर लगाने लगी तभी वह करंट की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। इसी प्रकार हथगाम थाना क्षेत्र के अहिरनपुर निवासी छेदू का 25 वर्षीय पुत्र पप्पू सोमवार की शाम लगभग पांच बजे खेत से घर आने के बाद पंखे का प्लग लगाने लगा तभी वह करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में मातम छा गया। होली की खूशियां काफूर हो गई। परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

# दो बाइकों की भिड़ंत में बाइक चालक जीजा की मौत, साला बाल बाल बचा

**राठ।** ससुराल से साले के साथ ममिया ससुर के यहां होली की त्योहार पर आ रहे बाइक सवार युवक की बाइक सामने से आ रही बाइक से सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार जीजा की मौत हो गई। बाइक के पीछे बैठा साला बाल बाल बच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मुस्करा थाने के गहरौली गांव निवासी अंकित कुशवाहा पुत्र हल्के प्रसाद ने बताया कि मंगलवार की शाम वह अपने जीजा 35 वर्षीय सुनील कुशवाहा पुत्र शिवराम निवासी ममना थाना जलालपुर के साथ बाइक से राठ अपने मामा भजनलाल कुशवाहा निवासी पठानपुरा के यहां होली के पर्व पर आ रहे थे। तभी राठ की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई। बाइक चालक सुनील की मौत हो गई। मृतक के साले ने बताया कि उसका जीजा बाहर रहकर मजदूरी करता है। मृतक अपने पीछे एक पुत्र दो वर्षीय आदित्य छोड़ गया है।

## अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ एक हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** 26 मार्च को थाना ईसानगर पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान 01 अदद अवैध देशी तमंचा (315 बोर) व 01 जिन्दा कारतूस (315 बोर) के साथ अभियुक्त रामाधार उर्फ धारे पुत्र स्वस सीताराम उम्र करीब 42 वर्ष नि0ग्राम त्रिकोलिया थाना ईसानगर जनपद लखीमपुर खीरी को जिसके विरूद्ध न्यायालय द्वारा तीन अदद स्थायी वारण्ट थाना ईसानगर खीरी निर्गत किया गया है जिसे जोगी बाबा मंदिर के आगे तिराहा से 26.03.2024 को मुखबिर खास द्वारा मिली सूचना पर गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं 118/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

# रंगो के पर्व पर युवाओं सहित नागरिकों में दिखा उल्लास

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** रंगों के पर्व होली पर जहां एक ओर जगह जगह लगे डीजो की धुनो पर शराब की मस्ती में डूबे युवाओ ने चारो ओर खूब घमाल मचाकर रंगवाजी की वहीं शान्ति व्यवस्था में एसपी सहित कोतवाली पुलिस सतर्क दिखाई दी। होरियारो के बीच उस समय हडकम्प मच गया जब जीटी रोड पर एसपी के काफिले को रोकनें का प्रयास कर रहे युवा पुलिस का सख्त रुख भांपकर मौके से खिसकते नजर आये।

सोमवार की सुवह से ही रंगो का त्योहार होली की तैयारिया घर घर में शुरू हो गई। बीती शाम को महिलाओ पुरूषो व बच्चो ने होली का पूजा अर्चना की जैसे ही होलिका दहन के लिये होली में आग लगाई गई नागरिको ने होलिका माता के जय कारे लगाने शुरू कर दिये, गुलाल व अबीर लगाकर लोगो ने एक दूसरे को शुभकामनायें देनी शुरू कर दी। वहीं नगर के मोहल्ला रामगंज, स्थानीय तिराहा, जीटी रोड, चौराहा, तिर्वा रोड, रेलवे रोड़ आदि स्थानो सहित नगर व क्षेत्र में युवाओ का जमाबडा एकत्र हो गया और त्योहार की मस्ती में युवाओ ने झूमते नाचते हुये एक दूसरे पर जमकर रंगो की बरसात करनी शुरू कर दी। वहीं आने जाने बाले राहगीरो को भी रंगो से सरावोर कर दिया। उसी समय नगर के जीटी रोड से निकल रहे एसपी अमित कुमार आनन्द के काफिले को रोकनें का प्रयास कर युवा पुलिस भारी पुलिस व बीएसएफ बल देखकर गलियों में फरार हो गये। वहीं एसपी नें मित्र पुलिस का संदेश देते हुये जहां एकओर सुरक्षा का अहसास कराया वही दूसरी ओर नौनिहालों मिष्ठान खिलाकर होली की खुशियों से सराबोर कर दिया। वहीं छुटपुट घटनाओ के साथ होली का त्योहार काफी शान्ति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। सुरक्षा व्यवस्था के मददेनजर पुलिस व बीएसएफ बल के साथ प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा भी दौरा कर जायजा लेते रहे।



बच्चों को मिष्ठान वितरित करते एसपी व होली की खुशियां मनाते लोग।

## आपसी मतभेद भुलाकर एक दूसरे को लगाया गले

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** होली के त्योहार पर जहां एक ओर लोगो ने भारी उत्साह व उल्लास के साथ एक दूसरे से रंगो व गुलाल की होली खेलकर आपसी गिले सिकबे भुलाकर एक दूसरे को गले से लगाकर शुभकामनायें दी। त्योहार पर जनप्रतिनिधियों वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि इन्द्र कुमार गुप्ता, भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, पिछडा मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री विनय वर्मा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर, पूर्व कांग्रेस प्रदेश सचिव विजय मिश्र, डा. सुधीर दीक्षित, संजीव गुप्ता उर्फ टीटू, दीपू शर्मा, व्यापारी नेता आयुस पंडित, अंकित गुप्ता, बसपा नेता मुस्ताक अहमद भुटटो, भाकियू जिलाध्यक्ष शमीम सिददीकी, युवा समाजसेवी आसिफ जमाल खॉन उर्फ पप्पी, क्षत्रिय नेता राजसिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर सहित तमाम ने भी होली पर लोगो को गले लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी।

# संदेशखालि का मामला उठाने वाली पात्रा से पीएम ने की बात

● मोदी ने बशीरहाट से भाजपा उम्मीदवार रेखा को बताया शक्ति स्वरूपा

भाषा। नई दिल्ली-कोलकाता



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने मंगलवार को बशीरहाट लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रत्याशी रेखा पात्रा से बात की, जिन्होंने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के यौन उत्पीड़न का मुद्दा उठाया था। पार्टी के नेताओं ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने पात्रा को शक्ति स्वरूपा कहकर संबोधित किया तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता शाहजहां शेख और उनके खास लोगों के कथित अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने वाली पात्रा को भाजपा ने बशीरहाट लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। संदेशखालि गांव इसी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीट में से एक बशीरहाट का प्रतिनिधित्व वर्तमान में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) द्वारा किया जाता है। मोदी ने पात्रा से उनके प्रचार की तैयारियों और मतदाताओं के बीच भाजपा के समर्थन सहित अन्य मुद्दों के बारे में बात की। पात्रा ने इस दौरान संदेशखालि की महिलाओं की पीड़ा सुनाई। प्रधानमंत्री ने उन्हें शक्ति स्वरूपा कहकर संबोधित किया। शक्ति एक शब्द है, जो दुर्गा और काली जैसी देवी-देवताओं से जुड़ा है। पात्रा ने मोदी से कहा कि उन्हें अच्छा लग रहा है कि वह उनके साथ खड़े हैं और कहा, ऐसा लग रहा है, जैसे राम जी हमारे साथ हैं। भाजपा प्रत्याशी ने प्रधानमंत्री को बताया कि उन्होंने क्षेत्र की स्थिति के कारण 2011 से मतदान नहीं किया है। इस पर मोदी ने आश्वासन दिया कि निर्वाचन आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराएगा और यह सुनिश्चित करेगा कि हर कोई मतदान कर सके। बाद में, कोलकाता में पत्रकारों से बात करते हुए, पात्रा ने प्रधानमंत्री को उनके 'प्रोत्साहन' के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी को उनके प्रेरक और उत्साहवर्धक शब्दों के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। मैं इस सीट से मुझे उम्मीदवार बनाने के लिए, भाजपा को भी धन्यवाद देना चाहती हूं। संदेशखालि में हमें जिन भयावह अनुभवों से गुजरना पड़ा, उससे इलाके की सभी महिलाएं वाकिफ हैं। संदेशखालि की महिलाएं और स्थानीय लोग मेरे साथ हैं। तृणमूल कांग्रेस से निलंबित शेख और उसके कुछ सहयोगियों को ईडी अधिकारियों पर हमले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है और वे सीबीआई की हिरासत में हैं। इस बीच, संदेशखालि क्षेत्र में कुछ स्थानों पर दिखाई देने वाले हस्तलिखित पोस्टरों के बारे में पूछे जाने पर जिसमें लोकसभा चुनाव के लिए पात्रा की उम्मीदवारी की निंदा की गई है, पात्रा ने इसे टीएमसी और शेख से जुड़े गुंडों की करतूत करार दिया।उन्होंने कहा, शाहजहां शेख और उसके साथियों से जुड़े लोग मुझे बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। संदेशखालि के लोग मेरे साथ हैं। भाजपा द्वारा इस सीट से उन्हें उम्मीदवार बनाने की घोषणा के एक दिन बाद सोमवार को पोस्टर सामने आए थे, जिन पर हम रेखा को उम्मीदवार के रूप में नहीं चाहते और हम रेखा पात्रा को भाजपा उम्मीदवार के रूप में नहीं चाहते जैसे नारे लिखे थे। पात्रा संदेशखाली के सबसे मुखर प्रदर्शनकारियों में से थीं। पुलिस ने उनकी शिकायत के आधार पर स्थानीय बाहुबली शिबू हाजरा को गिरफ्तार किया था जो शाहजहां शेख का सहयोगी है। माना जाता है कि पात्रा उस समूह का भी हिस्सा थी, जिसने 6 मार्च को बारासात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनकी जनसभा के मौके पर मुलाकात की थी और प्रधानमंत्री को संदेशखालि की महिलाओं की दुर्दशा के बारे में बताया था।प्रधानमंत्री द्वारा पात्रा से बात करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, टीएमसी की वरिष्ठ नेता शशि पांजा ने कहा कि मोदी को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का अपमान करने के लिए भाजपा सांसद दिलीप घोष को फटकार लगानी चाहिए थी, जो 'बंगाल की एक और शक्ति स्वरूपा' हैं

## मोदी ने केरल सहकारी बैंक में गड़बड़ी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केरल की अलाथुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार प्रोफेसर टीएन सरसू से बात की और उन्हें आश्वासन दिया कि दक्षिणी राज्य के सहकारी बैंकों में कथित अनियमितताओं में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पार्टी नेताओं ने बताया कि फोन पर बातचीत के दौरान मोदी ने प्रोफेसर सरसू से अलाथुर सीट पर उनके प्रचार अभियान की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। सरसू कॉलेज की सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य हैं और रविवार को उनकी उम्मीदवारी की घोषणा की गई थी। प्रधानमंत्री से फोन पर बातचीत के दौरान सरसू ने केरल में कुछ सहकारी बैंकों द्वारा कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाया और दोषियों को दंडित करने के लिए उनके हस्तक्षेप की मांग की। इसका जवाब देते हुए मोदी ने कहा, मुझे खुशी है कि उम्मीदवार के तौर पर आप जनता और आम आदमी की समस्याओं का मुद्दा उठा रही हैं। यह किसी भी लोक सेवक के लिए अच्छी बात है। मुझे यह सुनकर खुशी हुई कि आप इस मुद्दे को उठा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने इसके बारे में सुना था और इसके बारे में कुछ जानकारी भी मिली थी। प्रधानमंत्री मोदी, प्रोफेसर सरसू की इस बात से सहमत थे कि बहुत सारे गरीब लोग सहकारी बैंकों में अनियमिता से प्रभावित हुए हैं।

## महाराष्ट्र में मस्जिद की दीवार पर राम शब्द लिखा, प्राथमिकी दर्ज

भाषा। छत्रपति संभाजीनगर

**महाराष्ट्र के बी**ड जिले के माजलगांव कस्बे में होली उत्सव के दौरान एक मस्जिद की दीवार पर राम शब्द लिखा हुआ पाए जाने के बाद पुलिस ने इस सिलसिले में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी के मुताबिक मस्जिद की दीवार पर उत्कीर्ण राम शब्द सोमवार शाम करीब पांच बजे देखा गया, इस दिन राज्य में होली का त्योहार मनाया गया था। पुलिस अधिकारी ने कहा, माजलगांव में मरकज नाम की एक मस्जिद है। इस मस्जिद की पिछली दीवार पर किसी ने होली के रंगों और पिचकारी से राम शब्द लिख दिया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सोमवार रात माजलगांव थाने में आकर इस घटना के सिलसिले में शिकायत दर्ज कराई और मामले में कार्वाई की मांग की।

## आजाद अधिकार सेना पार्टी के नेता ने पुलिसकर्मी पर लगाया मारपीट का आरोप

**नोएडा(उप्र)।** आजाद अधिकार सेना पार्टी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि गौतमबुद्ध नगर में एक पुलिस कर्मी ने उसके जिलाध्यक्ष के साथ मारपीट की है। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में आरोप लगाया, नोएडा सेक्टर-39 थानाक्षेत्र स्थित जीआईपी चौकी के पास नशे की हालत में एक पुलिसकर्मी ने उनकी पार्टी के जिला अध्यक्ष यतेंद्र शर्मा के साथ मारपीट की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर 39 सेकेंड का एक वीडियो भी साझा किया है जिसमें यतेंद्र शर्मा फटे हुए कपड़ों में रोते हुए दिखाई दे रहे है और कह रहे है कि एक सिपाही ने नशे की हालत में उनके साथ मारपीट की और स्कूटी की चाबी छीन ली।

## सिम्बायोसिस यूजी के आवेदन 12 अप्रैल तक मिलेंगे

**नई दिल्ली।** सिम्बायोसिस इंटरनेशनल डीम्ड युनिवर्सिटी -एसआईयू अपने अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम्स की व्यापक रेंज के लिए आवेदन अवधि समाप्त करने जा रही है। छात्र तीन प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से इन प्रोग्रामों में प्रवेश ले सकते हैं। सिम्बायोसिस एंट्रेन्स टेस्ट , सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट और सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेन्स एक्ज़ाम। इन तीनों परीक्षाओं के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 12 अप्रैल 2024 है। इन प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से छात्र अपनी उच्च शिक्षा शुरू करने का अवसर पा सकते हैं और संस्थान में लर्निंग का व्यापक अनुभव पा सकते हैं। परीक्षा देश भर के 76 शहरों में कम्प्यूटर बेस्ड मोड में होगीए यह परीक्षा 1 घण्टे तक 5 मई 2024 और 11 मई 2024 को होगी। सिम्बायासिस के यूजी इंस्टीट्यूट्स में प्रवेश के लिए छात्र दो टेस्ट अटेम्प्ट कर दो सर्वश्रेष्ठ शॉट्स चुनने का मौका पा सकते हैं।नेगेटिव मार्किंग लागू नहीं होगी।

## टाटा पॉवर रामनगरी के विकास में देगी योगदान

**मुंबई।** इलेक्ट्रिक वाहन-ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अग्रणी, टाटा पॉवर और अयोध्या डेवलपमेंट अथॉरिटी एडीएद्ध ने शहर में ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए हैं। इस रणनीतिक गठबंधन का उद्देश्य अयोध्या में इलेक्ट्रिक वाहन को अपनाने में तेजी लाना और परिवहन के सस्टेनेबल साधनों को बढ़ावा देना है। इस परियोजना द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन स्थापित करके अयोध्या और नजदीकी मुख्य शहरों के बीच महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी स्थापित की गई है। महत्वपूर्ण मार्गोंए जैसे एनएच27 द्वारा अयोध्या से लखनऊ के बीचए एनएच330 द्वारा अयोध्या से राय बरेली के बीच, एनएच330 द्वारा अयोध्या से प्रयागराज के बीच और एनएच27 द्वारा अयोध्या से गोरखपुर के बीच स्थित ये स्टेशन यात्रियों और यहाँ के स्थानीय लोगों के यात्रा के अनुभवों में काफी सुधार ले आएंगे।अयोध्या में कलेक्टर कार्यालय एमएलसीपी पार्किंग में इन स्टेशनों का आधिकारिक अनावरण कर उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया।

## थीम पर आधारित परिधान बनेंगे

**बेंगलुरू ।** भारत के सबसे बड़े प्रासंगिक और इवनिंग वियर ब्रांड, सोच ने अपना लेटेस्ट स्प्रिंग समर कलेक्शन 2024 जारी किया । इस नए कलेक्शन में विभिन्न प्रकार के फैब्रिक और स्टाइल शामिल हैं, जो युनिक एथनिक फ्लेयर के साथ आपके वॉर्डरोब को बेहतर बनाने का वादा करती है। यह कलेक्शन इंडिगो ह्यूज़, शिफ़ली चिक, कोटा कॉउचर, आइवरी एलिगेंस, ब्रीज़ी थ्रेड्स और विविड ब्लूम्स सहित थीम का एक क्यूरेटेड पैलेट है। प्रत्येक कलेक्शन एथनिक वियर में नए बदलाव का वादा करता है, जिसे आज की महिलाओं की मॉडर्न वॉर्डरोब की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ,सोच के डिज़ाइन एक आकर्षक रेंज से पूरक है, जिनमे साड़ी, चूड़ीदार सेट, ड्रेस, कुर्ता, कफ्तान और लहंगे जैसे विविध कलेक्शन शामिल हैं।

# प्रत्येक महिला सम्मान की हकदार है

● कंगना ने कांग्रेस नेताओं की अपमानजनक टिप्पणियों पर कहा

भाषा। चंडीगढ़-नई दिल्ली



**अभिनेत्री कंगना** रनौत ने मंगलवार को कहा कि प्रत्एक महिला, चाहे उसकी पृष्ठभूमि और पेशा कुछ भी हो, वह सम्मान की हकदार है। उनका यह बयान मंडी पर कांग्रेस नेताओं की टिप्पणियों के बाद आया, जिसने एक बड़ा राजनीतिक विवाद छेड़ दिया है। रनौत (37) हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं और भाजपा उम्मीदवार के रूप में अपनी राजनीतिक पारी की भी शुरूआत कर रही हैं। अभिनेत्री ने कहा कि मंडी को दुनियाभर में अक्सर छोटा काशी कहा जाता है और इस निर्वाचन क्षेत्र पर अपमानजक टिप्पणियों से वह आहत हुई हैं। रनौत और मंडी पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के बाद कांग्रेस निशाने पर है क्योंकि ए टिप्पणियां पार्टी की नेता सुप्रिया श्रीनेत और एच.एस. अहीर के सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट की गई थीं। अभिनेत्री ने चंडीगढ़ हवाई अड्डे के बाहर कहा, एक महिला का पेशा चाहे कुछ भी हो, वह शिक्षिका, अभिनेत्री, पत्रकार, राजनीतिक नेता या यौन कर्मी ही क्यों न हो, सभी सम्मान की हकदार हैं। मैं खासतौर से मंडी के बारे में की गई निंदनीय टिप्पणियों से आहत हूं...मंडी के सभी लोग इन टिप्पणियों से आहत हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस के दोनों नेताओं के खिलाफ कोई कार्वाई करने की उनकी योजना है, इस पर रनौत ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने उन्हें दिल्ली बुलाया है और वह उनसे मुलाकात करने के बाद ही जवाब देंगी। रनौत कई मुद्दों पर अपनी विवादास्पद टिप्पणियों को लेकर अक्सर चर्चा में रही हैं। उन्होंने कहा, मुझे पार्टी की गरिमा बनाए रखनी होगी। मुझे उनके साथ चलना होगा और उनके निर्देशों का पालन करना होगा। बांसुरी स्वराज, अमित मालवीय और हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सहित भाजपा के कई नेताओं ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। विवाद पैदा होने पर कांग्रेस प्रवक्ता श्रीनेत ने सोमवार को अपने बचाव में कहा कि उनके फेसबुक और इंस्टाग्राम खातों का संचालन कई लोग करते हैं और उनमें से किसी ने अनुचित पोस्ट की। उन्होंने कहा, जैसे ही मुझे पता चला मैंने वह पोस्ट हटा दी।

# कंगना लड़ाकू हैं, जरूर जवाब देंगी :हेमा मालिनी

भाषा। वृंदावन

**भारतीय जनता पार्टी (** भाजपा) की सांसद एवं अभिनेत्री हेमा मालिनी ने कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत की कंगना रनौत के खिलाफ कथित टिप्पणी को लेकर छिड़े विवाद के बीच मंगलवार को कहा कि वह (कंगना) मजबूत हैं तथा जरूर जवाब देंगी। हेमा मालिनी ने भाजपा द्वारा हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से कंगना को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद विपक्षी नेता की कंगना के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों का विरोध करते हुए यह बात कही। हेमा ने रनौत को एक साहसी और स्पष्टवादी महिला करार देते हुए कहा कि वह राजनीति के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं। उत्तर प्रदेश की मथुरा लोकसभा सीट से दो बार सांसद रह चुकीं हेमा मालिनी ने पीटीआई-भाषा को दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा, जब आप खुद एक महिला हों, तो किसी अन्य महिला के खिलाफ ऐसी टिप्पणी करना गलत है। सिर्फ इसलिए कि वह फिल्मी दुनिया की पृष्ठभूमि से आती हैं... वह एक कलाकार हैं और उन्होंने खुद को एक बेहतरीन अभिनेत्री के रूप में साबित किया है, उन्हें इतने सारे पुरस्कार मिले हैं। वह बहुत मुंहफट और बेबाक हैं। वह हर चीज में हिस्सा लेती हैं। वह राजनीति के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं। श्रीनेत के सोशल मीडिया अकाउंट से रनौत और मंडी को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर विवाद होने के बाद, कई लोगों ने रनौत का समर्थन किया है। हेमा मालिनी ने चार बार की राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता कंगना रनौत को बधाई भी दी, जो अपने जन्मस्थान मंडी से लोकसभा चुनाव लड़कर राजनीति में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं।

# सरकार अगले दो-तीन दिन में पांच लाख टन रबी प्याज खरीदेगी

● मंडी कीमतों में संभावित गिरावट की चिंता

भाषा। नई दिल्ली



**प्याज निर्यात प्रतिबंध** को आगे बढ़ाने की वजह से मंडी की कीमतों में संभावित गिरावट की चिंताओं के बीच सरकार ने मंगलवार को किसानों को भरोसा दिलाया कि वह उनके हितों की रक्षा के लिए अगले 2-3 दिन में पांच लाख टन रबी प्याज की खरीद शुरू करेगी। पिछले सप्ताह वाणिज्य मंत्रालय ने प्याज निर्यात पर प्रतिबंध अगले आदेश तक बढ़ा दिया था। प्याज निर्यात पर रोक 31 मार्च तक वैध थी। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने संवाददाताओं से कहा, हम किसानों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि उनकी चिंता का ध्यान रखा जाएगा। ...हम बफर स्टॉक बनाए रखने के लिए अगले 2-3 दिन में पांच लाख टन रबी (सर्दियों) की फसल की खरीद शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध से व्यापारियों पर असर पड़ रहा है, न कि किसानों पर, क्योंकि महाराष्ट्र में औसत मंडी (थोक) कीमतें फिलहाल लगभग 13-15 रुपए प्रति किलोग्राम हैं, जो पिछले वर्ष के स्तर से लगभग दोगुनी है। उन्होंने कहा, भले ही कीमतें गिरें, हम किसानों के हितों की रक्षा करेंगे। सचिव ने कहा कि सरकार आमतौर पर प्रचलित मंडी दरों पर बफर स्टॉक के लिए प्याज खरीदती है। हालांकि, यदि दरें उत्पादन लागत से नीचे आती हैं, तो सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि कम से कम किसानों की लागत पूरी हो। वर्ष 2023-24 में सरकार ने बफर स्टॉक के लिए 17 रुपए प्रति किलोग्राम की औसत दर पर 6.4 लाख टन प्याज (रबी और खरीफ दोनों फसलें) खरीदा था। उन्होंने कहा, लगभग पूरी मात्रा का निपटान कर दिया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय में विशेष कार्याधिकारी निधि खरे ने कहा कि पिछले साल प्याज की खरीद जून में की गई थी, लेकिन इस साल यह अगले दो दिन में जल्दी शुरू होने जा रही है। दो नोडल सहकारी एजेंसियां - नेफेड और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) खरीद कार्य को अंजाम देंगी। खरीद के लिए, नेफेड और एनसीसीएफ को प्याज किसानों का पूर्व-पंजीकरण करना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसानों को भुगतान प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से उनके बैंक खातों में किया जाए।खुदरा कीमतों पर रबी प्याज उत्पादन में संभावित गिरावट के प्रभाव के बारे में सचिव ने कहा कि देश में औसत खुदरा कीमतें फिलहाल 33 रुपए प्रति किलोग्राम पर स्थिर हैं। सरकार ने आपूर्ति-मांग के अंतर को दो तरह से निपटने के लिए कार्ययोजना बनाई है। उन्होंने कहा कि सरकार विकिरण उपचार के माध्यम से।,322 टन प्याज के स्व-जीवन (शेल्फ लाइफ) में सुधार का परीक्षण कर रही है और दूसरी बात यह है कि प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में किसानों को मौसम की स्थिति के आधार पर शुरुआती खरीफ फसल उगाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# सीएए पर केरल के मुख्यमंत्री की टिप्पणी को लेकर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज हो : भाजपा

भाषा। पलक्कड़(केरल)



**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) ने मंगलवार को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) पर केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के के हालिया भाषणों को लेकर उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग की। भाजपा ने आरोप लगाया कि विजयन का उद्देश्य मुस्लिम समुदाय में असुरक्षा पैदा करना और उनके बीच धर्मांधता को बढ़ावा देना है। वरिष्ठ भाजपा नेता पी. के कृष्णदास ने मार्क्सवादी नेता पर केंद्र द्वारा लागू सीएए के खिलाफ अपने भाषणों के माध्यम से समाज में विभाजन पैदा करने और धार्मिक समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि सीएए पर विजयन द्वारा किया गया हालिया भाषण संवैधानिक मानदंडों और पद की शपथ का उल्लंघन है, और इस प्रकार उन्होंने अपने पद पर बने रहने का कानूनी अधिकार खो दिया है। कृष्णदास ने मलप्पुरम में सोमवार को आयोजित सीएए विरोधी रैली के दौरान विजयन द्वारा दिए गए बयानों का संदर्भ देते हुए कहा कि ए वही तर्क थे जो मोहम्मद अली जिन्ना ने दशकों पहले दो राष्ट्रों की मांग करते हुए दिए थे। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में मुसलमान दोयम दर्जे के नागरिक हैं और केंद्र सरकार, भाजपा और आरएसएस उनकी नागरिकता निलंबित करके उन्हें पाकिस्तान में भगाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि उनकी भाषा में जिन्ना की विचारधारा की झलक मिलती है क्योंकि उन्होंने भी कहा था कि मुसलमान भारत में दोयम दर्जे के नागरिक हैं और असुरक्षित हैं, इसलिए उनके लिए एक अलग राष्ट्र होना चाहिए।

## भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह

**नई दिल्ली।** पंजाब से तीन बार कांग्रेस के सांसद रहे रवनीत सिंह बिट्टू मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। लोकसभा चुनाव से पहले पाला बदलने के बाद बिट्टू ने दावा किया कि लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिर से सत्ता में लाने का मन बना लिया है। बिट्टू पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते हैं। बेअंत सिंह को राज्य में आतंकवाद विरोधी अभियान का नायक माना जाता है। पद पर रहते हुए एक आतंकवादी हमले में उनकी हत्या कर दी गई थी। बिट्टू लोकसभा में लुधियाना का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# होली में कट्टरपंथियों ने जनजातीय महिलाओं पर हमला किया : बंदी संजय कुमार

भाषा। हैदराबाद



**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव बंदी संजय कुमार ने आरोप लगाया है कि दो दिन पहले यहां चेंगिचेरला में होली समारोह का अयोजन कर रही अनुसूचित जनजाति (एसटी)समुदाय की महिलाओं पर सांप्रदायिक कट्टरपंथियों ने हमला किया। चेंगिचेरला में विभिन्न समुदायों से संबंधित दो समूहों के सदस्यों के बीच झड़प की घटना का एक वीडियो जारी करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार की तरह वर्तमान कांग्रेस सरकार तटस्थता से रहित होकर समाज के एक वर्ग का समर्थन कर रही है। उन्होंने सोमवार को जारी वीडियो में दावा किया कि अगर भाजपा या विश्व हिंदू परिषद का कोई नेता हमले की शिकार महिलाओं से मिलने की कोशिश कर रहा है, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहती है कि समाज के सभी वर्गों के साथ समान व्यवहार किया जाए। कुमार ने कहा, भाजपा चेंगिचेरला में सांप्रदायिक रूप से कट्टर गुंडों जो रजाकारों (हैदराबाद की पूर्व रियासत में निजाम शासन के सशस्त्र समर्थक) के उत्तराधिकारी हैं और असामाजिक तत्वों द्वारा अनुसूचित जनजाति की महिलाओं पर हमले की कड़ी निंदा करती है। उन्होंने दावा किया, बीआरएस को हिंदू समाज ने दफन कर दिया है और कांग्रेस को यह एहसास करना चाहिए कि अगर उसने एक वर्ग का समर्थन किया तो उसका भी यही हश्र होगा। उन्होंने मांग की कि फिलहाल लागू सभी कानूनों के तहत आपराधिक कार्वाई शुरू करने के अलावा एसटी समुदाय की महिलाओं पर हमला करने वालों के खिलाफ अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए जाने चाहिए। उन्होंने दावा किया कि महिलाओं पर हमला किया गया और पुलिस ने लाठीचार्ज का सहारा लेकर हिंदुओं को नियंत्रित करने की कोशिश की। कुमार आसन्न लोकसभा चुनाव में करीमनगर सीट से दोबारा चुनाव जीतन के लिए प्रयासरत हैं। पुलिस ने सोमवार को कहा कि शहर के बाहरी इलाके चेंगिचेरला में एक धार्मिक स्थल के पास तेज आवाज में संगीत बजाने को लेकर हुई बहस के बाद विभिन्न समुदायों के दो समूहों के सदस्य आपस में भिड़ गए और एक-दूसरे पर पथराव किया। रविवार शाम को दो समूहों के बीच झड़प के बाद इलाके में हल्का तनाव व्याप्त हो गया, जिसमें चार लोगों को मामूली चोटें आईं।

## क्विक न्यूज

### एलआईसी दुनिया का सबसे मजबूत बीमा ब्रांडः रिपोर्ट

*नई दिल्ली*। बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) विश्वस्तर पर सबसे मजबूत बीमा ब्रांड के रूप में उभरी है। ब्रांड फाइनेंस इंश्योरेंस 100, 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, एलआईसी का ब्रांड मूल्य 9.8 अरब अमेरिकी डॉलर पर स्थिर बना हुआ है। साथ ही ब्रांड स्ट्रेंथ इंडेक्स स्कोर 88.3 और संबद्ध एएए ब्रांड स्ट्रेंथ रेटिंग भी है। ब्रांड फाइनेंस इंश्योरेंस के बयान के अनुसार, एलआईसी के बाद सूची में कैथे लाइफ इंश्योरेंस को दूसरे सबसे मजबूत ब्रांड के रूप में दर्शाया गया है। कैथे लाइफ इंश्योरेंस का ब्रांड मूल्य नौ प्रतिशत बढ़कर 4.9 अरब डॉलर हो गया है। इसके बाद एनआरएमए इंश्योरेंस है, जिसका ब्रांड मूल्य 82 प्रतिशत बढ़कर 1.3 अरब डॉलर हो गया है। बयान के अनुसार, चीन के बीमा ब्रांड ने वैश्विक रैंकिंग में अपना दबदबा बनाए रखा है। पिंग एन ब्रांड मूल्य में चार प्रतिशत की वृद्धि के साथ 33.6 अरब डॉलर के साथ अग्रणी है। इसके बाद चाइना लाइफ इंश्योरेंस और सीपीआईसी क्रमशः तीसरे और पांचवें स्थान पर हैं। इसके अतिरिक्त, एलआईसी इंडिया ने वित्त वर्ष 2022-23 में 39,090 करोड़ रुपए का उच्चतम पहले वर्ष का प्रीमियम संग्रह हासिल किया, जबकि एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस ने क्रमशः 15,197 करोड़ रुपए और 10,970 करोड़ रुपए का नया प्रीमियम संग्रह हासिल कर निजी क्षेत्र का नेतृत्व किया। सरकार ने अगस्त, 2022 से प्रभावी एलआईसी कर्मचारियों के लिए 17 प्रतिशत वेतन संशोधन को मंजूरी दी थी जिससे।,10,000 से अधिक कर्मचारियों को लाभ हुआ।

### विजयपति ने पुत्र गौतम के साथ सुलह से इनकार किया

**नई दिल्ली।** रेमंड के संस्थापक विजयपत सिंघानिया ने मंगलवार को अपने अलग हो चुके पुत्र गौतम सिंघानिया के साथ सुलह से इनकार कर दिया। उनके बेटे ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर डाली थी, जिससे उनके मतभेद दूर होने के अटकलें लगने लगी थी। विजयपत सिंघानिया ने एक वीडियो संदेश मे कहा कि वह बेमन से अपने बेटे गौतम से मिलने गए थे। उनके बेटे गौतम हरि सिंघानिया ने कॉफी पीने पर जोर दिया। इसका मकसद मेरी तस्वीर लेना और मीडिया को गलत संदेश देना था। उल्लेखनीय है कि उद्योगपति गौतम सिंघानिया ने 20 मार्च को सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने पिता विजयपत के साथ एक तस्वीर डाली थी। उन्होंने लिखा था, आज अपने पिता को घर पर और उनका आशीर्वाद पाकर खुश हूं। आपके अच्छे स्वास्थ्य की हमेशा कामना करता हूं पापा। इसपर अब भी रेमंड समूह की ओर से जवाब का इंतजार है। वीडियो संदेश में, वरिष्ठ सिंघानिया ने कहा, चूंकि मीडिया पूछ रहा है, मै अपनी स्थिति स्पष्ट कर रहा हूं। बुधवार 20 मार्च को, जब मै हवाई अड्डे के लिए जा रहा था, मुझे गौतम हरि सिंघानिया (जीएचएस) के सहायक का फोन आया, जो बार-बार मुझे जेके हाउस आने के लिए मनाने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने कहा, जब मैने मना कर दिया तो जीएचएस खुद लाइन पर आए और कहा कि मै एक कप कॉफी के साथ केवल पांच मिनट का समय लूंगा। मै बहुत बेमन से गया था। मुझे इस बात का अहसास नही था कि जीएचएस का मकसद मेरे साथ तस्वीर लेने का था।

### सोलर पावर से बचाएंगे पर्यावरण : अनुराग गर्ग

**नोएडा।** जैक्सन सोलर के सीईओ अनुराग गर्ग ने इस साझेदारी पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा पॉवरएनसन के साथ हमारी साझेदारी भारत को आत्मनिर्भर ऊर्जा भविष्य की ओर ले जाने के हमारे चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल केवल बाजार में हमारी उपस्थिति बढ़ाने के बारे में नहीं है, यह पर्यावरण और समाज पर सार्थक प्रभाव डालने के बारे में है। ऊर्जा और इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी जैक्सन ग्रुप ने दुबई स्थित पॉवरएनसन कंपनी के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। सौर उत्पाद की बिक्री में पॉवरएनसन एक माहिर कंपनी के रूप में जानी जाती है यह साझेदारी के अंतर्गत जैक्सन ग्रुप को लखनऊ यूपी और महाराष्ट्र में सौर उत्पाद पोर्टफोलियो के लिए विशेष वितरकशिप के अधिकार प्राप्त हुए है यह उत्पादों का निर्माण जैक्सन समूह द्वारा नोएडा में उनकी सुविधा में किया जाएगा इस सहयोग का उद्देश्य जैक्सन के वितरण नेटवर्क को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत करना है। इस सहयोगसे विभिन्न क्षेत्रों और अन्य घटकों के लिए एक स्थायी ऊर्जा भविष्य को आगे ले जाने मे मद्द मिलेगी। इस नये घटनाक्रम पर टिप्पणी करते हुए पॉवरएनसन के बिक्री और व्यवसाय विकास प्रमुख अभिनव शर्मा ने कहा जैक्सन के साथ हमारी साझेदारी यूपी और महाराष्ट्र में टिकाऊ और अविरत ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करती है।

### होली पर शॉप्सी मेले में लोगों की बढ़त

नई दिल्ली। भारत के तेजी से बढ़ रहे हाइपरवैल्यू ई-कॉमर्स प्लेटफार्म शॉप्सी ने 12 से 17 मार्च के दौरान द ग्रैंड शॉप्सी मेला के चौथे एडिशन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस दौरान ग्राहकों को किफायती कीमतों पर जोरदार उत्पाद उपलब्ध कराए गए। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शॉप्सी ने ग्रैंड शॉप्सी मेला के चौथे एडिशन के दौरान 16करोड़ उत्पादों को फ्री डिलीवरी तथा आकर्षक कीमतों पर उपलब्ध कराया। द ग्रैंड शॉप्सी मेला के चौथे एडिशन में दैनिक मांग और नए ग्राहकों में 2एक्स बढ़त दर्ज की गई। कपिल थिरानी प्रमुख शॉप्सीए फ्लिपकार्ट ने कहा कि हमारा मिशन भारत के शॉपिंग अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करना है ताकि ग्राहकों को बटन दबाने भर से ही तरह-तरह के प्रोडक्ट्स तक आसान पहुंच का लाभ मिले और वो भी किफायती कीमत पर। हम आगे बढ़ते हुए अपने ग्राहकों के लिए उत्पादों तक पहुंच तथा विकल्पों में विस्तार करने की अपनी नीति को और मजबूत बना रहे हैं और साथ ही, ग्रैंड शॉप्सी मेला जैसे आयोजनों के जरिए आकर्षक कीमतें भी सुनिश्चित करते हैं।

### तकनीकी से मिलेगा डिजिटल लाभ

**मुंबई।** सेल्सफोर्स ने भारत के अग्रणी एसएफबीए एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक एयू एसएफबी के साथ गठबंधन की घोषणा की। इस गठबंधन का उद्देश्य बैंक के वाहन लोन के ग्राहकों के लिए एडवांस्ड डिजिटल कस्टमर ऑनबोर्डिंग सॉल्यूशन का क्रियान्वयन करना है। इस साझेदारी से टेक्नोलॉजी अपनाने की एयू एसएफबी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है,ताकि ग्राहक के साथ जुड़ाव बढ़ाकर ऑपरेशनल एफिशियंसी में सुधार लाया जा सके। इस साझेदारी के बारे में भास्कर करकेरा हेड ऑफरिटेल एस्सेट्स एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक ने कहा कि हमें अपने सबसे पुराने और सबसे मजबूत उत्पादों में से एक वाहन लोन के ग्राहकों के लिए प्रक्रिया को डिजिटाईज़ करने के लिए सेल्सफोर्स के साथ साझेदारी करने की खुशी है। एयू एसएफबी में हम अपने प्रयासों को ग्राहकों पर केंद्रित रखते हैंए और सेल्सफोर्स के साथ हमारा यह सहयोग इस प्रतिबद्धता को मजबूत बनाएगा। इस सहयोग से न केवल हमारी उत्पादकता बढ़ेगी, बल्कि ग्राहकों का अनुभव एक नए आयाम में पहुँच जाएगा। सेल्सफोर्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर . सेल्स अरुण कुमार परमेश्वरन ने कहा कि आज टेक्नोलॉजी बैंकिंग में इनोवेशन के लिए आकर्षक अवसर प्रदान करती है। सेल्सफोर्स में हम जानते हैं कि इन इनोवेशन के लिए विश्वास, डिजिटाईज़ेशन और पर्सनलाईज़ेशन बहुत आवश्यक है।

### जयपुर में ईपीएफओ का प्रवर्तन अधिकारी 1.50 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की एक टीम ने जयपुर में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के एक प्रवर्तन अधिकारी को 1.50 लाख रुपए की कथित रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। ब्यूरो की ओर से बयान मे यह जानकारी दी गई। बयान मे बताया गया कि गिरफ्तार अधिकारी के घर से नौ लाख रुपए से अधिक बरामद किए गए है। इसके अनुसार ईपीएफओ के क्षेत्रीय कार्यालय मे प्रवर्तन अधिकारी दीपक बड़जात्या को रिश्वत मामले मे गिरफ्तार किया गया है। इसके अनुसार परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी ।

# भारत राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने में फिलीपीन का समर्थन करता है: जयशंकर

**भाषा।** मनीला



**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ फिलीपीन के विवाद के बीच मंगलवार को कहा कि अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने में दक्षिणपूर्व एशियाई देश का भारत दृढ़ता से समर्थन करता है और वह रक्षा एवं सुरक्षा समेत सहयोग के नए क्षेत्रों में संभावनाएं तलाशना चाहता है। जयशंकर ने मनीला में फिलीपीन के विदेश मंत्री एनरिक मनालो के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में ए टिप्पणियां कीं।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, फिलीपीन के मंत्री मनालो के साथ सार्थक मुलाकात हुई। राजनीति, रक्षा, सुरक्षा व समुद्री सहयोग, व्यापार व निवेश, बुनियादी ढांचा, विकास सहयोग, शिक्षा, डिजिटल, प्रौद्योगिकी, संस्कृति तथा दूतावास संबंधी क्षेत्रों में संबंध मजबूत बनाने पर व्यापक चर्चा हुई।

उन्होंने हिंद-प्रशांत, दक्षिणपूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान), पश्चिम एशिया, यूक्रेन, गुट निरपेक्ष आंदोलन तथा संयुक्त राष्ट्र समेत वैश्विक, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर विचार साझा किए।

जयशंकर कहा, चूंकि दोनों लोकतंत्र नियम आधारित व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध हैं, लिहाजा हमारा सहयोग गहरा बनाने के लिए उत्साहित हूं।

मनालो के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में जयशंकर ने कहा मैं इस अवसर पर दृढ़ता के साथ दोहराना चाहता हूं कि भारत राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने में फिलीपीन का समर्थन करता है।

उन्होंने कहा कि बदलती दुनिया के साथ यह आवश्यक है कि भारत और फिलीपीन उभरते विश्व को आकार देने में अधिक निकटता से सहयोग करें।

विदेश मंत्री ने एक सवाल पर कहा कि प्रत्एक देश को अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा, हमने इस पर भी चर्चा की है। जयशंकर ने कहा कि हाल में भारत और फिलीपीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों में बहुत उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

दक्षिण चीन सागर में घटनाक्रम के बीच फिलीपीन के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने की भारत की योजनाओं पर एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा, आपको उस सहयोग को उसकी खूबियों के आधार पर देखने की जरूरत है। यह जरूरी नहीं है कि इसका संबंध किसी खास स्थिति से है। उन्होंने कहा, लेकिन आज यह स्वाभाविक है कि जब दो देशों के बीच यह विश्वास तेजी से बढ़ रहा है, लिहाजा हम सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों की संभावनाओं को तलाश करेंगे। और निश्चित तौर पर रक्षा तथा सुरक्षा उनमें से एक है।

गौरतलब है कि चीन ज्यादातर दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा जताता है जबकि फिलीपीन, वियतनाम, मलेशिया, ब्रूनेई और ताइवान भी उस पर अपने दावे जताते हैं।

मनालो ने कहा कि जब समुद्री क्षेत्र की बात आती है तो फिलीपीन ने लगातार अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय नियमों व विनियमों का पालन करने की आवश्यकता की पुष्टि की है।

दक्षिण चीन सागर में बीजिंग की हालिया गतिविधियों के बारे में उन्होंने चीन पर फिलीपीन के जहाजों को उसके सैनिकों तक सामान की आपूर्ति करने से रोकने का आरोप लगाया।

मनालो ने कहा, भारत और फिलीपीन की मुक्त, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत सुनिश्चित करने में गहरी रूचि है। और इस संदर्भ में, हम रक्षा व सुरक्षा सहयोग पर नियमित रूप से व्यापक बातचीत कर रहे हैं।

जयशंकर ने कहा कि प्रत्एक देश का समुद्री सुरक्षा में हित है। उन्होंने कहा, हमारे मामले में संभवत: यह कई अन्य देशों से कहीं अधिक है।

उन्होंने कहा, बैठकें तथा यात्राएं हमारे दोनों देशों के बीच बढ़ती निकटता का एक संकेतक है। लेकिन यह व्यापार और निवेश तथा स्वास्थ्य व खाद्य सुरक्षा से लेकर शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, रक्षा तथा समुद्री सहयोग तक कई क्षेत्रों में समान रूप से दिखाई देता है।

जयशंकर ने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार पिछले साल के तीन अरब डॉलर के स्तर के पार चला गया है और उन्होंने विश्वास जताया कि यह बढ़ता रहेगा।

उन्होंने कहा, मंत्री मनालो के साथ हुई चर्चा में मेरा संदेश यही था कि हर साल करीब सात फीसदी की दर से वृद्धि कर रही पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था फिलीपीन के साथ अपनी भागीदारी बढ़ाने की तैयारी कर रही है।

जयशंकर ने कहा कि उन्होंने और उनके समकक्ष ने यह देखते हुए समुद्री सुरक्षा में हमारे साझा हितों पर चर्चा की कि हमारे दोनों देशों ने वैश्विक जहाजरानी उद्योग में कितना योगदान दिया है। उन्होंने लाल सागर तथा अरब सागर में मौजूदा खतरों से निपटने के लिए भारतीय नौसेना की तैनाती के बारे में भी मनालो को जानकारी दी। जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ की ओर बढ़ने पर उन्हें विश्वास है कि और भी बहुत कुछ उनका इंतजार कर रहा है।

# बलोच चरमपंथियों के नौसेना के अड्डे पर हमले को पाक सुरक्षा बलों ने नाकाम किया

**भाषा।** कराची

**पाकिस्तान के** अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सशस्त्र बलोच चरमपंथियों ने एक महत्वपूर्ण नौसेना अड्डे में प्रवेश करने की कोशिश की लेकिन सुरक्षा बलों ने हमले को नाकाम करते हुए चार आतंकवादियों को ढेर कर दिया।

यह हमला सोमवार रात तुरबत जिले में हुआ। मकरान के आयुक्त सईद अहमद उमरानी ने मीडिया को बताया कि सुरक्षा बलों ने पीएनएस सिद्दीकी नौसेना हवाई अड्डे पर एक आतंकवादी हमले को नाकाम कर दिया था, जो देश के सबसे बड़े नौसैनिक हवाई स्टेशनों में से एक है।

उन्होंने कहा, हथियारबंद लोगों ने हवाई अड्डे की सीमा के तीन तरफ से हमला किया, लेकिन सुरक्षा बलों ने तुरंत जवाबी कार्वाई की और परिसर में घुसपैठ की उनकी कोशिश को नाकाम कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने रात भर गोलीबारी और विस्फोटों की आवाज़ सुनी।

सेना की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, 25 और 26 मार्च की दरमियानी रात को आतंकवादियों ने बलूचिस्तान प्रांत के तुरबत इलाके में पाकिस्तान नौसेना के अड्डे पीएनएस सिद्दीकी पर हमला करने की कोशिश की।

बयान के मुताबिक, वहां तैनात सैनिकों ने तेज़ी से और प्रभावी तरीके से कार्वाई करते हुए हमले को नाकाम कर दिया और सुरक्षा बलों के संयुक्त अभियान में सभी चार आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया।

भीषण मुठभेड़ में अर्धसैनिक बल फ्रंटियर कोर बलूचिस्तान के 24 वर्षीय सिपाही की भी मौत हो गई।

एक सुरक्षा अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि अभियान में छह आतंकवादी मारे गए और वे हवाई स्टेशन या हवाई जहाज को कोई नुकसान पहुंचाने में नाकाम रहे।

अधिकारी ने बताया कि संवेदनशील नौसैनिक हवाई स्टेशन को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने दावा किया कि हमले में उसकी मजीद ब्रिगेड का हाथ था।

बलूचिस्तान में सुरक्षा बलों और प्रतिष्ठानों पर यह तीसरा बड़ा हमला था जिसकी जिम्मेदारी बीएलए ने ली है। पहले के दोनों हमलों को भी सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दिया था।

इस साल के शुरु में मछ शहर में सुरक्षा बलों पर हमला किया गया था जिसमें 10 लोगों की मौत हुई थी लेकिन मछ जेल में घुसने की कोशिश को सुरक्षा बलों ने कामयाब नहीं होने दिया था।

सुरक्षा बलों ने पिछले सप्ताह इसी प्रांत में स्थित ग्वादर बंदरगाह प्राधिकरण परिसर में घुसने की कोशिश कर रहे आठ आतंकवादियों को ढेर कर दिया था। बीएलए ने 24 मार्च को हमले की जिम्मेदारी ली थी।

ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगे बलूचिस्तान में लंबे समय से हिंसा जारी है। पूर्व में बलोच विद्रोही समूहों ने 60 अरब अमेरिकी डॉलर की चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं को निशाना बनाते हुए कई हमले किए हैं।

बीएलए बलूचिस्तान में चीन के निवेश का विरोध करता है। वह चीन और पाकिस्तान पर संसाधन संपन्न प्रांत के शोषण का आरोप लगाता है। इस आरोप को अधिकारियों ने खारिज किया है। बीएलए के माजिद ब्रिगेड का गठन 2011 में हुआ था जो संगठन का गुरिल्ला प्रकोष्ठ है।

## पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में आत्मघाती हमले में छह चीनी नागरिक मारे गए

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** अशांत पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर-पख्तूनख्वा में मंगलवार को विस्फोटक से भरे एक वाहन ने एक बस को टक्कर मार दी, जिससे बस में सवार कम से कम छह चीनी नागरिकों की मौत हो गई। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। ए चीनी नागरिक दासू जलविद्युत परियोजना पर काम कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि प्रांत के शांगला जिले के बिशम इलाके में हुई घटना में कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब इस्लामाबाद से कोहिस्तान जा रही एक बस को विपरीत दिशा से आ रहे एक वाहन ने टक्कर मार दी।

अभी तक किसी भी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। डॉन डॉट कॉम की खबर के अनुसार, बिशम थाना प्रभारी (एसएचओ) बख्त जहीर ने कहा कि घटना एकै आत्मघाती विस्फोटै थी और संबंधित अधिकारी सबूत इकट्ठा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और शवों को अस्पताल ले जाया जा रहा है। एसएचओ ने कहा, ैहम जांच करेंगे कि आत्मघाती हमलावर का वाहन कहां से और कैसे आया और यह कैसे हुआै जियो न्यूज ने एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के हवाले से कहा कि बस में सवार कम से कम छह चीनी मारे गए और आत्मघाती हमले में कई अन्य यात्री घायल हो गए। शांगला कोहिस्तान के करीब है, जहां 2021 में एक आतंकवादी हमले में नौ चीनी समेत 13 लोग मारे गए थे। साठ अरब अमेरिकी डॉलर वाले चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के तत्वावधान में चल रही कई परियोजनाओं पर हजारों चीनी कर्मी पाकिस्तान में काम कर रहे हैं।

# इजराइल और हमास पर गाजा में युद्धविराम के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव

**एपी।** रफाह (गाजा पट्टी)

**हमास ने** युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई के लिए अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों के एक ताजा प्रस्ताव को खारिज कर दिया है, वहीं इजराइल ने दोनों का आह्वान करने वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक संकल्प पर नाराजगी जताई है।

गाजा में छह महीने से युद्ध चल रहा है। दोनों ने ही सोमवार देर रात रक्तपात को रोकने के नवीनतम अंतरराष्ट्रीय प्रयासों को खारिज कर दिया।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजराइल हमास को खत्म करने और कई बंधकों की वापसी के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है यदि वह दक्षिणी शहर रफाह में अपने जमीनी हमले का विस्तार करता है, जहां गाजा की आधी से अधिक आबादी ने शिविरों में शरण ले रखी है।

हमास ने कहा है कि वह बंधकों को तब तक रोककर रखेगा जब तक इजराइल अधिक स्थाई युद्ध विराम पर सहमत नहीं हो जाता, गाजा से अपनी सेना वापस नहीं ले लेता और शीर्ष चरमपंथियों सहित सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों को रिहा नहीं कर देता।

हमास ने सोमवार देर रात कहा कि उसने एक हालिया प्रस्ताव को खारिज कर दिया है जो उसकी मांगों को पूरा नहीं कर रहा था।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, युद्ध का कोई अंत नहीं दिख रहा है, जिसमें 32,000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। लड़ाई ने गाजा पट्टी के अधिकतर हिस्सों को बर्बाद कर दिया है, इसके अधिकतर निवासियों को विस्थापित कर दिया है और 23 लाख की आबादी में से एक तिहाई को भुखमरी के कगार पर पहुंचा दिया है।

अस्पताल के रिकॉर्ड और मृतकों के रिश्तेदारों के अनुसार, रफाह में एक आवासीय इमारत पर सोमवार देर रात इजराइली हमले में नौ बच्चों और चार महिलाओं सहित कम से कम 16 लोग मारे गए, जहां तीन विस्थापित परिवार शरण लिए हुए थे। एसोसिएटेड प्रेस के एक संवाददाता ने शवों को अस्पताल में आते देखा।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को मुस्लिमों के पवित्र महीने रमजान के दौरान गाजा में तत्काल युद्धविराम के प्रस्ताव को पारित किया।

हमास के बयान से कुछ समय पहले ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा में बंदी बनाए गए सभी लोगों की रिहाई और तत्काल युद्धविराम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

इस संबंध में मतदान से इजराइल और अमेरिका के बीच गतिरोध पैदा हो गया। अमेरिका ने सोमवार को मतदान में अपने वीटो अधिकार का इस्तेमाल नहीं करने का फैसला किया। जवाब में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की प्रस्तावित वाशिंगटन यात्रा को निरस्त कर दिया।

नेतन्याहू ने हमास की मांगों को खारिज कर दिया है।

फलस्तीनी चरमंथियों ने इजराइल में सात अक्टूबर को अचानक हमला कर लगभग 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी और करीब 250 लोगों को बंधक बना लिया था, जिसके बाद युद्ध शुरू हो गया। माना जाता है कि हमास ने अब भी लगभग 100 लोगों को बंधक बना रखा है।

## ट्रंप ने युद्ध खत्म करने का आग्रह किया

**एपी।** न्यूयॉर्क

**अमेरिका के** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि हमास द्वारा सात अक्टूबर को किए गए हमले के बाद वह भी इज़राइल की तरह ही प्रतिक्रिया देते, लेकिन उन्होंने उससे गाज़ा में जारी अपने हमलों को खत्म करने का आग्रह करते हुए कहा कि वह (इज़राइल) अंतरराष्ट्रीय समर्थन खो रहा है।

ट्रंप ने इज़राइली अखबार इज़राइल हयोम को दिए साक्षात्कार में कहा, आपको (इज़राइल को) अपना युद्ध खत्म करना होगा।

उन्होंने कहा, हमें शांति लानी होगी। आप इसे जारी नहीं रख सकते और मैं इज़राइल से बहुत सतर्क रहने के लिए कहूंगा, क्योंकि आप दुनिया का समर्थन खो रहे हैं।

ट्रंप का राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनना इस महीने की शुरुआत में लगभग तय हो गया। उन्होंने इज़राइल के हमले को लेकर वैश्विक आलोचना पर बात की। वह संघर्ष से निपटने के तरीके को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन पर कई बार निशाना साध चुके हैं। अखबार की ओर से प्रकाशित साक्षात्कार के मुताबिक, ट्रंप ने कहा कि गाज़ा में अपने हमले की तस्वीरें और वीडियो साझा कर इज़राइल ने बहुत बड़ी गलती की।

# ब्रिटेन की अदालत ने असांजे को अमेरिका प्रत्यर्पित करने में देर करने का आदेश दिया

**एपी।** लंदन

**ब्रिटेन की** एक अदालत ने मंगलवार को कहा कि जूलियन असांजे को जासूसी के आरोपों में तुरंत अमेरिका प्रत्यर्पित नहीं किया जा सकता, जिसे विकिलीक्स के संस्थापक के लिए एक आंशिक जीत माना जा रहा है।



उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों ने कहा कि जब तक अमेरिकी अधिकारी इस बारे में और आश्वासन नहीं देते कि असांजे (52) के साथ क्या किया जाएगा वे उन्हें (असांजे को) राहत प्रदान करेंगे।

इस निर्णय का यह मतलब है कि एक दशक से अधिक पुराना यह कानूनी प्रकरण जारी रहेगा। मामले को 20 मई के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया।

न्यायाधीश विक्टोरिया शार्प और जेरेमी जॉनसन ने कहा कि यदि अमेरिका कोई आश्वासन नहीं देता है तो वे असांजे को प्रत्यपर्ण के खिलाफ उन आधारों पर अपील की अनुमति देंगे, जिनमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन सहित उन्हें मृत्युदंड दिया जा सकना शामिल है।

उन्होंने कहा, यदि आश्वासन नहीं दिए जाते हैं तो हम आगे सुनवाई किए बिना अपील करने की अनुमति देंगे।

न्यायाधीशों ने कहा कि यदि आश्वासन दिए जाते हैं तो हम दोनों पक्षों को अंतिम फैसला करने से पहले आगे की दलील पेश करने का अवसर देंगे।

उच्च न्यायालय में फरवरी में, दो दिनों की सुनवाई के दौरान असांजे के वकील एडवर्ड फिजराल्ड ने कहा था कि अमेरिकी अधिकारी, असांजे को दंडित करने के लिए उन्हें प्रत्यर्पित करने की मांग कर रहे हैं।

अमेरिका की सरकार ने कहा है कि असांजे ने गोपनीय सरकारी दस्तावेज चोरी एवं प्रकाशित किए जिसने बेकसूर लोगों के जीवन को जोखिम में डाला।

आस्ट्रेलियाई कंप्यूटर विशेषज्ञ असांजे को विकिलीक्स के जरिए 2010 में हजारों गोपनीय दस्तावेज प्रकाशित करने के आरोपों को लेकर अमेरिका में आरोपित किया गया है।

असांजे की पत्नी और समर्थकों ने कहा है कि एक दशक से अधिक की कानूनी लड़ाई के दौरान उन्हें (असांजे को) शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ा है। इनमें लंदन स्थित इक्वाडोर के दूतावास में सात साल का स्व-निर्वासन और ब्रिटेन की राजधानी के बाहरी इलाके में स्थित एक उच्च सुरक्षा वाली जेल में गत पांच साल बिताना भी शामिल है।

# ईरान से सस्ती गैस आयात के लिए अमेरिकी पाबंदी से छूट मांगेगा पाक: पेट्रोलियम मंत्री

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान ने** पड़ोसी देश ईरान से सस्ती गैस आयात करने के लिए पाइपलाइन निर्मित करने की अरबों अमेरिकी डॉलर की परियोजना के खिलाफ अमेरिका के संभावित प्रतिबंधों से छूट मांगने का फैसला किया है। पेट्रोलियम मंत्री ने यह जानकारी दी। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, पेट्रोलियम मंत्री डॉ. मुसादिक मलिक ने कहा कि सरकार अरबों डॉलर की ईरान-पाकिस्तान गैस पाइपलाइन परियोजना के लिए अमेरिकी प्रतिबंधों से छूट मांगेगी। उन्होंने सोमवार शाम पत्रकारों से कहा, हम अमेरिकी प्रतिबंधों से छूट मांगेंगे।

पाकिस्तान गैस पाइपलाइन परियोजना पर प्रतिबंधों को वहन नहीं कर सकता। दक्षिण और मध्य एशिया मामलों के सहायक अमेरिकी विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने हाल में अमेरिकी संसद की सुनवाई में यह कहा था पाकिस्तान ने 1,150 किलोमीटर लंबी गैस पाइपलाइन के लिए अब तक छूट नहीं मांगी है, जिसके बाद यह घटनाक्रम हुआ। मलिक ने कहा कि सरकार लॉबिंग करने सहित संबद्ध मंचों पर तकनीकी, राजनीतिक और आर्थिक आधार पर पाकिस्तान के मामले को जोरदार ढंग से उठाएगी। उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि ईरान के साथ अनुबंध संबंधी दायित्वों का निर्वहन करते हुए परियोजना का कार्य जल्द शुरू होगा। मलिक की टिप्पणी विदेश कार्यालय के रुख के उलट है, जिसके प्रवक्ता ने पिछले हफ्ते संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि किसी तीसरे देश के साथ चर्चा करने या छूट पाने के लिए कोई गुंजाइश नहीं है।

खबर के अनुसार, एक अधिकारी ने कहा कि कार्यवाहक सरकार ने बदलती भू-राजनीतिक स्थिति के चलते अमेरिकी प्रतिबंधों से छूट के लिए अनुरोध करने में देर की, हालांकि इसके मसौदे को अंतिम रूप दे दिया गया था। पाकिस्तान और तेहरान ने ईरान के साउथ पार्स गैस क्षेत्र से 25 साल के लिए प्रति दिन 75 करोड़ घन फुट गैस की आपूर्ति के लिए मई 2009 में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

परियोजना में शुरूआत में भारत भी शामिल था और इसे भारत-पाकिस्तान-ईरान गैस पाइपलाइन नाम दिया गया था, लेकिन बाद में भारत इससे बाहर हो गया और यह पाकिस्तान एवं ईरान के बीच एक द्विपक्षीय परियोजना रह गई।

समझौते के अनुसार, परियोजना द्वारा जनवरी 2015 से गैस आपूर्ति शुरू किया जाना था। ईरान ने पाइपलाइन का 900 किमी से अधिक हिस्सा निर्मित कर लिया है, जबकि शेष 250 किमी हिस्से के निर्माण कार्य को पूरा किया जाना बाकी है।

# पीएमएल-एन नेता सनाउल्लाह ने गठबंधन सरकार के प्रति रुख को लेकर पीपीपी की आलोचना की

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** सत्तारूढ़ गठबंधन के घटकों के बीच पहली बार सार्वजनिक तौर पर बयानबाजी हुई है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के एक वरिष्ठ नेता ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की केंद्र में गठबंधन सरकार के प्रति उसके ैरवैऐ के लिए तीखी आलोचना की है।

जियो न्यूज के एक कार्यक्रम में पीएमएल-एन नेता राणा सनाउल्लाह ने कहा, ैसरकार के पूरे कार्यकाल के दौरान पीपीपी का रवैया ऐसा ही रहेगा। इंडस रिवर सिस्टम अथॉरिटी (आईआरएसए) के अध्यक्ष (की नियुक्ति) मुद्दे पर उनकी प्रतिक्रिया देखेंै

पाकिस्तान के पूर्व आंतरिक मंत्री सनाउल्लाह ने कहा कि यह स्पष्ट है कि बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व वाली पीपीपी कीै हर चीज पर अपने रुखै पर जोर देगी।

उन्होंने कहा, सहयोगियों की ओर से भी ऐसा ही रवैया अपनाने की धारणा आ रही है। हालाँकि, हम आगे बढ़ने की कोशिश करेंगेै

द न्यूज इंटरनेशनल की खबर के अनुसार, सनाउल्लाह की टिप्पणी संघीय सरकार के एक सेवानिवृत्त अधिकारी जफर महमूद को आईआरएसए अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सरकार के फैसले पर पीपीपी द्वारा कड़ी आपत्ति जताने के बाद आई है।

पीपीपी ने महमूद की तीन साल के कार्यकाल के लिए नियुक्ति को संवैधानिक प्रक्रियाओं का उल्लंघन बताया। पार्टी की चिंताओं के बाद, सरकार नियुक्ति से पीछे हट गई और शहबाज शरीफ ने सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह को नियुक्ति के संबंध में अधिसूचना वापस लेने का आश्वासन दिया।

सनाउल्लाह ने कहा कि पीपीपी को नियुक्ति पर मीडिया तक पहुंचने से पहले सीधे पीएमएल-एन से संपर्क करना चाहिए था। सनाउल्लाह ने कहा कि अगर शहबाज की जगह पीएमएल-एन प्रमुख नवाज शरीफ प्रधानमंत्री होते, तो उन्होंने कहा होता किैएक निर्णय लिया गया है और बाद में इसकी समीक्षा की जाएगी। आठ फरवरी के आम चुनावों में, शरीफ के नेतृत्व वाली पार्टी स्पष्ट बहुमत हासिल करने में विफल रही, हालांकि तकनीकी रूप से, यह 265 में से 75 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी थी।

# बाल्टीमोर में मालवाहक जहाज के टकराने से महत्वपूर्ण पुल गिरा, लोगों की तलाश जारी

**एपी।** बाल्टीमोर

**बाल्टीमोर में** सोमवार देर रात एक मालवाहक जहाज एक प्रमुख पुल से टकरा गया, जिससे पुल टूटकर नीचे नदी में गिर गया। इसकी वजह से कई वाहन ठंडे पानी में गिर गए और बचाव दल जीवित बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं।

यह स्पष्ट नहीं है कि मालवाहक जहाज किस कारण से सुबह के आवागमन से काफी पहले फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज से टकरा गया। इस घटना में दो लोगों को बचा लिया गया और यह स्पष्ट नहीं है कि और कितने लोग पानी में गिरे होंगे।

जहाज पुल के एक खंभे से टकरा गया, जिससे ढांचा कई बिंदुओं पर टूटकर कुछ ही सेकंड में पानी में गिर गया। किसी ने इस घटना का एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। इस दौरान जहाज में आग लग गई और उसमें से काला धुआं निकलने लगा।

बाल्टीमोर के मेयर ब्रैंडन स्कॉट ने इसे एक अकल्पनीय त्रासदी कहा। उन्होंने कहा, आपने कभी नहीं सोचा होगा कि आप इस पुल को धराशाई होते हुए देखेंगे। यह किसी एक्शन फिल्म जैसा लग रहा था।

इस बीच न्यूयार्क से मिली खबर के अनुसार पुल से टकराने वाले मालवाहक जहाज के चालक दल के सभी 22 सदस्य भारतीय हैं।

सिंगापुर के झंडे वाला कंटेनर जहाज ैडीएएलआईै स्थानीय समयानुसार रात लगभग 1:30 बजे बाल्टीमोर में फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज के एक खंभे से टकरा गया।

सिनर्जी मरीन ग्रुप द्वारा प्रदान की गई जहाज की जानकारी के अनुसार, जहाज के चालक दल के कुल 22 सदस्य थे और ए सभी भारतीय हैं।

जहाज का स्वामित्व ग्रेस ओशन प्राइवेट लिमिटेड के पास है और जहाज की आवाजाही बाल्टीमोर से कोलंबो तक थी।

# अमेरिका, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड ने चीन सरकार द्वारा समर्थित हैकरों पर लगाए आरोप

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिकी और** ब्रिटिश प्राधिकारियों ने चीनी सरकार से जुड़े हैकरों पर कई आपराधिक आरोप तथा प्रतिबंधों की घोषणा करते हुए सोमवार को कहा कि इन हैकरों ने सरकार के समर्थन से अमेरिकी अधिकारियों, पत्रकारों, कंपनियों, लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं और ब्रिटेन की चुनाव निगरानी संस्था को निशाना बनाया है। अधिकारियों ने कहा कि 2010 में शुरू हुए इस अभियान का उद्देश्य चीनी सरकार के आलोचकों को प्रताड़ित करना, अमेरिकी कंपनियों के व्यापार की खुफिया जानकारी चुराना और शीर्ष नेताओं की जासूसी करना है।

पश्चिमी देशों के अधिकारियों ने एपीटी31 नामक हैकर समूह के अभियान का खुलासा किया है। अमेरिका के न्याय विभाग ने संभवत: चीन में रह रहे सात हैकरों पर आरोप तय किए हैं। वहीं, ब्रिटिश सरकार ने उसके लाखों मतदाताओं के बारे में चुनाव आयोग के पास उपलब्ध जानकारी तक चीन की पहुंच होने से जुड़े एक उल्लंघन के संबंध में दो लोगों पर प्रतिबंध लगाए हैं।

अमेरिका के अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने एक बयान में कहा, न्याय विभाग जनता की सेवा करने वाले अमेरिकियों को धमकाने, अमेरिकी कानून द्वारा संरक्षण प्राप्त असंतुष्टों को चुप कराने या अमेरिकी कारोबार की



जानकारियां चुराने की चीनी सरकार की कोशिशों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

अभियोजकों ने बताया कि साइबर घुसपैठ के अभियान के तहत हैकरों ने दुनियाभर में निशाना बनाए गए लोगों को 10,000 से अधिक ईमेल भेजे, जो कथित तौर पर प्रमुख पत्रकारों द्वारा भेजे प्रतीत हुए लेकिन असल में उनमें हैकिंग कोड थे।

ब्रिटेन ने पिछले साल अगस्त में की गई इस घोषणा के बाद प्रतिबंध लगाए हैं कि शत्रु ताकतों ने 2021 से 2022 के बीच उसके सर्वर तक पहुंच हासिल कर ली थी। उस वक्त चुनाव आयोग ने बताया था कि इन आंकड़ों में उसके पंजीकृत मतदाताओं के नाम तथा पते शामिल हैं। ब्रिटेन के उप प्रधानमंत्री ओलिवर डाउडेन ने कहा कि उनकी सरकार इन कृत्यों के लिए चीन के राजदूत को तलब करेगी।

चीन के विदेश मंत्रालय ने इस घोषणा से पहले कहा था कि देशों को तथ्यात्मक आधार के बिना, दूसरों को बदनाम करने के बजाय सबूतों के आधार पर अपने दावे करने चाहिए।

इस बीच, न्यूजीलैंड के सुरक्षा मंत्री ने मंगलवार को कहा कि चीनी सरकार से संबद्ध हैकरों ने सरकार प्रायोजित अभियान शुरू किया, जिसके तहत 2021 में उनके देश की संसद को निशाना बनाया गया।

न्यूजीलैंड के मंत्री जूडिथ कोलिंस ने मीडिया को दिए एक बयान में कहा, दुनिया में कहीं भी लोकतांत्रिक संस्थाओं व प्रक्रियाओं में साइबर समर्थित जासूसी अभियान का हस्तक्षेप अस्वीकार्य है।

# चेन्नई सुपरकिंग्स के बल्लेबाजों का कमाल

## गुजरात टाइटन्स को 63 रनों से हराया

भाषा। चेन्नई

**चेन्नई सुपर किंग्स** (सीएसके) ने गुजरात को 63 रनों से हराया। इससे पहले रचिन रविंद्र (46 रन) की धमाकेदार शुरूआत के बाद शिवम दूबे (51 रन) के अर्धशतक से मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ छह विकेट पर 206 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। रचिन ने पावरप्ले का पूरा इस्तेमाल करते हुए 20 गेंद में छह चौके और तीन छक्के से 46 रन बनाए। उन्होंने और कप्तान रूतुराज गायकवाड़ (46) ने पहले विकेट के लिए 32 गेंद में 62 रन की साझेदारी कर शानदार शुरूआत कराई। फिर दूबे ने 23 गेंद में 51 रन (दो चौके, पांच छक्के)



जड़कर गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में मदद की। इसके बाद 7.60 करोड़ रुपए में खरीदे गए समीर रिज्वी ने आते ही कमाल कर दिया और छह गेंद में दो छक्के से 14 रन बनाकर आईपीएल में यादगार पदार्पण किया। उन्होंने ए दोनों छक्के राशिद खान (49 रन देकर दो विकेट) पर जड़े। सीएसके प्रशंसकों में लोकप्रिय बन चुके रचिन ने अपने स्ट्रोक्स से सभी का भरपूर मनोरंजन किया। हालांकि वह फिर अपने अर्धशतक से चूक गए।

रचिन ने उमेश यादव पर स्कायर पर और लांग ऑफ पर दो तथा अजमतुल्लाह ओमरजई पर एक छक्का जड़कर गुजरात टाइटन्स के गेंदबाजों को सोचने पर मजबूर कर दिया। रचिन ने कुछ शानदार कवर ड्राइव भी लगाए। गुजरात टाइटन्स के महत्वपूर्ण गेंदबाज राशिद खान ने सीएसके को पहला झटका विकेटकीपर रिद्धिमान साहा की मदद से दिया। रचिन बड़ा शॉट लगाने के प्रयास कर रहे थे और साहा ने उन्हें स्टंप आउट कर दिया। साहा ने फिर साई किशोर की गेंद पर अजिंक्य रहाणे को भी स्टंप आउट किया। गायकवाड रचिन जितनी तेजी से रन नहीं जुटा रहे थे लेकिन उन्होंने भी अपनी पारी के दौरान पांच चौके और एक छक्के से 46 रन बनाए। हालांकि वह साहा का तीसरा शिकार बन गए वह स्पेंसर जॉनसन की गेंद को पुल करने की कोशिश कर रहे थे और इस विकेटकीपर ने उनका कैच लपक लिया। दूबे की पारी शानदार रही जिसमें उन्होंने साई किशोर पर दो गगनदाई छक्के जड़े और जॉनसन की गेंद पर भी छक्का जमाया। दूबे ने डेरिल मिचेल (20 गेंद में 24 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 5.5 ओवर में 57 रन की साझेदारी निभाई।

### स्कोरबोर्ड

**चेन्नई सुपर किंग्स** : रूतुराज का साहा बो जॉनसन 46, रचिन स्ट साहा बो राशिद खान 46,रहाणे स्ट साहा बो साई किशोर 12, दूबे का शंकर बो राशिद खान 51 ,मिचेल रन आउट 24, रिज्वी का मिलर बो शर्मा 14,जडेजा नाबाद 07, **अतिरिक्त** : 06, **कुल** : 20 ओवर में छह विकेट पर 206 रन ,**विकेट पतन** :1-62, 2-104, 3-127, 4-184, 5-199, 6-206,**गेंदबाजी** : ओमरजई 3-0-30-0,उमेश 2-0-27-0,राशिद 4-0-49-2,साई 3-0-28-1, जॉनसन 4-0-35-1,शर्मा 4-0-36-1

# मैं अब भी टी-20 क्रिकेट के काबिल हूं और मैं इसके बढ़ावे में जुटा : कोहली

**बेंगलुरु।** अमेरिका और वेस्टइंडीज में इस साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए विराट कोहली की भारतीय टीम में जगह को लेकर चल रही चर्चा के बीच इस दिग्गज बल्लेबाज ने कहा कि वह अब भी इस प्रारूप में खेलने के काबिल हैं। कोहली अपने बेटे के जन्म के कारण दो महीने तक क्रिकेट से बाहर रहे। उन्होंने सोमवार को आईपीएल मैच में 49 गेंद पर 77 रन बनाए जिससे उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स को हराकर अपना खाता खोला। कोहली को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने मैच के बाद कहा, मैं जानता हूं कि इन दिनों जब भी टी20 क्रिकेट की बात आती है तो दुनिया के कई हिस्सों में मेरा नाम खेल को बढ़ावा देने से जोड़ दिया जाता है। लेकिन मैं अब भी इसके काबिल हूं। पूर्व भारतीय कप्तान को कुछ भी साबित करने की जरूरत नहीं है लेकिन उनका मानना है कि टी20 प्रारूप में अपने खेल में लगातार सुधार करने की जरूरत होती है। कोहली से जब तेज गेंदबाजों के खिलाफ ऑफ साइड में हवा में शॉट खेलने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, आपको अपने खेल में हमेशा कुछ नया जोड़ना होता है। लोग जानते हैं कि मैं कवर ड्राइव अच्छी तरह से खेलता हूं इसलिए वह मुझे खाली स्थान पर शॉट नहीं लगाने देंगे।

## विराट ने भारतीय क्रिकेटरों को उत्कृष्ट एथलीट में बदल दिया : केविन पीटरसन



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने मंगलवार को कहा कि फिटनेस को बेहद तवज्जो देने वाले विराट कोहली ने अपने साथी क्रिकेटरों को उत्कृष्ट एथलीट बना दिया और साथ ही भारतीय क्रिकेट में अविश्वसनीय बदलाव का श्रेय भी इस पूर्व कप्तान को दिया। पीटरसन ने इससे पहले कहा था कि कोहली को उनके व प्रदर्शन की परवाह किए बिना खेल की भलाई के लिए अमेरिका और वेस्टइंडीज मे होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चुना जाना चाहिए। आईपीएल मे सोमवार को आरसीबी को पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले कोहली ने इसके बाद कहा था कि वह अब भी छोटे प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन करने की काबिलियत रखते है और उन्हें केवल इस खेल को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के रूप मे नहीं देखा जाना चाहिए।कोहली की प्रतिक्रिया के बाद पीटरसन ने कहा, एक बात जो हर कोई याद रखेगा और जो खिलाड़ी के रूप मे उनकी सबसे अच्छी यादें होंगी, वह है पारी को अंजाम तक पहुंचाना और सर्वकालिक महान फिनिशर में से एक होना।

## शीर्ष रैंकिंग गोल्फर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से चूक सकते हैं: लाहिड़ी

**गुरुग्राम।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी को लगता है कि लिव गोल्फ और आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग के बीच गतिरोध के कारण कई शीर्ष रैंकिंग के गोल्फर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नही कर पाएंगे। लाहिड़ी का कहना है कि यह दुनिया भर मे कुछ कदम उठाने के लिए सही समय साबित हो सकता है। लाहिड़ी सऊदी अरब द्वारा आयोजित की जानी वाली एलआईवी गोल्फ प्रतियोगिताओ में खेलते है जिसे आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग द्वारा मान्यता प्राप्त नही है।

## राष्ट्रीय खो-खो में भाग लेंगे 1300 से अधिक खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** देश भर के 1300 से अधिक खिलाड़ी बुधवार से यहां शुरू होने वाली राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप में भाग लेंगे। भारतीय खो-खो महासंघ की यहां जा रही है विज्ञप्ति के अनुसार दिल्ली में पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 37 राज्यो और केंद्र शासित प्रदेशों की 73 टीमों के 1332 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।प्रतियोगिता का आयोजन करनैल सिंह स्टेडियम और इंदिरा गांधी खेल परिसर के केडी सिंह जाधव इंडोर स्टेडियम मे किया जाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया विश्व कप क्वालीफायर्स के अंतिम दौर में

**कैनबरा (ऑस्ट्रेलिया)।** ऑस्ट्रेलिया ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को यहां लेबनान को 5-0 से करारी शिकस्त दी, जिससे वह फुटबॉल विश्व कप 2026 के एशियाई क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में जगह बनाने वाली पहली टीम बन गई। ऑस्ट्रेलिया की ग्रुप आई मे यह लगातार चौथी जीत है जिससे उसने दो मैच शेष रहते ही अगले दौर मे जगह बनाई। फलस्तीन ने एक अन्य मैच में बांग्लादेश को 1-0 से हराकर पहली बार क्वालीफाइंग के अंतिम दौर मे पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। फलस्तीन ग्रुप आई मे ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरे स्थान पर है। उसके सात अंक है जो तीसरे नंबर की टीम लेबनान से पांच अधिक है। प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम अंतिम दौर मे जगह बनाएंगी।

## तेज रफ्तार वालों को लुभाएगा मैल्ट्स

**बेंगलुरू।** भारत के सबसे पसंदीदा और भरोसेमंद ब्रांड ने अपने बैस्टसैलर मैल्ट्स को भारत भी उतारा है ,इसके साथ ही इस ब्रांड ने एक नई श्रेणी में कदम रख दिया है। तेज रफ्तार ज़िंदगी जीने वालों के लिए मैल्ट्स उचित पेशकश है, इसे किसी भी समय कहीं भी खाया जा सकता है। पिज़्ज़ा हट इंडियन सबकॉन्टिनेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर मेरिल पेरेरा ने कहा कि ष्मैल्ट्स एक ऐसा प्रोडक्ट है जैसा अब तक भारत में पेश नहीं किया गया है और इसके साथ हमने एकदम नई श्रेणी में कदम रखा है। ऐसा ज़ायक़ेदार प्रोडक्ट पेश करते हुए हम बेहद रोमांचित हैं जो खाने में इतना सुविधाजनक है कि हमारे जो ग्राहक तेज रफ्तार ज़िन्दगी जीते हैं वे इसे किसी भी वक्त कहीं भी खा सकते हैं।

## शाकिब की बांग्लादेश की टीम में वापसी

**सिलहट (बांग्लादेश)।** आल राउंडर शाकिब अल हसन को आंख की समस्या के बाद फिट पाए जाने के बाद शनिवार को चटगांव में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए बांगलदेश की टीम में शामिल किया गया। बांग्लादेश पहला टेस्ट चार दिन में 328 रन से हार गया था। शाकिब नवंबर में भारत मे हुए विश्व कप के बाद से राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं। उन्होंने 82 रन बनाए और दो विकेट लिए थे जिससे टीम ने श्रीलंका को हरा दिया था। लेकिन उनके बाएं हाथ की तर्जनी उंगली चोटिल हो गई थी और नजर संबंधित समस्या का भी पता चला था।

# जीत की तलाश में एक दूसरे से भिड़ेंगे मुंबई और हैदराबाद

## आज होगा मुकाबला

भाषा। हैदराबाद



**मुंबई इंडियंस** और सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने शुरुआती मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा और बुधवार को जब यह दोनों टीम आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य जीत दर्ज करके खाता खोलना होगा। पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस की शुरुआत हमेशा की तरह अच्छी नहीं रही। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में जीत की स्थिति में होने के बावजूद आखिर में उसे हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में हालांकि जसप्रीत बुमराह के शानदार गेंदबाजी, डेवाल्ड ब्रेविस की प्रभावशाली पारी और शीर्ष क्रम में रोहित शर्मा का उपयोगी योगदान उसके लिए सकारात्मक पहलू रहे। मुंबई को एक समय 36 दिन पर 48 रन की जरूरत थी और उसके सात विकेट बचे हुए थे लेकिन वह इसे हासिल नहीं कर पाया जो टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय होगा। पहली बार मुंबई की कप्तानी कर रहे हार्दिक पंड्या सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे लेकिन उनकी यह रणनीति नहीं चल पाई। उन्हें इस पर फिर से विचार करना होगा क्योंकि पिछले साल गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए, उन्होंने उपरी क्रम में अच्छा प्रभाव छोड़ा था। सलामी बल्लेबाज इशान किशन केवल चार गेंद का सामना कर पाए थे और अब टीम को उनसे अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी। टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें विकेट के आगे और विकेट के पीछे अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय टीम में वापसी के लिए अपना दावा मजबूत करना होगा। मुंबई को इसके अलावा स्पिनर शम्स मुलानी और पीयूष चावला से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। जहां तक सनराइजर्स की बात है तो पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पिछले मैच में हेनरिक क्लासेन की शानदार पारी से एक समय जीत की उम्मीद जगा दी थी लेकिन दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज को अन्य बल्लेबाजों का पर्याप्त सहयोग नहीं मिला।

# भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी

भाषा। मेलबर्न


**भारत और** ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला 22 नवंबर को पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में शुरू होगी। ऑस्ट्रेलिया अमूमन अपने सत्र का पहला टेस्ट मैच एडिलेड ओवल में खेलता रहा है लेकिन भारत के खिलाफ वहां दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा जो 6 से 10 दिसंबर तक चलेगा। यह दिन रात्रि मैच होगा। तीसरा टेस्ट मैच 14 से 18 दिसंबर के बीच ब्रिस्बेन में खेला जाएगा जबकि मेलबर्न हमेशा की तरह 26 से 30 दिसंबर के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। सिडनी में नए साल पर 3 से 7 जनवरी के बीच पांचवा और अंतिम टेस्ट मैच खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को अगली गर्मियों के लिए अपने क्रिकेट कार्यक्रम की घोषणा की। भारत के खिलाफ श्रृंखला इसका हिस्सा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कार्यक्रम प्रमुख पीटर रोच ने कहा कि पर्थ को पहले टेस्ट की मेजबानी का अधिकार देने के पीछे सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक इसका दोनों देशों के दर्शकों के लिए अनुकूल प्रसारण क्षेत्र का होना है। हमारी राष्ट्रीय टीम की स्पष्ट सलाह है कि टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत उन स्थानों पर की जानी चाहिए, जहां वे अधिक सहज हों तथा पर्थ और ब्रिस्बेन इस तरह के स्थान हैं जहां उन्हें अधिक फायदा मिल सकता है। इससे पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को घोषणा की थी की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली यह श्रृंखला पांच टेस्ट मैच की होगी। यह 1991-92 के बाद पहला अवसर होगा जबकि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला खेली जाएगी।

## हॉकी इंडिया पुरस्कारों में कई वर्गों के पुरस्कार की दौड़ में श्रीजेश, सविता, हरमनप्रीत

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने 31 मार्च को यहां होने वाले अपने सालाना पुरस्कार समारोह के लिए नामांकित खिलाड़ियों की घोषणा की जिसमें अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश और सविता पूनिया क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं। पूर्व कप्तान श्रीजेश और पूनिया भारत के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं जिससे उन्हें वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर पुरस्कार के लिए भी नामांकित किया गया है।

भारत की पुरुष टीम के कप्तान और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह को भी दो वर्गों के पुरस्कारों में नामांकित किया गया है। वह वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के साथ वर्ष के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर पुरस्कार के लिए भी दावेदार होंगे। दोनो वर्गों में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए 25-25 लाख रुपए जबकि गोलकीपिग ट्रॉफी जीतने वाले खिलाड़ी को पांच लाख रुपए मिलेंगे। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार आठ वर्गों मे कुल 32 खिलाड़ियो को नामांकित किया गया है और पुरस्कारों की कुल राशि 7.56 करोड़ रुपए होगी। हॉकी इंडिया ने कहा, हॉकी इंडिया मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार में 30 लाख रुपए का सबसे बड़ा नकद पुरस्कार होगा जो वर्षों से खेल मे असाधारण योगदान करने वाले खिलाड़ी को दिया जाएगा। अंडर-21 खिलाड़ियो के लिए वर्ष के उभरते हुए पुरुष खिलाड़ी के लिए जुगराज सिंह पुरस्कार और वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी के लिए असुंता लाकड़ा पुरस्कार दिया जाएगा जिसमें प्रतएक को 10 लाख रुपए का नकद पुरस्कार मिलेगा।

## खेल मंत्रालय ने बजरंग को वित्तीय सहायता को मंजूरी दी



**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर होने के बावजूद पहलवान बजरंग पूनिया के वित्तीय सहायता प्रदान करने के अनुरोध को मंगलवार को मंजूरी दे दी और साथ ही उनके कंडीशनिंग कोच काजी किरण मुस्तफा हसन का कार्यकाल मई के अंत तक बढ़ा दिया। पूनिया भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियो मे शामिल थे। वह हाल मे आयोजित किए गए ट्रायल्स में 65 किग्रा भार वर्ग मे शीर्ष चार में जगह बनाने में नाकाम रहे थे। इन ट्रायल्स के आधार पर एशियाई चैंपियनशिप और एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर्स के लिए टीम का चयन किया गया था। मंत्रालय ने यहां जारी विज्ञप्ति मे कहा, मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने पहलवान बजरंग पूनिया के वित्तीय सहायता प्रदान करने तथा अपने कंडीशनिंग कोच काजी किरण मुस्तफा हसन का कार्यकाल मई के अंत तक बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय ने हालांकि यह नही बताया कि कितनी धनराशि मंजूर की गई है। पूनिया के अलावा मंत्रालय ने टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला के ओलंपिक से पहले चीनी ताइपे मे अभ्यास करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के आग्रह को भी मंजूरी दी।

## साथियान 43 पायदान की छलांग लगाकर 60वें स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी जी साथियान पिछले सप्ताह बेरूत मे खेली गई प्रतियोगिता मे अच्छा प्रदर्शन करने के दम पर मंगलवार को जारी विश्व रैंकिंग मे 43 पायदान की छलांग लगाकर 60वें स्थान पर पहुंच गए जबकि महिला वर्ग मे खिताब जीतने वाली श्रीजा अकुला अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 40वीं रैंकिंग पर पहुंच गई है। साथियान हाल मे रैंकिंग में शीर्ष 100 से बाहर हो गए थे। बेरूत मे खिताब जीतने पर उन्हें 125 अंक मिले। इस बीच अनुभवी शरत कमल एक पायदान नीचे 35वें स्थान पर खिसक गए है लेकिन वह भारतीय खिलाड़ियों में चोटी पर बरकरार है। मानव ठक्कर और हरमीत देसाई भी शीर्ष 100 में शामिल हैं। मानव 11 पायदान ऊपर 63वें जबकि हरमीत दो पायदान नीचे 67वें स्थान पर हैं। महिला एकल रैंकिंग मे मनिका बत्रा 38वें स्थान पर बनी हुई है जबकि अर्चना कामत 13 पायदान आगे 99वें स्थान पर पहुंच गई है।

## आस्ट्रेलिया में पेशेवर फुटबॉल खेलने वाली पहली भारतीय फुटबॉलर बनेंगी चानू



**कोलकाता।** मणिपुर की गोलकीपर एलंगब पंथोई चानू गुरुवार से शुरू होने वाली साउथ आस्ट्रेलियन वुमैन्स नेशनल प्रीमियर लीग में मेट्रो यूनाईटेड डब्ल्यूएफसी का प्रतिनिधित्व करेंगी जिससे वह आस्ट्रेलिया में पेशेवर फुटबॉल खेलने वाली पहली भारतीय फुटबॉलर बन जाएंगी। इम्फाल के करीब केराक गांव मे रहने वाली 26 वर्षीय पंथोई चानू ने पिछली बार जब अपना सामान पैक किया था तो वह मणिपुर में चल रही हिंसा से बचकर भागने के लिए किया था। भारत की यह गोलकीपर बुधवार को तड़के एडीलेड के लिए रवाना होगी और आस्ट्रेलिया की महिला फुटबॉल लीग में मेट्रो यूनाईटेड का प्रतिनिधित्व करेंगी जिसके लिए उनका पूरे सत्र का अनुबंध नवंबर तक का है और वह इसमें करीब 18 मैच खेलने के लिए तैयार है। मेट्रो यूनाईटैड डब्ल्यूएफसी के मुख्य कोच पॉल मौरिस ने कहा कि वह ए लीग क्लब एडीलेड यूनाईटेड एफसी में ट्रेनिंग लेगी। पंथोई ने मणिपुर की हिंसा के बारे में बात करते हुए पीटीआई से कहा, हमारी रातो की नींद उड़ गई थी। केराक से करीब 20 किलोमीटर दूर सबकुछ उजड़ गया था। लेकिन भगवान का शुक्र है कि अब सब कुछ सामान्य है। भारत की गोलकीपर बनने तक की उनकी यात्रा उतार चढ़ाव भरी रही जिसमें उन्हें करियर के लिए खतरनाक बनी चोटो से जूझना पड़ा और साथ ही इस दौरान उन्होने सामाजिक कायदो के बंधनो को भी तोड़ा। उनके पिता ई चिंगलेनखोम्बा मैतेई और मां ई ओंगबी सैटी लीमा चाहते थे कि पंथोई अपने बड़े भाई ई चिंगसंग्लकपा मैतेई के नक्शेकदम पर चले जो डॉक्टरी की पढ़ाई कर रहे है।

## ओलंपिक निशानेबाजी ट्रायल्स अप्रैल और मई में

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने मंगलवार को पिस्टल और राइफल निशानेबाजो की एक सूची जारी की जो नई दिल्ली और भोपाल में ओलंपिक निशानेबाजी ट्रायल्स मे हिस्सा लेंगे। ओलंपिक कोटा विजेता निशानेबाज ट्रायल मे देश के शीर्ष क्रम के निशानेबाजों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसमे चार ट्रायल्स की एक श्रृंखला होगी लेकिन शीर्ष तीन के अंक से ही फैसला किया जाएगा। पहले दो चरण नई दिल्ली के कर्णी सिंह शूटिंग रेंज मे 18-27 अप्रैल तक कराए जाएंगे। तीसरे और चौथे चरण का ट्रायल 10 से 19 मई तक मध्य प्रदेश निशानेबाजी अकादमी मे होगा। पर इस सूची मे एयर पिस्टल महिला वर्ग मे निशानेबाजो का जिक्र नही है। एनआरएआई ने कहा, ब्राजील के रियो मे आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैम्पियनशिप के आयोजन के तुरंत बाद इन्हें कराया जाएगा। ओलंपिक कोटा स्थान हासिल कर चुके एयर पिस्टल और एयर राइफल निशानेबाजो को एक बोनस अंक मिलेगा। लेकिन 50 मीटर राइफल और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के मामले मे ओलंपिक कोटा विजेताओ के स्कोर मे दो बोनस अंक जुड़ जाएंगे। भारत अब तक निशानेबाजी मे रिकॉर्ड 19 ओलंपिक कोटे हासिल कर चुका है।

# बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में



## मियामी ओपन टेनिस

भाषा। मियामी गार्डन्स (अमेरिका)

**भारतीय टेनिस खिलाड़ी** रोहन बोपन्ना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने यहां एक संघर्ष पूर्ण मुकाबले में ह्यूगो निस और जान जलिंस्की को हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और एब्डेन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने सोमवार की रात खेले गए एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में मोनेगास्क के निस और पोलैंड के जलिंस्की को 7-5, 7-6 (3) से पराजित किया। यह मुकाबला एक घंटा 39 मिनट तक चला। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी का अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के जॉन पैट्रिक स्मिथ और नीदरलैंड के सेम वर्बीक से होगा।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन बोपन्ना और एब्डेन ने चार ऐस लगाए और अपनी पहली सर्व पर 84 प्रतिशत (37144) अंक जीते। मैच में शुरू से लेकर आखिर तक दोनों जोड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। बोपन्ना और एब्डेन ने पहले सेट के 11वें गेम में ब्रेक प्वाइंट लेकर 6-5 से बढ़त बना दी। अगले गेम में उन्होंने दो ब्रेक प्वाइंट बचाकर पहला सेट अपने नाम किया।दूसरे सेट में दोनों जोड़ियों ने अपनी सर्विस बचाकर इसे टाइब्रेकर का खींच दिया। टाइब्रेकर में निस और जलिंस्की ने डबल फाल्ट किया जिसका फायदा उठाकर बोपन्ना और एब्डेन ने यह सेट और मैच जीत लिया।

## स्वियातेक और कोको गॉफ बाहर

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका)।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक और कोको गॉफ मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। स्वियातेक को एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने 6-4, 6-2 से जबकि तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ को कैरोलिन गार्सिया ने 6-3, 1-6, 6-2 से हराया। पुरुषों के वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कराज ने गेल मोनफिल्स पर 6-4, 6-2 से जीत दर्ज करके अगले दौर में जगह बनाई। अल्कराज का अगला मुकाबला लोरेंजो मुसेटी से होगा, जिन्होंने बेन शेल्टन को 6-4, 7-6 (5) से हराया।पुरुष वर्ग के अन्य मुकाबलों में चौथी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने क्रिस्टोफर यूबैंक्स को 7-6 (4), 6-3 से और नौवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 7-6 (3), 6-4 से हराया।



## लोमरोर को अजीब लगती है इंपैक्ट प्लेयर की भूमिका



**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बल्लेबाज महिपाल लोमरोर को इंपैक्ट प्लेयर की भूमिका अजीब लगती है लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ सोमवार को उन्होंने इसे अच्छी तरह से निभाया। आरसीबी जब 177 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहा था तब उसने यश दयाल की जगह लोमरोर को इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतारा, जिन्होंने 8 गेंद पर 17 रन बनाए और दिनेश कार्तिक (28) के साथ 47 रन जोड़कर अपनी टीम को चार विकेट से जीत दिलाई। यह पहला अवसर था जबकि लोमरोर इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतरे और उन्हें यह भूमिका अजीब लगी। लोमरोर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, ईमानदारी से कहूं तो जब मैं बल्लेबाजी के लिए गया तो काफी अजीब लग रहा था। इंपैक्ट प्लेयर का नियम ऐसा है कि आपको हर समय तैयार रहना होता है क्योंकि किसी भी समय आपको मैदान पर उतरने के लिए कहा जा सकता है। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि टीम प्रबंधन ने उन्हें पहले ही बता दिया था कि पंजाब किंग्स के खिलाफ उनका उपयोग स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में किया जा सकता है। उन्होंने कहा, जिस तरह से इंपैक्ट प्लेयर के साथ इंपैक्ट (प्रभाव) जुड़ा है तो आपको मैदान पर उतरते ही अपना प्रभाव छोड़ना पड़ता है। टीम प्रबंधन ने कल रात इस पर बात की थी।

# हरियाणा राष्ट्रीय सब जूनियर मुक्केबाजी में चैंपियन बना



**ग्रेटर नोएडा।** हरियाणा यहां मुक्केबाजी सब जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में लड़कों और लड़कियों दोनों में टीम खिताब के साथ कुल 19 पदक जीतकर चैम्पियन बना। लड़कियों के वर्ग में मौजूदा चैम्पियन हरियाणा ने 64 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर रहकर अपने खिताब का बचाव किया। उसने सात स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। हरियाणा की सात में से छह मुक्केबाजों ने आसानी से 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से जीत हासिल की। दिया (61 किग्रा) ने दिल्ली की यशिका को 5-0 से हराया और सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज चुनी गईं। उनके अलावा बालिका वर्ग में उसके लिए भूमि (35 किग्रा), निश्चल शर्मा (37 किग्रा), राखी (43 किग्रा), नैतिक (52 किग्रा), नव्या (55 किग्रा) और सुखरीत (64 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। दिल्ली 34 अंक से दूसरे और महाराष्ट्र 31 अंक से तीसरे स्थान पर रहा। दिल्ली ने एक स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक जबकि महाराष्ट्र ने एक स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक जीते। अरुणाचल प्रदेश की कांस्य पदक विजेता हिलांग (37 किग्रा) बालिका वर्ग में सबसे होनहार मुक्केबाज का पुरस्कार जीतने में सफल रहीं। लड़कों के वर्ग में हरियाणा ने छह स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य से कुल नौ पदक जीते जिससे वह 62 अंक लेकर पहले स्थान पर रहा।

# विश्व कप क्वालीफायर: अफगानिस्तान ने भारत को 2-1 से हराया

## छेत्री का 150वां अंतरराष्ट्रीय मैच

भाषा। गुवाहाटी

निचली रैंकिंग की अफगानिस्तान ने मंगलवार को यहां 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में भारत को 2-। से शिकस्त दी जिससे घरेलू टीम को हाल के वर्षों में अपनी सबसे शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। भारत के करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री के अपने 150वें मैच में 94वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा लेकिन इसके बावजूद घरेलू टीम हार गई। उन्होंने 37वें मिनट में पेनल्टी पर गोल दागा। विश्व कप और 2027 एएफसी एशियाई कप के संयुक्त क्वालीफायर के दूसरे चरण में भारत के घरेलू मैच में अफगानिस्तान ने 71वें मिनट में रहमत अकबरी के गोल से बराबरी हासिल कर ली। फिर घरेलू टीम को झटका लगा जब गुरप्रीत सिंह को पीला कार्ड दिखाया गया। इसके बाद मिली पेनल्टी पर शरीफ मुखम्मद ने 88वें मिनट में अपनी टीम को निर्धारित समय में केवल दो मिनट रहते 2-। की बढ़त दिलाकर जीत दिलाई।

## छेत्री को 150वें मैच से पहले सम्मानित किया गया



**गुवाहाटी।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने स्टार फुटबॉलर सुनील छेत्री को मंगलवार को यहां अफगानिस्तान के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में अपना 150वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए सम्मानित किया। छेत्री ने 37वें मिनट मे पेनल्टी पर गोल करके इस मौके को यादगार बना दिया जो उनका 94वां अंतरराष्ट्रीय गोल था। इससे वह गोल करने वाले सक्रिय खिलाड़ियों की सूची में तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। छेत्री के नाम एक अनोखा रिकॉर्ड भी है। यह 39 वर्षीय खिलाड़ी भारत के लिए अपने पहले, 25वें, 50वें, 75वें, 100वें, 125वें और मंगलवार को 150वें मैच मे कम से कम एक गोल कर चुका है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे, असम फुटबॉल संघ के सचिव संगरंग ब्रह्मा, एआईएफएफ तकनीकी समिति के अध्यक्ष आई एम विजयन उन गणमान्य व्यक्तियों मे शामिल थे जिन्होने इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम मे मैच शुरू होने से पहले भारतीय कप्तान छेत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किए। छेत्री ने पहली बार राष्ट्रीय टीम की सीनियर जर्सी 12 जून 2005 को पाकिस्तान के खिलाफ एक मैत्री मैच के दौरान पहनी थी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।